WWW.NAVPRADESH.COM
दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रायपुर, शुक्रवार, 17 अक्टूबर 2025 | कृष्ण पक्ष- एकादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 | अंक- 242 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

देश का सबसे बड़ा नक्सल सरेंडर आज

जगदलपुर में बड़ा समर्पण समारोह: सीएम- डिप्टी सीएम के समक्ष माड़ डिवीजन और कंपनी नंबर 5 के सैकड़ों नक्सली करेंगे सरेंडर

रायपुर/जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर में शुक्रवार 17 अक्टूबर को देश का नक्सलियों के सबसे बड़े समर्पण समारोह की तैयारी पूरी हो चुकी है। सीएम विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम विजय शर्मा के सामने जगदलपुर पुलिस लाइन में लगभग डेढ़ सौ नक्सली सरेंडर करेंगे। राज्य में अब नक्सलवाद अपने अंतिम चरण में है या यूं कहें कि वो आखिरी सांसें गिन रहा है।

सरेंडर कर रहे माड़ डिविजन के सौ से ज्यादा नक्सली और कांकेर क्षेत्र में सक्रिय बटालियन नंबर 5 के नक्सली शामिल होंगे। मिली जानकारी के मुतबिक, कांकेर जिले में गुरुवार की सुबह ही कामतेड़ा कैंप में लगभग 60 नक्सली सरेंडर करने के लिए पहुंच गए हैं। इनमें बटालियन ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था

इन 130 नक्सलियों में से 70 से ज्यादा नक्सली हथियारों के साथ सरेंडर कर सकते हैं। बताया जाता है कि नक्सलियों की पूरी माड़ डिवीजन की टीम इंद्रावती नदी पार करके भैरमगढ़ पहुंचेगी। बीजापुर जिला प्रशासन ने रुपेश समेत समर्पण करने वाले 130 नक्सलियों को लाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है। इंद्रावती नदी से भैरमगढ़ तक चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच सभी नक्सली हथियार डालने के लिये पहुंचेंगे। किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए पुलिस और सुरक्षा बलों ने इलाके को सील कर दिया है।

20 महीने में 1,876 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि पिछले 20 महीनों में अब तक 1,876 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। समाज की मुख्यधारा से जुड़ कर सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ ले रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में और भी माओवादी इस सकारात्मक रास्ते को अपनाएंगे।

नियद नेल्लानार योजना का असर

आत्मसमर्पण करने वालों में 10 महिलाएं और 17 पुरुष माओवादी शामिल हैं। प्रशासन के अनुसार, आत्मसमर्पित नक्सलियों पर अलग-अलग स्तर पर इनाम घोषित था। एक पर 10 लाख, तीन पर आठ-आठ लाख रुपये, एक पर तीन लाख रुपये, दो पर दो-दो लाख रुपये और नौ पर एक-एक लाख रुपये घोषित था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लगातार चल रही छत्तीसगढ़ नवसंकल्प आत्मसमर्पण नीति और नियदनेल्लानार योजना का असर अंदरूनी इलाकों में साफ दिख रहा है।

गृहमंत्री शर्मा बोले- रेड कार्पेट बिछाकर करेंगे स्वागत

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय की मौजूदगी में 17 अक्टूबर शुक्रवार को जगदलपुर में 140 से ज्यादा नक्सली सरेंडर करेंगे। माओवादी नेता रूपेश के नेतृत्व में नक्सली 100 से अधिक हथियारों के साथ आत्मसमर्पण करेंगे। हम नक्सलियों का रेड कार्पेट बिछाकर स्वागत करेंगे। जगदलपुर में ऑफिशियल सरेंडर अनाउंस होंगे। पुलिस महकमा इसकी तैयारी में जुटा हुआ है। गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में नक्सली सरेंडर करना चाहते हैं। बस्तर की ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

नक्सलवाद अब अंतिम सांसें ले रहा: अमित शाह

नई दिल्ली/रायपुर/ वार्ता। गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ को नक्सल मुक्त घोषित करते हुए बताया कि दो दिन में 258 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने इसे मोदी सरकार की नीति की बड़ी सफलता बताया और कहा कि नक्सलवाद अब अपने अंत की ओर बढ़ रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ के उत्तर बस्तर स्थित अबूझमाड़ के पहाड़ी जंगल इलाके को नक्सल मुक्त घोषित कर दिया। यह बड़ी घोषणा उस वक्त की गई जब 170 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने का फैसला किया। शाह ने इन सभी का स्वागत करते ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

दोहराई नीति

इस बात की जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दी। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आज छत्तीसगढ़ में 170, कल 27 और महाराष्ट्र में 61 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। दो दिन में कुल 258 कट्टर नक्सलियों ने हिंसा छोड़ दी है। शाह ने ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

एनकाउंटर केस में सरकार की जीत

हाई कोर्ट ने की नक्सली के बेटे की याचिका खारिज

बिलासपुर/नवप्रदेश। नक्सली एनकाउंटर मामले में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। इस फैसले में शासन की बड़ी जीत हुई है। नक्सली रामचन्द्र रेड्डी के एनकाउंटर के मामले में बेटे की तरफ से दायर याचिका को कोर्ट ने ख़ारिज कर दिया है। शासन के तर्क और नेशनल ह्यूमन राइट्स की

प्रक्रिया को हाईकोर्ट ने सही पाया है।

छत्तीसगढ़ शासन की तरफ से पेश किए गए सबूतों से संतुष्ट है। वहीं कोर्ट ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

आज बेबाक

गाजा समिट में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ़ की एक बार फिर बेइज्जती खराब हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शान में शाहबाज शरीफ ने जमकर कसीदे पढ़े। ट्रंप की रहनुमाई को सलाम किया लेकिन ट्रंप ने उनके बारे में कुछ नहीं कहा। उल्टे भारत और भारतीय पीएम मोदी की जमकर तारीफ की। उनके पीछे खड़े शाहबाज शरीफ खींसे निपोरते रहे। ट्रंप ने शाहबाज शरीफ के जले पर यह कहकर नमक छिड़क दिया कि असीम मुनीर उनके फेवरेट फील्ड मार्शल हैं। कुल मिलाकर ट्रंप ने शाहबाज शरीफ को विश्व मंच पर भिगोकर जूते मारे।

ट्रम्प बोले- मोदी अच्छे दोस्त, भरोसा दिया रूस से तेल नहीं खरीदेगा भारत

वॉशिंगटन/वार्ता। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। ट्रम्प ने गुरुवार को व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री मोदी मेरे दोस्त हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत के रूस से तेल खरीदने से मुझे खुशी नहीं थी लेकिन आज उन्होंने (पीएम मोदी) मुझे भरोसा दिया कि वे रूस से तेल नहीं खरीदेंगे।

'मोदी और ट्रंप के बीच हुई बातचीत की जानकारी नहीं: विदेश मंत्रालय

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान पर, जिसमें उन्होंने भारत की तरफ से रूस से तेल खरीदने का जिक्र किया था, विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कल किसी बातचीत या फोन कॉल की जानकारी मेरे पास नहीं है।

गुजरात में सीएम भूपेंद्र पटेल को छोड़कर सभी मंत्रियों का इस्तीफा

अहमदाबाद(वार्ता)। गुजरात में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के नेतृत्व वाले गुजरात मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार को होगा। वहीं इससे पहले आज राज्य के सभी मंत्रियों ने अपने पदों से इस्तीफा सौंप दिया है। वहीं कैबिनेट विस्तार को लेकर एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने पहले बताया था कि आगामी मंत्रिमंडल विस्तार में राज्य को लगभग 10 नए मंत्री मिल सकते हैं, और लगभग आधे मौजूदा मंत्रियों को बदला जा सकता है। भूपेंद्र पटेल ने 12 दिसंबर, 2022 को दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

आज दिन में 11.30 बजे कैबिनेट विस्तार: गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल का विस्तार शुक्रवार सुबह 11:30 बजे होगा। वर्तमान गुजरात मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री पटेल समेत कुल 17 मंत्री हैं। इसमें आठ कैबिनेट स्तर के मंत्री हैं, जबकि इतने ही राज्य ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

क्या एंटी इनकंबेंसी को खत्म करने की कोशिश?

वहीं चुनाव में 182 में से 103 नए चेहरों को टिकट दिया गया। पांच मंत्रियों समेत 38 विधायकों के टिकट काट दिए गए। 2022 के चुनाव में में इसका नतीजा भी देखने को मिला। भाजपा ने गुजरात में रिकॉर्ड 156 सीटें हासिल की। कहा जा रहा है इसी फॉर्मूले के तहत गुजरात कैबिनेट के मंत्रियों की छुट्टी हुई है। विश्लेषक मानते हैं कि चेहरे बदलकर भाजपा राज्य में लंबे समय से चल रही सरकार के प्रति होने वाली एंटी इनकंबेंसी को खत्म कर देती है। नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद से पूरी कैबिनेट को चुनाव से करीब 15 महीने पहले बदला जा रहा था। हालांकि, इस बार ये बदलाव थोड़ा जल्दी हुआ है।

बिहार में एनडीए की भारी बहुमत से जीत तय: सीएम साय

उपमुख्यमंत्री चौधरी और प्रदेश प्रभारी नवीन के नामांकन में हुए शामिल

तारापुर/रायपुर/नवप्रदेश। बिहार के तारापुर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के लोकप्रिय प्रत्याशी व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होकर आम जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में जो विश्वास और विकास का मार्ग बना है, उसी के प्रतिबिंब के रूप में यहां की जनता का उत्साह दिखाई दिया। कार्यकर्ताओं की उमंग इस बात को ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

छग प्रदेश प्रभारी के नामांकन में हुए शामिल

बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से लोकप्रिय भाजपा उम्मीदवार और छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन जी ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। पूरा बिहार आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विकासपरक दृष्टि पर भरोसा जता रहा है। एनडीए की विजय सुनिश्चित है।

आंध्र प्रदेश को पीएम ने दी 13430 करोड़ की सौगात

कुरनूल(वार्ता)। प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश में 13403 करोड़ रुपये की तमाम परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया है। ये परियोजनाएं उद्योग, बिजली, सड़क, रेलवे, रक्षा विनिर्माण और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस जैसे प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 2880 करोड़ रुपये से अधिक के

आरोग्य योजना | योजना से 9.19 करोड़ से ज्यादा लोगों का हुआ इलाज

आयुष्मान भारत से 45 करोड़ से ज्यादा लोग लाभान्वित हुए: रिपोर्ट

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) की ताजा वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, भारत की प्रमुख स्वास्थ्य योजना 'आयुष्मान भारत ने अब तक 45 करोड़ से ज्यादा लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ दिया है।

इस रिपोर्ट में आयुष्मान भारत के दो प्रमुख कार्यक्रमों, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) की उपलब्धियों और प्रगति को विस्तार से बताया गया है। यह रिपोर्ट 2024-25 की है और इसे मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा बैठक के दौरान जारी किया गया।

रिपोर्ट में बताया गया कि कैसे इन योजनाओं ने भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत किया है और डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े बदलाव किए हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के सीईओ डॉ. सुनील कुमार बरनवाल ने इस मौके पर कहा, यह समीक्षा हमारी स्वास्थ्य सेवा को डिजिटल रूप से बेहतर बनाने और सभी लोगों को समान गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आयुष्मान भारत योजना की चार मजबूत शाखाएं हैं, जो अब तक देश के 45 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को फायदा पहुंचा चुकी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत अब तक 9.19 करोड़ से ज्यादा मरीजों को अस्पताल में भर्ती करवाकर इलाज कराया गया है, ◻ शेष पृष्ठ 6 पर

दुनिया की सबसे बड़ी और सफल योजना

डॉ. बरनवाल ने आगे कहा, अगर इस योजना को दुनिया की सबसे बड़ी और सफल स्वास्थ्य योजना बनानी है, तो इसके लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की स्वास्थ्य प्राधिकरणों को डिजिटल तकनीक को तेजी से अपनाना होगा और नई तकनीकी नवाचारों को भी शामिल करना होगा। यह ही इस योजना की सफलता की कुंजी है।



बिहार चुनाव 2025 में 'कमल' खिलाएंगे बीजेपी के 15 नए चेहरे?

भाजपा की 101 उम्मीदवारों में अनुभवी नेताओं के साथ नए चेहरे भी मैदान में

पटना/ए.। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी 101 उम्मीदवारों की सूची में यह स्पष्ट संकेत दिया है कि अनुभवी नेताओं के साथ-साथ इस बार नए चेहरे भी चुनावी मैदान में कमाल दिखाएंगे। जारी की गई सूची में कुल 15 उम्मीदवार ऐसे हैं, जो पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इन उम्मीदवारों पर अपने क्षेत्र में 'कमल' खिलाने की जिम्मेदारी है।

राजनगर विधानसभा

बीजेपी के रणनीतिकारों ने राजनगर से युवा सुजीत पासवान को उतारा है। इस बार पार्टी ने अनुभवी रामप्रीत पासवान को आराम दिया है।

गौरा बराम विधासनसभा

बीजेपी ने गौरा बराम विधासनसभा से इस बार सुजीत सिंह को चुनावी जंग में उतारा है। ये पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

तेघरा विधानसभा

तेघरा विधानसभा से भी अनुभवी रजनीश कुमार को चुनाव लड़ाया जा रहा है। ये भी पहले विधान परिषद में थे। इस बार अपनी किस्मत विधानसभा में भी आजमाएंगे।

कटोरिया विधानसभा

कटोरिया विधानसभा से भी बीजेपी के रणनीतिकारों ने एक नए उम्मीदवार पर भाग्य आजमाया है। यहां से पूरण लाल टुडू ताल ठोक रहे हैं।

कुम्हार विधानसभा

कुम्हार विधानसभा से विधायक रहे अरुण कुमार को पार्टी ने विराम दिया है। यहां से नए व सक्रिय कार्यकर्ता संजय गुप्ता पर बीजेपी के रणनीतिकारों ने बाजी खेली है।

पटनासाहिब विधानसभा

पटनासाहिब विधानसभा से इस बार विधानसभा अध्यक्ष रहे नंद किशोर यादव का टिकट काट कर युवा नेता रत्नेश कुशवाहा को चुनाव लड़ाने का फैसला लिया है। रत्नेश कुशवाहा के लिए यह पहला मौका है जब उन्हें विधानसभा चुनाव लड़ने की जिम्मेवारी सौंपी है।

औरंगाबाद विधानसभा

औरंगाबाद विधानसभा से इस बार बीजेपी के रणनीतिकारों ने नए उम्मीदवार को मौका दिया है। यहां से पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह के पुत्र त्रिविक्रम सिंह को चुनावी जंग में उतारा है। ये उनकी पहली चुनावी जंग है।

अलीनगर विधानसभा

बीजेपी ने अलीनगर विधानसभा से मैथिली की जानी मानी गायिका मैथिली ठाकुर को चुनावी जंग में उतारा है। यहां से वी आई पी के मिश्री लाला यादव विधायक थे। ये फिर बीजेपी में आ गए। फिलहाल बीजेपी उन्होंने छोड़ दिया है।

मुजफ्फरपुर विधानसभा

मुजफ्फरपुर विधानसभा से बीजेपी ने इस बार नए चेहरे पर विश्वास किया है। मुजफ्फरपुर से इस बार रंजन कुमार चुनाव लड़ेंगे। यहां से पहले सुरेश शर्मा चुनाव लड़ते रहे हैं। पहले मंत्री भी थे। पर वर्ष 2020 के चुनाव में कांग्रेस के विजेंद्र चौधरी से हार गए थे।

छपरा विधानसभा

छपरा विधानसभा से सी एन गुप्ता विधायक थे। ये 70 प्लस नेताओं में शामिल थे। एन बी टी ने पहले ही इनके नाम कटने की जानकारी दी थी। इसलिए बीजेपी ने युवा रंजन कुमार को चुनावी जंग में उतारा है।

बाढ़ विधानसभा

बाढ़ विधानसभा से बीजेपी के ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू विधायक थे। इन पर पार्टी विरोधी बयान देने का आरोप था। एनबीटी ने पहले ही इनके टिकट कटने की जानकारी दी थी। यहां से चर्चित चिकित्सक डॉ. सियाराम सिंह को चुनावी जंग में उतारा है।

अंगियाव विधानसभा

अंगियाव विधानसभा से बीजेपी ने नया चेहरा महेश पासवान को उतारा है। यहां से जदयू चुनाव हार गई थी। यहां से मनोज मंजिल (माले) के विधायक थे। जेडीयू से यह सीट बीजेपी ने ले ली है।

रामनगर विधासनसभा

रामनगर विधासनसभा से बीजेपी ने इस बार नन्द किशोर राम को उतारा है। यहां से बीजेपी की भागीरथी देवी विधायक थी। इनपर शक्ति परीक्षण के दौरान राजद की तरफहोने का आरोप लगा था। एन ब टी ने पहले ही इनके टिकट कटने की जानकारी दी थी।

नरकटियागंज विधानसभा

नरकटियागंज से बीजेपी ने इस बार संजय पासवान को उतारा है। यहां से रश्मि वर्मा बीजेपी की विधायक थीं। पर शक्ति परीक्षण के दौरान इन पर आरोप लगा था कि ये राजद की तरफवोटिंग करने वाली थी। इस वजह से रश्मि वर्मा का टिकट कट गया, एनबीटी ने इसे पहले भी बताया था।

कोचाधामन विधानसभा

कोचाधामन से बीजेपी ने वीणा देवी को उतारा है। यह सीट जदयू की थी। पिछली बार एआईएमआईएम के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की थी। बीजेपी ने यह सीट जदयू से मिला।

पीरपैंती विधानसभा

बीजेपी ने पीरपैंती विधानसभा से इस बार नए चेहरे को जगह दी है। यहां से इस बार मुरारी पासवान को टिकट मिला है।

बिहार चुनाव: आनंद मिश्रा और रंजन कुमार ने ने किया जीत का दावा

पटना(आईएएनएस)। बिहार चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां एक्टिव हो गई हैं। राजनीतिक दलों की ओर से उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार देर रात प्रत्याशियों की तीसरी लिस्ट जारी की। इस तरह भाजपा ने सभी 101 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है।

बक्सर विधानसभा से पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को प्रत्याशी बनाए जाने पर उन्होंने खुशी जताई। आईएएनएस से बात करते हुए पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा ने कहा कि पार्टी ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। मैं उस पर अच्छे से काम करूंगा और पार्टी को जीत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि बिहार में फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है। बक्सर को सबसे पहले विकसित करने का काम किया जाएगा। साथ ही युवाओं के पलायन को भी रोकने के लिए काम किया जाएगा। मुजफ्फरपुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रंजन कुमार ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि मैं पार्टी का धन्यवाद देता हूं और विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस सीट पर भाजपा जीतकर आएगी। बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। अगिआंव विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी महेश पासवान ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। पार्टी ने मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को प्रत्याशी बनाया है। इससे पता चलता है कि बिहार में भाजपा सभी कार्यकर्ताओं को महत्व देती है। डेहरी विधानसभा से लोजपा (रामविलास प्रत्याशी) राजीव रंजन सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। बिहार में लगातार विकास हो रहा है। बिहार सरकार में मंत्री हरि साहनी को टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, ÷मैंने बहुत काम किया था, फिर भी टिकट नहीं मिला, कोई बात नहीं। मैं पार्टी का निष्ठावान कार्यकर्ता हूं। मुझे पार्टी पर विश्वास है वह मुझे याद रखेगी। मैं पूरे बिहार में घूम-घूमकर एनडीए को जिताने की अपील करूंगा।

बिहार विधानसभा चुनाव: जदयू ने 44 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट की जारी

जनता पार्टी 101-101 सीट पर चुनाव लड़ेगी जदयू

पटना (आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए में शामिल जदयू ने गुरुवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की है। इस सूची में कुल 44 उम्मीदवारों के नाम हैं। इससे पहले बुधवार को पार्टी ने 57 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। सूची के मुताबिक, रुपौली से कलाधार मंडल को प्रत्याशी बनाया गया है जबकि धमदाहा से मंत्री लेसी सिंह फिर से चुनावी मैदान में होंगी। इसी तरह शीला मंडल फुलपरास से, जबकि कदवा से दुलालचंद गोस्वामी, बरारी से विजय सिंह निषाद, गोपालपुर से बुलो मंडल, सुल्तानगंज से ललित नारायण मंडल और चकाई से मंत्री सुमित कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है।

झाझा से दामोदर रावत, नवादा से विभा देवी, बेलागंज से मनोरमा देवी, रफीगंज से प्रमोद कुमार सिंह और नबीनगर से पूर्व सांसद आनंद मोहन के पुत्र चेतन आनंद को टिकट दिया गया है। इसके अलावा घोसी से ऋतुराज कुमार जदयू के प्रत्याशी होंगे। जहानाबाद से पार्टी ने चंद्रेश्वर चंद्रवंशी, कुर्था से पप्पू कुमार वर्मा, नोखा से नागेंद्र चंद्रवंशी और चैनपुर से मंत्री जमा खान को उम्मीदवार बनाया है। काराकाट से महाबली सिंह एनडीए के प्रत्याशी होंगे तो कहलगांव से शुभानंद मुकेश चुनावी मैदान में उतरेंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए एनडीए ने रविवार को सीटों के बंटवारे की घोषणा कर दी। इस बंटवारे के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड और भारतीय जनता पार्टी 101-101 सीट पर चुनाव लड़ेगी, जबकि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) को 29 सीट मिली हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) और राज्यसभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा को छह-छह सीटें मिली हैं। बिहार विधानसभा चुनाव का पहला चरण 6 नवंबर को और दूसरा चरण 11 नवंबर को होगा। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

एनडीए की जीत के लिए एड़ी-चोटी एक कर दें : उपेंद्र कुशवाहा

पटना (आईएएनएस)। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा की 'नाराजगी' अब दूर हो गई है। इसके संकेत उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए दिए हैं। गुरुवार को उपेंद्र कुशवाहा ने पार्टी कार्यकर्ताओं को एनडीए की जीत के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाने की अपील की।

राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसको लेकर पार्टी के कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने गुरुवार को एक्स पोस्ट में लिखा, ÷राष्ट्रीय लोक मोर्चा के समस्त साथियों को निर्देशित किया जाता है कि राज्य के सभी 243 सीटों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की शत-प्रतिशत जीत सुनिश्चित करने के लिए जी-जान से लग जाएं। एड़ी-चोटी एक कर दें। बिहार है तैयार, एनडीए सरकार।÷ उल्लेखनीय है कि सीट बंटवारे को लेकर उपेंद्र कुशवाहा ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर एक पोस्ट भी किया था। उन्होंने कहा था, ''मैं आप सभी लोगों से क्षमा चाहता हूं। आपके मन के अनुकूल सीटों की संख्या आवंटित नहीं हो पाई।

बिहार में 'विकास बनाम बुर्के की शरारत': सीएम योगी

पटना/दानापुर। बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार में उतरे यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गुरुवार को जमकर कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) हमला बोला है। पटना के दानापुर में चुनाव प्रचार की शुरुआत करते हुए सीएम योगी ने आरोप लगाया कि आरजेडी और कांग्रेस बिहार के विकास को रोकने के लिए एक नई 'शरारत' शुरू कर रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि एक तरफबिहार विकास की बात कर रहा है, नौजवानों के मुंह पर विकास की चर्चा है, वहीं दूसरी तरफ आरजेडी और कांग्रेस 'विकास बनाम बुर्के' की नई बहस को आगे बढ़ा रहे हैं।

आरजेडी और कांग्रेस फर्जी पोलिंग की कोशिश में जुटी: योगी

सीएम योगी ने आरोप लगाते हुए कहा कि आरजेडी और कांग्रेस फर्जी पोलिंग की कोशिश में जुटी है। उन्होंने सवाल उठाते हुए पूछा कि 'क्या विदेशी घुसपैठियों को बिहार आकर यहां के नागरिकों के अधिकार में डकैती डालने की छूट देनी चाहिए?' योगी आदित्यनाथ ने रैली मे आए लोगों से सीधा सवाल करते हुए पूछा, 'आप लोगों से मैं पूछना चाहता हूं, क्या इनको फर्जी पोलिंग करने का अधिकार देना चाहिए।'

श्वङ्क्रू को लेकर दुष्प्रचार करते हैं विपक्षी दल: सीएम योगी

सीएम योगी ने विपक्षी दलों पर दुष्प्रचार का सहारा लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं भी जाने पर अपनी पहचान दिखानी पड़ती है और चेहरा दिखाना पड़ता है, लेकिन ये लोग चाहते हैं कि बिना चेहरा और पहचान पत्र देखे, जिसकी मर्जी आए वह वोट डाल दे।

योगी ने कहा कि 'ये लोग इसी वजह से श्वङ्क्रू मशीन को हटाना चाहते हैं, क्योंकि ये लोग पहले जबरदस्ती मतदान कर गरीब के हक पर डाका डालते थे। अब फिर वही करने की कोशिश की जा रही है।'

सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि ऋछ्ष्ठ और कांग्रेस बिहार के विकास को रोकने के लिए यह नई शरारत शुरू कर रहे हैं। आप लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। किसी के बहकावे में मत आइए। बता दें, सीएम योगी आदित्यनाथ आज बीजेपी नेता रामकृपाल यादव के नामांकन में शामिल होने दानापुर पहुंचे थे।

मनोज तिवारी को महिलाओं और युवाओं की बदौलत एनडीए के अच्छे प्रदर्शन का भरोसा

पटना। बीजेपी के सांसद मनोज तिवारी ने बिहार में एनडीए की जीत का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा है कि एनडीए की सरकार फिर से बनेगी और युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए समृद्धि लाएगी। उन्होंने दिल्ली में बिहार के प्रवासियों के लिए एक होल्डिंग एरिया बनाने की भी बात कही। मनोज तिवारी ने कहा कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन में सीटों को लेकर थोड़ा मनमुटाव है, लेकिन यह सामान्य है और सीट-बंटवारे का फैसला हो गया है। उन्होंने विपक्ष के महागठबंधन को 'लठबंधन' कहा।

मनोज तिवारी ने विश्वास जताया है कि एनडीए बिहार में एक बार फिर बड़ी जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार बनने पर राज्य में युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए खुशहाली और तरक्की आएगी। तिवारी ने कहा, ÷एनडीए बिहार में फिर से भारी बहुमत से सरकार बनाएगा। एनडीए युवाओं, महिलाओं और गरीबों के लिए समृद्धि और खुशी लाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में काफी विकास हुआ है और युवा व महिलाएं इस प्रगति से खुश हैं।÷ बिहार के प्रवासियों के लिए दिल्ली में सुविधा दिल्ली में बिहार आने वाले प्रवासियों के लिए एक खास सुविधा का जिक्र करते हुए तिवारी ने बताया कि दिल्ली में एक होल्डिंग एरिया बनाया गया है। इस जगह पर 5,000 लोगों के ठहरने की क्षमता है, जिससे लोगों को आराम मिल सके। तिवारी ने कहा कि राज्य से बाहर रहते हुए भी उन्हें बिहार की चिंता है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार के लोग अब काफी जागरूक और सक्रिय हो गए हैं, और बेंगलुरु जैसे शहरों से भी लोग वोट देने के लिए वापस आ रहे हैं।

बिहार चुनाव: गोविंदगंज से राजू तिवारी को मिला टिकट

पटना (आईएएनएस)। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। जहां महागठबंधन के सहयोगी दलों के बीच अब तक सीटों का बंटवारा नहीं हो सका है तो वहीं एनडीए के सहयोगी दल उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर चुनावी मैदान में पहुंचने लगे हैं। इस बीच एनडीए की सहयोगी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी। इस सूची में कुल 14 विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के नाम हैं।

पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी को गोविंदगंज से प्रत्याशी बनाया है, जबकि सिमरी बख्तियारपुर से संजय कुमार सिंह, दरौली से विष्णुदेव पासवान, गरखा से सीमांत मृणाल और साहेबपुर कमाल से सुरेंद्र कुमार को उम्मीदवार बनाया गया है।

इसी तरह बखरी से संजय कुमार, परबत्ता से बाबूलाल शौर्य, नाथनगर से मिथुन कुमार, पालीगंज से सुनील कुमार, ब्रह्मपुर से हुलास पांडेय, और डेहरी से राजीव रंजन सिंह चुनावी मैदान में एनडीए उम्मीदवार के रूप में उतरेंगे। इसके अलावा, बलरामपुर से संगीता देवी, मखदुमपुर से रानी कुमारी और ओबरा से प्रकाशचंद्र को टिकट मिला।

एआईएमआईएम, एएसपी और एजेपी ने बनाया ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस

पटना। बिहार की राजनीति में बुधवार को एक नया मोड़ आया, जब ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम), आजाद समाज पार्टी (एएसपी) और अपनी जनता पार्टी (एजेपी) ने मिलकर ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) का गठन किया। यह नया गठबंधन बिहार विधानसभा चुनाव में तीसरे मोर्चे के रूप में उभरेगा, जो दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हितों के लिए आवाज उठाने का दावा कर रहा है। किशनगंज में एआईएमआईएम के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बिहार प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने इस गठबंधन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जीडीए बिहार की 64 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा, जिसमें एआईएमआईएम 35 सीटों, एएसपी 25 सीटों और एजेपी 4 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। अख्तरुल ईमान ने जोर देकर कहा कि यह गठबंधन बिहार की जनता को एक नया विकल्प देगा, जो महागठबंधन और एनडीए से इतर दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए संघर्ष करेगा। उन्होंने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि सेक्युलर वोटों को एकजुट करने की उनकी कोशिश नाकाम रही, जिसके चलते यह नया गठबंधन बनाना पड़ा। यह गठबंधन न केवल बिहार, बल्कि अन्य राज्यों में भी अपनी छाप छोड़ेगा। एआईएमआईएम ने पहले ही सीमांचल सहित 16 जिलों की 32 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है।

मुकाम ...

महिलाओं की सियासी भागीदारी: आजादी के 78 साल में सिर्फ2 बनीं विधायक

नालंदा: महिलाएं वोटिंग में आगे, उम्मीदवारी में पीछे

नालंदा/ए.। बिहार में नारी सशक्तिकरण की बातें भले अब आम हो चुकी हों, लेकिन राजनीति के मैदान में सीएम नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा की महिलाएं अब भी वह मुकाम हासिल नहीं कर पाई हैं, जिसकी वे हकदार हैं। आजादी के बाद से लेकर अब तक जिले की विधानसभा सीटों से सिर्फ दो महिलाओं ने ही विधायक बनकर इतिहास रचा, जबकि सात बार महिलाएं रनर अप बनकर जनता की मजबूत पसंद के रूप में उभरीं।

दिलचस्प बात यह है कि नालंदा की महिलाएं वोटिंग में पुरुषों से अक्सर एक कदम आगे रहती हैं औसतन 1 से 2 प्रतिशत अधिक मतदान करती हैं। इसके बावजूद सत्ता के गलियारे में उनकी आवाज सीमित ही रही है।

1969 में अस्थावां से कांग्रेस की भगवती देवी ने जब मैदान संभाला तो वे जिले की पहली महिला प्रत्याशी बनीं। हालांकि वे जीत नहीं पाईं, पर दूसरे स्थान पर रहीं। साल 1977 में उन्होंने बगैर पार्टी के समर्थन के निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में फिर कोशिश की, लेकिन महज 1.24 फीसदी वोटों तक सिमट गईं। इसी चुनाव में जनता पार्टी की रामा सिन्हा (अस्थावां) और विजय लक्ष्मी (इस्लामपुर) भी उतरीं। दोनों ने रनर अप बनकर अपनी पहचान दर्ज कराई।

वर्ष 1995 का हरनौत विधानसभा चुनाव कई मायनों में यादगार रहा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उस बार ऐलान किया था कि वे बिना प्रचार के चुनाव जीतेंगे और जीते भी। लेकिन उसी चुनाव ने एक और रिकॉर्ड बनाया एक ही सीट से पांच महिला प्रत्याशी। यह नालंदा के चुनावी इतिहास में पहली और अब तक की सबसे बड़ी महिला भागीदारी थी।

आंकड़ों में हकीकत

साल 1951 से अब तक 1,672 उम्मीदवारों ने विधानसभा तक पहुंचने के लिए मैदान संभाला, जिनमें केवल 66 महिलाएं थीं। यानी कुल उम्मीदवारों की सिर्फ3.94 फीसदी। इतना ही नहीं, सात विधानसभा चुनाव ऐसे भी रहे जब किसी महिला ने नामांकन तक नहीं किया। 1969 से पहले तक महिलाओं की मौजूदगी नदारद रही। फिर 1969 में पहली बार अस्थावां से भगवती देवी और हिलसा से मनकी देवी ने उम्मीदवारी का साहस दिखाया। भगवती देवी ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और रनर अप बनीं – यह नालंदा के राजनीतिक इतिहास का पहला मौका था जब कोई महिला इतना आगे पहुंची।

चुनाव को लेकर प्रत्याशियों में सरगरमी तेज, नामांकन का दौर?

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां अब और तेज होती जा रही हैं। इस बीच, चुनाव को लेकर उम्मीदवारों के नामांकन का पर्चा भरने में भी तेजी आ गई है।

गुरुवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तारापुर से, मंत्री नितिन नबीन ने पटना के बांकीपुर से, और मंत्री नीरज सिंह बबलू ने छातापुर से नामांकन का पर्चा दाखिल किया। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी नामांकन भरने के पूर्व मां तिलडीहा मंदिर गए और मां का दर्शन कर पूजा-अर्चना की और बिहार के कल्याण, समृद्धि, और संपन्नता की कामना की। इसके बाद वे एक जुलूस के साथ तारापुर पहुंचे और वहां नामांकन भरा। इस जुलूस में बड़ी संख्या में एनडीए के कार्यकर्ता और हमलोग शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य बिहार के साथ-साथ तारापुर को सबसे समृद्ध और सबसे आगे ले जाना है। उन्होंने कहा कि तारापुर के साथ पूरा बिहार विकास, विश्वास और सुशासन की राह पर एनडीए सरकार के अगले अध्याय के संकल्प के साथ तैयार है।

अम्बेडकर अस्पताल में दुर्लभ व अनोखी सेकेंडरी एब्डोमिनल प्रेग्नेंसी का सफल ऑपरेशन

मां और शिशु दोनों सुरक्षित, एब्डोमिनल प्रेग्नेंसी डिलीवरी का छत्तीसगढ़ का पहला मामला

रायपुर/ नवप्रदेश। निःस्वार्थ सेवा, जीवन बचाने की चिकित्सा क्षमता और मानवीय करुणा के कारण डॉक्टर को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है। कई बार रोगी की जान बचाने के लिए अपने अधिकतम प्रयास की सीमा से ऊपर उठकर वे रोगी को मौत के मुँह से भी निकालकर ले आते हैं। कुछ ऐसे ही सेवा, समर्पण और करुणा की परिभाषा और मिसाल कायम करते हुए चिकित्सालय के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉक्टरों ने न केवल महिला का जीवन सुरक्षित किया बल्कि महिला के जटिलताओं से भरे गर्भ को बचाते हुए उसे मातृत्व सुख का अहसास भी दिलाया। पं. नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर अस्पताल रायपुर के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की टीम ने अत्यंत दुर्लभ और जटिल परिस्थिति में 40 वर्षीय एक गर्भवती महिला की सफल डिलीवरी कर माँ और शिशु दोनों को जीवनदान दिया। यह मामला सेकेंडरी एब्डोमिनल प्रेग्नेंसी का है, जिसमें भ्रूण गर्भाशय में न होकर पेट (एब्डोमिनल कैविटी) में विकसित हो रहा था। डॉक्टरों के अनुसार यह मध्य भारत का पहला और दुनिया के अत्यंत दुर्लभ मामलों में से एक है। केस की गंभीरता को देखते हुए गायनी, सर्जरी, एनेस्थीसिया और कार्डियोलॉजी विभाग की संयुक्त टीम बनाई गई। ऑपरेशन के दौरान हमने पाया कि शिशु गर्भाशय में नहीं, बल्कि पेट में विकसित हो रहा था और आंवल कई अंगों से रक्त ले रही थी। टीम

कई जटिलताएँ और सफल उपचार

इस गर्भावस्था के दौरान महिला इमर्जेंसी में चौथे महीने के मध्यरात्रि में अम्बेडकर अस्पताल रेफ़र होकर आई। स्त्री रोग विभाग ने गंभीरता समझ तुरंत कार्डियोलॉजिस्ट से संपर्क किया और तुरंत एंजियोप्लास्टी हुई। अम्बेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में हुई इस प्रक्रिया में डॉक्टरों ने विशेष सावधानी बरती ताकि गर्भस्थ शिशु को कोई हानि न पहुँचे। महिला खून पतला करने की दवाओं पर भी थी, गर्भ सुरक्षित रहा। यह गर्भावस्था के दौरान एंजियोप्लास्टी करने का पहला मामला था। स्त्री प्रसूति रोग विभाग की। विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रुचि किशोर गुप्ता बताती हैं कि – गर्भावस्था के 37वें हफ्ते में महिला पुनः स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग आई और उसे तुरंत भर्ती किया गया।

चित्रकोट वाटरफॉल को ग्लोबल डेस्टिनेशन में शामिल करने पर बनी सहमति

पीएम के वन स्टेट ग्लोबल डेस्टिनेशन विजन के तहत दिया प्रस्तुतिकरण

■ पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन में हुए शामिल

देश में 50 ग्लोबल डेस्टिनेशन विकसित करने का लक्ष्य

रायपुर/ नवप्रदेश। लेकसिटी उदयपुर में पिछले दिनों आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने सम्मिलित होकर राज्य के पर्यटन संभावनाओं और योजनाओं पर केंद्र और अन्य राज्यों के मंत्रियों-अधिकारियों संग विचार-विमर्श किया। श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों को वन स्टेट वन डेस्टिनेशन में शामिल करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के नियाग्रा कहे जाने वाले चित्रकोट वॉटरफाल को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस संबंध में उन्होंने अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सम्मेलन में राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्री विभागीय सचिवों सहित सम्मिलित हुए। इस वर्ष सम्मेलन की थीम 'वन स्टेट-वन ग्लोबल टूरिज्म डेस्टिनेशन' था, जिसके अंतर्गत प्रत्येक राज्य ने अपने प्रमुख पर्यटन स्थलों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने हेतु प्रस्तुतिकरण दिया।

इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र शेखावत ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र का योगदान अब भारत की जीडीपी में लगभग 6 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, जो अगले कुछ वर्षों में 10 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य आने वाले वर्षों में विश्व के शीर्ष दस पर्यटन देशों में शामिल होना है। वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म काउंसिल इंडेक्स में भारत की रैंकिंग 2014 में जहां 60 के आसपास थी, वहीं अब यह 39वें स्थान पर पहुंच गई है। यदि केन्द्र और राज्य सरकारें मिलकर काम करें तो अगले पांच वर्षों में भारत इस रैंकिंग को 20वें स्थान तक ला सकता है, और 10 वर्षों में शीर्ष दस देशों में अपना स्थान बना सकता है। इसके लिए केन्द्र सरकार ने 50 ग्लोबल डेस्टिनेशन विकसित करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि दो दिन के सम्मेलन में बहुमूल्य सुझाव मिले हैं, जो पीएम नरेन्द्र मोदी के वन स्टेट, वन ग्लोबल डेस्टिनेशन के विजन को साकार करने में मील का पत्थर साबित होंगे।

पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि वन स्टेट वन डेस्टिनेशन के लिए छत्तीसगढ़ के नियाग्रा कहे जाने वाले चित्रकोट वॉटरफाल व ऐतिहासिक, पुरातात्विक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के सिरपुर को भी वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए हमारी सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरों और जनजातीय संस्कृति की भव्यता को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में हम कार्यरत हैं।

अंशिका कश्यप बनीं प्रदेश की टॉपर

क्वांटम युग में कोरिया की चमक

रायपुर/ नवप्रदेश। रजत जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रायपुर एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान संगोष्ठी 2025 का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता विगत दिनों शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में संपन्न हुआ। संगोष्ठी का विषय था 'क्वांटम युग का आगाज- संभावनाएं एवं चुनौतियां'। इस प्रतियोगिता में सेजेस महलपारा, बैकुंठपुर (जिला कोरिया) की प्रतिभाशाली छात्रा कु. अंशिका कश्यप ने अपने उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

क्या है क्वांटम युग

इसे श्नई वैज्ञानिक-तकनीकी क्रांतिश् कहा जाता है, क्योंकि इसमें कंप्यूटिंग, संचार व सेंसरिंग जैसी प्रणालियां क्वांटम कणों के असामान्य व्यवहार का लाभ उठाकर काम करती हैं। इसे इस तरह से समझ जा सकता है, सिक्के को उछालने पर गिरते ही वह या तो हेड होगा या टेल, लेकिन हवा में घूमते समय वह दोनों स्थितियों में 'एक साथ' रहता है, इसी तरह क्वांटम कण भी एक ही समय में बहुत-सी अवस्थाओं में हो सकते हैं, जिसे सुपरपोज़िशन कहते हैं। अंशिका ने यह उपलब्धि भौतिकी विषय की व्याख्याता श्रीमती शिल्पी सिंह के कुशल मार्गदर्शन में हासिल की है। राज्य स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने के साथ ही कु. अंशिका कश्यप को अब राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त होगा। यह उपलब्धि न केवल उनके विद्यालय, बल्कि पूरे कोरिया जिले के लिए गर्व का विषय है। शिक्षाविदों और विज्ञान प्रेमियों ने अंशिका को इस शानदार सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि कोरिया की प्रतिभाओं की क्षमता और परिश्रम का प्रमाण है।

सुविचार

सांसे खर्च हो रही है बीती उम्र का हिसाब नहीं फिर भी तुझे जिये जा रहें हैं ऐ जिंदगी, तेरा जवाब नहीं। - अज्ञात

गृह युद्ध की कगार पर पाकिस्तान

पड़ौसी देश पाकिस्तान अपनी लगाई आग में खुद ही जल रहा है। नतीजतन वहां गृह युद्ध के हालात निर्मित हो गये हैं। पाकिस्तानी सेना और वहां की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने जिस आतंकी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक को पाला पोशा था और उसे आतंकी संगठन से राजनीतिक पार्टी का दर्जा दिलाया था आज वही टीएलपी पाकिस्तान के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। टीएलपी ने पाकिस्तान की सरकार के खिलाफ पिछले चार दिनों से मोर्चा खोल रखा है। इस्लामाबाद लाहौर और कराची में टीएलपी के लाखों समर्थक सड़कों पर उतर आये हैं और उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। टीएलपी प्रमुख पुलिस द्वारा की गई फाइरिंग में घायल हो गये इसके बाद यह प्रदर्शन और उग्र हो गया है। पुलिस के साथ इन प्रदर्शनकारियों की झड़प में सौ से ज्यादा लोग मारे गये हैं और एक हजार से अधिक घायल हो गये हैं। टीएलपी के इस आंदोलन का अब पाकिस्तान के अन्य विपक्षी दल भी समर्थन कर रहे हैं। जिससे आगे चलकर पाकिस्तान में गृह युद्ध छिड़ने की आशंका बलवति हो गई है। टीएलपी इस बात से नाराज है कि पाकिस्ताान ने गाजा समझौते का समर्थन क्यों किया है। वह सरकार पर दबाव डाल रही है कि अमेरिका के दबाव में आकर पाकिस्तान गाजा समझौते पर हस्ताक्षर न करे। टीएलपी की इस मांग का पाकिस्तान की विपक्षी पार्टियां भी खुलकर समर्थन कर रही है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और आर्मी चीफ असीम मुनीर पर अमेरिका का दबाव बढ़ गया है कि वह इस समझौते पर हस्ताक्षर करे। जिसका अब पाकिस्तान में ही भारी विरोध हो रहा है। गौरतलब है कि तहरीक-ए-लब्बैक का गठन 2014 में हुआ था और इसे पाकिस्तानी सेना ने अपना टूल कीट बनाकर रखा था। इस संगठन के जरिए पाकिस्तानी सेना ने पहले नवाज शरीफ की सरकार का तख्तापलट कराया था उसके बाद जब इमरान खान ने भी पाकिस्तानी सेना के हाथों की कठपुतली बनने से इंकार किया था तो पाकिस्तानी सेना ने टीएलपी से उग्र आंदोलन कराकर इमरान खान की सरकार का भी तख्तापलट करा दिया था और यहां तक की पाकिस्तान के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री रहे इमरान खान को जेल भी भेज दिया गया था। जो आज भी जेल में है। इस बीच तहरीक-ए-लब्बैक ने राजनीतिक पार्टी का दर्जा भी हासिल कर लिया और आज की तारीख में वह पाकिस्तान की चौथी सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। जाहिर है टीएलपी की ताकत बढ़ती जा रही है और अब उसने शाहबाज शरीफ सरकार के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है जिसकी वजह से पाकिस्तान में हिंसा का तांडव होने लगा है वहीं दूसरी तरफ पीओके में भी शाहबाज शरीफ की सरकार और पाकिस्तान की सेना के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजने लगा है और वहां पीओके को पाकिस्तान की अलग करने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। पाकिस्तान के अन्य प्रांतों में भी अलगावाद की आग को हवा दी जा रही है। वहीं पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक करके और मुसीबत मोल ले ली है। हालांकि पाकिस्तान और तालिबान के बीच 48 घंटों का सीजफायर हो गया है लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव बदस्तूर जारी है और पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान के बीच जंग होने की आशंका को नकारा नहीं जा सकता। इन तमाम हालातों को मद्देनजर रखकर यदि पाकिस्तान में जल्द में गृह युद्ध भड़क जाये और शाहबाज शारीफ की सरकार का भी तख्तापलट हो जाए तो कोई ताज्जुब नहीं होगा।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ आप इतने ही सक्सेसफुल आदमी हो, अच्छे आदमी हो तो आपका बेटा आपको अपना रोल मॉडल क्यों नही मानता ? क्यों आलिया भट्ट और अमिताभ बच्चन और इनके पीछे भाग रहा है?

❖ जब ऐसा विचार मन में बना लो कि जो होगा सब कुछ अपने लिए होगा तो हर एक चीज जागरण बनती जाएगी। तुम्हारे भीतर गहराई से समाती जाएगी। तो यही गुलामी, यही बुद्ध, यही अज्ञानी होने का प्रथम लक्षण है और अंतिम लक्षण भी है।

❖ सेंस भी अनुभव है। यह बुद्ध, महावीर यह क्यों बोलते हैं? यह कृष्ण को क्या गरज पड़ी है युद्ध के मैदान में खड़े हो करके गीता का पाठ प्रतिपादन करने की? यह वशिष्ठ इतने परिश्रमशील क्यों है राम को योग वशिष्ठ सुनाने के लिए? क्या मतलब है? जब शब्दों से शब्द उ?द्घाटित नहीं हो सकता, शब्द केवल करामात मात्र हैं, कुछ होता नहीं तो यह क्यों बोलते हैं?

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1904 बैंक ऑफइटली को आम लोगों के लिए खोला गया। 1907 पहला वाणिज्यिक वायरलेस टेलीग्राफ अटलांटिक महासागर के ऊपर भेजा जाता है। 1918 युगोस्लाविया ने खुद को गणतंत्र देश घोषित किया। 1944 एथेंस में प्रतिद्वंदी पक्षियों ने एक दूसरे से लड़ना शुरू कर किया। 1956 इंग्लैंड में पहला बड़ा न्यूक्लियर पावर स्टेशन शुरू हुआ। 1956 महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने आज, सेला मैदान परमाणु ऊर्जा स्टेशन का औपचारिक उद्घाटन किया। हालांकि, पावर स्टेशन 27 अगस्त 191956 से नेशनल ग्रिड पर कार्य कर रहा था और बिजली प्रदान कर रहा था। 1960 इक्काडोर के क्विटो शहर के पास एक बस दुर्घटना में 34 लोग मारे गए। 1962 कनाडा के एडमोंटन शहर ने नगरपालिका चुनाव आयोजित किया। 1998 नाइजीरिया के जेसी शहर में एक पाइप लाइन विस्फोट में 1,082 मौत हो गयी। 2006 रोम में दो मेट्रो ट्रेनों के टकराने से कम से कम 2 लोगों की मौत हो जाती है और लगभग 120 अन्य घायल हो जाते हैं। 2007 दलाई लामा को संयुक्त राज्य कांग्रेस द्वारा कांग्रेस स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ; निर्णय जॉर्ज डब्ल्यू बुश द्वारा दृढ़ किया जा रहा है। 2014 विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सेनेगल अब इबोला वायरस से मुक्त है। 2010 मैरी मैककिल को एक संत के रूप में रोमन कैथोलिक चर्च द्वारा मान्यता प्राप्त एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई जनजाति बनने के लिए विहित किया गया था।

भारत की आतंक से लड़ने की नीति पर कहीं आत्मघाती गोल तो सिद्ध नहीं होगी?

अफ़ग़ानिस्तान, जहां 'तालिबान' का शासन है, के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की भारत यात्रा पर स्वागत किए जाने से देश में मिश्रित प्रतिक्रियाएँ उठ खड़ी हुई हैं। सच ही कहा गया है–दुश्मन का दुश्मन दोस्त होता है, किंतु राजनीति में यह सूत्र कब, कहां और किस सीमा तक लागू किया जाए–यह समझना किसी रस्सी पर चलने वाले बाजीगर से कम नहीं।



राजीव खंडेलवाल

प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को बाहर रखना इसका जीता–जागता उदाहरण है। यद्यपि अगले दिन उन्हें बुलाकर गलती सुधारने का आडंबरपूर्ण प्रयास जरूर किया गया। झंडे पर अनावश्यक विवाद? तालिबान शासन में फ़हराया जाने वाला झंडा] अफ़ग़ानिस्तान के पूर्व झंडे से पूरी तरह भिन्न है। भारत में मुत्तकी की यात्रा के दौरान तालिबानी झंडे के प्रदर्शन पर अनावश्यक विवाद खड़ा कर दिया गया। सरकार का तर्क था कि यह केवल कूटनीतिक शिष्टाचार (डिप्लोमैटिक प्रोटोकॉल) का हिस्सा है] न कि औपचारिक मान्यता का प्रतीक। चूंकि अफ़ग़ानिस्तान की कोई वैकल्पिक निर्वासित सरकार नहीं है, अतः कूटनीतिक मर्यादा निभाना ही एकमात्र विकल्प था। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी स्पष्ट किया कि– हमारी नीति औपचारिक मान्यता पर नहीं, बल्कि व्यवहारिक सहयोग पर आधारित है।

एमआईजीए भारत फर्स्ट मोदी की नीति

राजनीति में न तो कोई स्थायी मित्र होता है, न चिरस्थायी शत्रु। आज की स्वार्थ-संचालित अंतरराष्ट्रीय राजनीति में "गिरगिट" समान दोस्ती-दुश्मनी के रंग बदलते हैं। अमेरिका का सबसे बड़ा उदाहरण है। अंततः राष्ट्र हित ही सर्वोपरि होता है। जैसे ट्रंप ने अमेरिका फर्स्ट" (MAGA) की नीति अपनाई, वैसे ही मोदी की भारत फर्स्ट" (MIGA) नीति भी समय की मांग है। प्रश्न यह है कि–क्या इस नीति के तहत ही भारत तालिबान से रिश्ते "सुधारने" की कोशिश कर रहा है?

तालिबान क्या है

"तालिबान" एक इस्लामी कट्टरपंथी संगठन है, जो 1994 में अफ़ग़ानिस्तान में उभरा। इसका गठन मुल्ला मोहम्मद उमर ने किया था। तालिबान" शब्द पश्तो भाषा में छात्र" के लिए प्रयुक्त होता है। क्योंकि इसके अधिकांश सदस्य धार्मिक मदरसों से शिक्षित थे।

इस संगठन ने अफ़ग़ानिस्तान में शरिया कानून के कठोरतम रूप को लागू किया। 1996 से 2001 तक इसका शासन रहा जिसे अमेरिकी हमले के बाद सत्ता से हटाया गया। किंतु वर्ष 2021 में अमेरिका की वापसी के साथ ही तालिबान ने काबुल पर पुनः कब्जा कर लिया। तालिबान का लक्ष्य अफ़ग़ानिस्तान में इस्लामी शरिया आधारित सरकार स्थापित करना है। महिलाओं और अल्पसंख्यकों के प्रति आपका रवैया असहिष्णु और अमानवीय रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संगठन आतंकवाद, उग्रवाद और मानवाधिकार उल्लंघन का पर्याय बन चुका है।

भारत की बदलती नीति?

यह वही तालिबान है जिसके संबंध में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में अमेरिका दौरे के दौरान दो-टूक कहा था-"गुड तालिबान और बैड तालिबान जैसी कोई चीज नहीं होती- अच्छा आतंकवाद-बुरा आतंकवाद नहीं चलेगा। आतंकवाद, आतंकवाद होता है।"

वह तालिबान जिसने कंधार विमान अपहरण (1999)

में "आईएसआई" को सुविधा और सुरक्षा दी थी। परिणामस्वरूप भारत को बंधकों के बदले मसूद अजहर जैसे खूंखार आतंकवादी को रिहा करना पड़ा। यही मसूद अजहर बाद में मुंबई आतंकी हमले और पहलगाम नरसंहार जैसी घटनाओं के पीछे मुख्य सूत्रधार रहा। आज वही तालिबान पाकिस्तान की नकेल कसने लगा है। यह वही संगठन है, जिसे कभी पाकिस्तान ने पाल-पोसकर बड़ा किया था–''साँप को दूध पिलाने की कहावत चरितार्थ करते हुए। पर अब वही सांप अपने पालक को डसने पर आमादा है। भारत के लिए यह स्थिति एक तीर से दो निशाने÷साधने जैसी प्रतीत हो सकती है–पाकिस्तान को कमजोर करने और अफ़ग़ानिस्तान में रणनीतिक उपस्थिति बढ़ाने की दृष्टि से। वैसे तालिबान जैसे कट्टर मुस्लिम संगठन शासक देश द्वारा भारत की स्वीकारिता निश्चित रूप से भारत को दूसरे मुस्लिम देशों में अपनी बढ़त बनाने में सहायक सिद्ध हो सकती है। यह भी एक दूरदृष्टि अफ़ग़ान नीति के संबंध में हो सकती है।

"ऑपरेशन सिंदूर" के दौरान जब पाकिस्तान गिड़गिड़ाते हुए युद्ध विराम की गुहार लगा रहा था, तब भारत ने मसूद अजहर की वापसी की शर्त रखकर अपनी पुरानी भूल सुधारने का अवसर खो दिया। ठीक वही भूल जो 1971 में श्रीमती इंदिरा गांधी ने की थी– जब 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण के बावजूद भारत के 54 सैनिकों की रिहाई का मुद्दा ठंडे बस्ते में चला गया, जिनका आज तक कोई सुराग नहीं।

तालिबान को मान्यता कब?

भारत ने अब तक तालिबान सरकार को औपचारिक मान्यता नहीं दी है। 1996 के शासनकाल में भी केवल पाकिस्तान सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात ने इसे मान्यता दी थी। फिर सवाल उठता है कि आज भारत को अपनी अफ़ग़ान नीति में बदलाव की आवश्यकता क्यों पड़ी क्या यह बदलाव केवल व्यवहारिकता के नाम पर है, या इसके पीछे छिपा हुआ रणनीतिक एजेंडा भी हैझ्र क्योंकि मुत्तकी ने स्वयं दावा किया कि भारत ने तालिबान को अपेक्षा से अधिक "तवज्जो" दी।

भारत की ओर से महिला अधिकारों पर तालिबान की नीति को लेकर कोई ठोस दबाव नहीं डाला जा सका। प्रेस कॉन्फ्रेंस से महिला पत्रकारों को बाहर रखना इसका जीता-जागता उदाहरण है। यद्यपि अगले दिन उन्हें बुलाकर गलती सुधारने का "आडंबरपूर्ण प्रयास" जरूर किया गया।

झंडे पर अनावश्यक विवाद?

तालिबान शासन में फ़हराया जाने वाला झंडा] अफ़ग़ानिस्तान के पूर्व झंडे से पूरी तरह भिन्न है। भारत में मुत्तकी की यात्रा के दौरान तालिबानी झंडे के प्रदर्शन पर अनावश्यक विवाद खड़ा कर दिया गया। सरकार का तर्क था कि यह केवल कूटनीतिक शिष्टाचार (डिप्लोमैटिक प्रोटोकॉल) का हिस्सा है] न कि औपचारिक मान्यता का प्रतीक। चूंकि अफ़ग़ानिस्तान की कोई वैकल्पिक निर्वासित सरकार नहीं है, अतः कूटनीतिक मर्यादा÷ निभाना ही एकमात्र विकल्प था। विदेश मंत्री जयशंकर ने भी स्पष्ट किया कि– "हमारी नीति औपचारिक मान्यता पर नहीं, बल्कि व्यवहारिक सहयोग पर आधारित है।"

निष्कर्ष

कहावत है-"साँप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे।" यही संतुलन भारत को साधना है। पाकिस्तान को घेरने की रणनीति में तालिबान से समीकरण बनाना यदि आवश्यक है। तो यह सावधानी की "सुई की नोक पर नृत्य करने जैसा है÷। अतः सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

एआई के क्षेत्र में भारत के तेजी से बढ़ते कदम

संतोष कुमार भार्गव

'भारत में एआई का निर्माण और भारत के लिए एआई को कारगर बनाना' के विज़न से प्रेरित होकर, कैबिनेट ने मार्च 2024 में इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी, जिसका बजट पांच वर्षों में रुपए 10,371.92 करोड़ होगा। यह मिशन भारत को कृत्रिम द्धिमत्ता के क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। भारत का प्रौद्योगिकी क्षेत्र तेजी से विस्तार कर रहा है। इस वर्ष वार्षिक राजस्व के 280 बिलियन अमेरिकी डॉलर का आंकड़ा पार कर जाने का अनुमान है। प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में 6 मिलियन से अधिक लोग कार्यरत हैं। देश में 1,800 से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र हैं, जिनमें 500 से अधिक एआई पर केंद्रित हैं।

एआई के क्षेत्र में भारत तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और वैश्विक एआई परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल कर रहा है। भारत सरकार की रणनीतिक पहलों, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के विकास, और कौशल विकास पर जोर ने इस प्रगति को गति दी है।अगर यह कहा जाए कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का गढ़ बनने जा रहा है। तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। असल में यह आकलन करने के बाद गूगल ने आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में एआई का डाटा सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। यह डाटा केंद्र, अमरीका से बाहर, सबसे बड़ा केंद्र होगा। गूगल ने आगामी पांच सालों में 15 अरब डॉलर खर्च करने का ऐलान राजधानी दिल्ली में आयोजित एक मेगा इवेंट में किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू आदि इस मेगा आयोजन में उपस्थित रहे।

गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कूरियन ने खुलासा किया कि आज 14,000 से अधिक भारतीय गूगल के साथ जुड़े हैं और गूगल की 5 एआई लैब्स पहले से ही भारत में सक्रिय हैं। विशाखापट्टनम का केंद्र गूगल के संपूर्ण एआई सिस्टम का हिस्सा होगा, जो भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, डाटा सॉल्यूशंस और एआई मॉडल्स को तेजी से स्केल करेगा। गूगल के थॉमस ने यह स्पष्ट घोषणा की कि भारत अब सिर्फउपभोक्ता नहीं, बल्कि एआई नवाचार का जेनरेटर बन रहा है।'

भारत में अदाणी समूह के साथ मिल कर यह एआई केंद्र बनाया जाएगा। गूगल का इतना बड़ा निर्णय भारतीय बाजार और भारत में एआई को ग्रहण करने की संभावनाओं की ताकत को सत्यापित करता है। भारत सरकार ने एआई



मिशन के लिए 5 साल के दौरान 10,300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की है। उसके तहत 38,000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) लगाई गई हैं। प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में करीब 60 लाख लोग कार्यरत हैं। इस साल प्रौद्योगिकी क्षेत्र का राजस्व 280 अरब डॉलर को पार कर सकता है।

भारत की अर्थव्यवस्था में 2035 तक एआई 1.7 ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय डाटा कॉरपोरेशन के मुताबिक, भारत का एआई बाजार 2025 में करीब 8 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। दरअसल भारत विश्व में सबसे बड़ा ऐसा देश और समाज है, जो अभी से एआई के साथ परिवर्तन लाने को उत्साहित है। विशाखापट्टनम को इसलिए चुना गया है, क्योंकि आंध्रप्रदेश की राजधानी रहते हुए हैदराबाद को 'साइबर सिटी' का विशेषण मिला था। तेलंगाना के गठन के बाद समीकरण बदले। अब हैदराबाद उसकी राजधानी है, लिहाजा आंध्र के विशाखापट्टनम को गूगल की विराट परियोजना के लिए चुना गया। यहां गूगल के विकास और बढ़ोतरी की अपार क्षमताएं हैं, क्योंकि रणनीतिक तौर पर यह क्षेत्र एआई की रीढ़ है।

सवाल है कि क्या भारत का विकास और उसकी बढ़ोतरी भी गूगल के अनुपात में ही होगी? इस मौके पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने 'एक्स' पर यह लिखा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बात की थी और विशाखापट्टनम में पहले गूगल एआई हब स्थापित करने की योजना बताई थी। पिचाई के मुताबिक, इस एआई केंद्र में गीगावॉट स्केल कंप्यूट क्षमता, अंतरराष्ट्रीय सबसी गेटवे और बड़े ऊर्जा आधारभूत ढांचे का गेटवे शामिल होंगे। इससे भारत में उपयोगकर्ता और उद्यमियों को उद्योग संबंधी प्रौद्योगिकी मिल सकेगी, जिससे देश में एआई नवाचार बढ़ेगा।

बेशक ऐसे बुनियादी ढांचे के साथ भारत अपनी डाटा संप्रभुता में सुधार कर सकता है, एआई का सशक्त गढ़ बन सकता है, लेकिन यह सवाल मौजू है कि एआई कैसे तैनात की जाएगी? एआई कंपनियां भविष्य में 'द्वारपाल' की शक्तियों के साथ मानविकी पर भारी पड़ेंगी। क्या भारत में ऐसा होना चाहिए कि मानविकी बिल्कुल पिछड़ जाए, जिसमें कला-साहित्य, भाषा, अर्थशास्त्र आदि क्षेत्र शामिल हैं। गूगल ने सत्यापित किया है कि कैसे प्रौद्योगिकी के नवाचार आधुनिक संपन्नता के इंजन साबित हो सकते हैं, लेकिन यह भी बताया कि कैसे ऐसी आर्थिक बढ़ोतरी न तो प्राकृतिक है और न ही गारंटीशुदा है। अंततः एआई ही भविष्य को तय करेगी। वह भविष्य कैसा होगा, यह इस सत्य पर आश्रित होगा कि एआई के ढांचे को वास्तविक और शारीरिक तथा डिजिटली तौर पर नियंत्रित कौन करेगा? कौन एआई की कीमत, मूल्य, पहुंच और नियम आदि तय करेगा? एआई के फायदे और जोखिम कैसे बांटे जाएंगे? बड़ी और दिग्गज कंपनियों के एकाधिकार कौन तोड़ेगा?

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं कौन हूँ हूँ भी

मैं कौन हूँ? हूँ भी या नहीं कुछ तो हूँ या कुछ भी नहीं किस मोड़ पे भूली थी राहें किस मोड़ पे आ गयी हूँ अभी कैसी कामना थी ? क्या थे अरमां ? मिट्टी लिप्त हो गए अरमां सभी कैसी भावनाएं थी ? कैसी थी बंदगी ? भावनाएं उद्वेलित है जिसे भूल पाती नहीं जिस पे हद से भरोसा रखी वही सीने में खंजर चुभोया अभी । आद्यतं मैं ऐसा समझी न थी मेरी जिंदगी संभलकर बदल जायेगी । मैं कौन हूँ ? हूँ भी या नहीं ।

– तनु देहलवी

रात आँखों में क्या

रात आँखों में क्या गुज़ारी है। नींद भी याद की उधारी है। तेरे दीदार का तकाज़ा है। वो मिले जिस पे इश्क़ तारी है द्य ये है ऐलान दिल की धड़कन का द्य तुझसे बढ़कर कहाँ खुमारी है द्य तू जहां मुस्कुराए वो घर है। तुझसे ग़म काटता फ़रारी है। दिल का किस्सा है खेत के जैसा द्य सिर्फ़ बादल से उसकी यारी है ।

विवेक 'बादल' बाज़पुरी

गैर पर करना भरोसा छोड़िये साथ अपनों

करना भरोसा छोड़िये साथ अपनों का न रहना छोड़िये नेक नीयतें आपकी सबके लिए दोस्त से चुगली लगाना छोड़िये रूप तेरा यूं निखरता ही रहे पर कभी पार्लर न जाना छोड़िंये यार की हर बात को माना करे फालतू तकरार करना छोड़िये जन्म माँ ने जब दिया है आपको दर्द उसको आज देना छोड़िये डॉ मधु त्रिवेदी। – **मधु त्रिवेदी**

गोलू को अच्छा लगे, दीवाली

गोलू को अच्छा लगे, दीवाली त्यौहार। खूब जलाए छुरछुरी, चकरी और अनार।। चकरी और अनार, चलाए रॉकेट जी भर। घर आँगन उजियार,करे है दीप जलाकर। मस्ती करता खूब,पड़ोसी उसका भोलू। दिन भर रहते साथ,दोस्त हैं भोलू गोलू।। – **डॉ बिपिन पाण्डेय**

तुमने कहा था उस रोज़ इंतज़ार करना

तुमने कहा था उस रोज़ इंतज़ार करना कुछ रोज़ मेरा न मैंने पूछा न बताया तुमने कितने रोज़ रोज़ाना का वो इंतज़ार हफ़्तों - महीनों - सालों

होता हुआ युगों में कब तब्दील हुआ पता ही नहीं चला लगता है कल ही तो कहा था तुमने इंतज़ार करना कुछ रोज़ मेरा करोगी न शुचि 'भवि'

– शुचि भवि

सोच तानी हम हूं अब परधानी लड़ जाई

सोच तानी हम हूं अब परधानी लड़ जाई का, झूठ सांच वादा कर के जनता के लुभाई का। सपना देखाइये के, गर चुनाव जीते के बा, त सपना में जनता ला चांद पर घर बनाई का। केहू देता घर-घर में एक जना के नोकरी, हम हूं बंटवा देब नोकरी संगे रशियन छोकरी। – **संजय सिंह राजपूत भव्य**

जिसको देखो आजकल,बाँट रहा उपहार

जिसको देखो आजकल,बाँट रहा उपहार। ऐसे कैसे मान लें, सिमट गए त्योहार।। दीवाली पर ले लिया,बीवी ने फिर हार। कैसे कह दूँ मित्र मै, सिमट गए त्योहार।। सोलह आने सत्य है, करो इसे स्वीकार। लगे वामियों को गलत, सनातनी त्यौहार।। रमेश शर्मा – **रमेश शर्मा वशिष्ठ**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने कामों पर ध्यान देकर आगे बढ़ना होगा। आपको तरक्की करते देख आपके कुछ मित्र आपके शत्रु बन सकते हैं।

वृष: आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है।

मिथुन: आज का दिन आपके लिए इनकम के नए-नए रास्ते खलेगा। जीवनसाथी की सेहत में गिरावट आने से आपको भागदौड़ अधिक रहेगी।

कर्क: आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। किसी कानूनी मामले में आपको पूरा ध्यान देना होगा।

सिंह: आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। दान धर्म के कार्यों में काफी रुचि रहेगी।

कन्या: आज का दिन आपके लिए वाणी में व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आप कामों को लेकर जल्दबाजी बिल्कुल ना दिखाएं। भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

तुला: आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपका कोई करीबी आपसे मिलने आ सकता है।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको कार्य क्षेत्र में अपने अनुभवों का लाभ मिलेगा।

धनु: आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको जीवनसाथी की भावनाओं को ठेस नहीं पहचानी है।

मकर: आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। आप अपने व्यापार के रुके हुए कामों को पूरा करने में लगे रहेंगे।

कुंभ: कुंभ राशि के जातकों की भौतिक सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें।

मीन: आज का दिन आपके लिए सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी वाणी से आप लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे।

सूर्योदय : 0624, सूर्यास्त : 18:00, चन्द्रोदय : 26:50, चन्द्रास्त : 15:20, अयन : दक्षिणायन, ॠतु : शरद, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), युगाब्द (कलि संवत) : 5127, मास : कार्तिक, पक्ष : कृष्ण, तिथि : एकादशी, नक्षत्र : मघा, योग : शुक्ल, प्रथम करण : विष्टि भद्रा (10:35 तक), द्वितीय करण : बव (22:49 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : कन्या, चंद्र : सिंह, मंगल : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : तुला (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कन्या (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारत में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस किस दिन मनाया जाता है?

2) लोकपाल में कितने सदस्य होते हैं?

3) सोनोब्वाय का प्राथमिक कार्य क्या है?

4) ब्रिटेन का वह गवर्नर कौन है जिसने भारत में डाक टिकट शुरू किया था?

5) सबसे बुजुर्ग टेस्ट क्रिकेटर रॉन ड्रेपर का 25 फरवरी 2025 को निधन हो गया? वह किस देश से संबंधित है?

उत्तरमाला-(1) 16 जनवरी (2) 8 (3) पानी के अंदर की आवाजों का पता लगाना के लिए (4) लॉर्ड डलहौजी (5) ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट

शब्द सागर

■ न्यूज गैलरी

पीएम आवास के हितग्राहियों को प्रदान किया गया वित्तीय लाभ

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री ने सबके लिए आवास के संकल्प को साकार करने की दिशा में नगर निगम भिलाई द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आवास के हितग्राहियों को दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में 250 लाभार्थियों को आवासीय सहायता की पहली किस्त के रूप में 1 करोड़ 57 लाख रुपए और द्वितीय किस्त 25 लाभार्थियों को लगभग 21 लाख 75 हजार रुपए का लाभ प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि हस्तांतरित की गई है।

पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राही को मिला ऋण का लाभ

कुम्हारी। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत गुरुवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र से सूरज कुमार गुप्ता को पंद्रह हजार रुपए का ऋण मिला। विदित हो कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत अब पथ विक्रेताओं को प्रथम चरण में 5 हजार, द्वितीय चरण में 25 हजार तथा तृतीय चरण में 5 हजार का ऋण दिया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज सूरज कुमार गुप्ता को प्रथम चरण में यह ऋण प्रदान किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर एवं मिशन मैनेजर शरद कुमार सिंह ने बताया कि सही समय पर ऋण भुगतान करने वाले हितग्राहियों को द्वितीय एवं तृतीय चरण का लाभ भी मिलेगा। पथ विक्रेताओं को द्वितीय चरण का भुगतान करने के पश्चात क्रेडिट कार्ड का भी लाभ मिलेगा। नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने समस्त पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ लेने का आव्हान किया है।

वेदांता लि. बालको में साइंस कॉलेज के 10 स्टूडेंट का प्लेसमेंट

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के 10 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्था वेदांता लिमिटेड बालको में हुआ है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के निर्देशन में प्लेसमेंट सेल की प्रभारी डॉ. के. पद्मावती के नेतृत्व में यह उपलब्धि मिली। वेदांता लिमिटेड बालको के अंतर्गत पोस्ट ग्रेजुएट ट्रेनी के पदों पर प्रत्यक्ष चयन के लिये आवेदन मंगाए गए थे। रसायन शास्त्र विषय के 7 और भौतिक शास्त्र विषय के 3 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों में भीखमचंद, चंद्रशेखर, गजेंद्र, प्रिया साहू, रूपेश, धावेन्द्र कुमार टंडन, शालिनी उपाध्याय, संध्या सोनी, राधिका शुक्ला और अधिता बनर्जी शामिल हैं।

दुर्ग नगर निगम के कचरा डंपर ने 3 दोस्तों को रौंदा, 2 की मौत

■ ड्रायवर गिरफ्तार, घायल युवती का इलाज जारी।

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम के कचरा डंफर ने बीती रात स्कूटी पर सवार एक युवक समेत दो युवतियों को कुचल दिया। कलेक्ट्रेट के सामने पटेल चौक पर हुए हादसे में एक युवक और युवती की मौत हो गई। एक अन्य युवती घायल हो गई। डंफर ने सड़क पार कर रही दो महिलाओं को भी चपेट में ले लिया। महिलाओं को चोट आई है।

स्कूटी पर अटल आवास निवासी खिलेश्वर साहू (25), सलमा (25) और कुमोदनी गोड़ सवार थे। तीनों दोस्त थे और रात में घूमने निकले थे। गंजपारा रोड से इंदिरा मार्केट की ओर जाते समय पुलगांव से मालवीय रोड की ओर जा रहा डंफर तीनों को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। डंफर डंपिंग यार्ड जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ड्राइवर की लापरवाही से हादसा हुआ है।

इस दुर्घटना में खिलेश्वर और सलमा की मौत हो गई, जबकि कुमोदनी घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद कुमोदनी को छुट्टी दे दी गई। था। डीएसपी भारती मरकाम ने बताया कि जांच से पता चल पाएगा कि क्या डंफर चालक की लापरवाही के कारण गंभीर हादसा हुआ। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है और उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

ट्रेन की चपेट में आने से इयरफोन लगाकर गाना सुन रहे युवक की मौत

दुर्ग/नवप्रदेश। ट्रेन की चपेट में आने से आज दुर्ग में एक युवक की मौत हो गई। सुबह 7:45 बजे ठगड़ा बांध रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय युवक मोबाइल पर गाना सुन रहा था। कानों में इयरफोन लगाकर गाना सुनने के कारण उसे अंतागढ़ से रायपुर जा रही ट्रेन के आने का पता नहीं चला। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

मृतक विष्णु यादव (22 साल) मजदूरी करने टिफिन लेकर घर से निकला था। ट्रेन की टक्कर लगने के बाद युवक करीब 50 मीटर तक घिसटते चला गया। शव के कई हिस्से रेलवे ट्रैक पर बिखर गए। मृतक विष्णु यादव विद्युत नगर के पास जोगी नगर का निवासी था। हादसे के बाद युवक का टिफिन और मोबाइल चार्जर केबल रेलवे ट्रैक के पास बिखरा पड़ा था।

स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन और पुलिस को सूचना दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। विष्णु यादव अपने माता-पिता के तीन बेटों में सबसे छोटा था। उसका परिवार मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता है। इस आकस्मिक घटना से परिवार सदमे में है।

कुपोषण नियंत्रण में दुर्ग की बड़ी उपलब्धि पोषण ट्रैकर में प्रदेश में मिला पहला स्थान

आंगनबाड़ी केंद्रों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए - कलेक्टर

दुर्ग/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का समापन आज लोक निर्माण विभाग के सभागार में गरिमामय आयोजन किया गया। 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक चले इस पोषण अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के शुभारंभ के साथ हुई थी। ग्रोथ मॉनिटरिंग डेटा के अनुसार पोषण ट्रैकर एप में दुर्ग जिला प्रदेश में सबसे कम कुपोषण वाले जिलों में पहले स्थान पर रहा। पोषण माह के दौरान जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में थीम आधारित गतिविधियाँ प्रतिदिन आयोजित की गईं। समापन अवसर पर पोषण थाली, सलाद सजावट, रेडी-टू-ईट और छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई, जिसका निरीक्षण कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा किया गया। कलेक्टर ने मेधावी छात्राओं, किशोरी बालिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पोषण माह में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। महापौर अलका बाघमार द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने, पांच महिलाओं को पीएमएमवीवाय का चेक, छ.ग. महिला कोष का चेक, सक्षम योजना का चेक वितरण कर पांच महिलाओं का गोदभराई व पांच बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया।

कलेक्टर ने कहा कि पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से की गई मॉनिटरिंग में दुर्ग जिला प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है। यह उपलब्धि सभी की मेहनत और लगन का नतीजा है। कुपोषण की स्थिति में सुधार स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है। पोषण ट्रैकर के माध्यम से बच्चों के वजन, लंबाई, और आंगनबाड़ी केंद्रों की उपस्थिति की जानकारी सीधे मिल रही है।

कलेक्टर ने कहा कि डेटा में सिर्फ वास्तविक जानकारी ही दर्ज करें, ताकि बच्चों की वास्तविक स्थिति पता चल सके। आंगनबाड़ी केंद्रों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। अगर केंद्रों में किसी प्रकार की संसाधन की कमी है, तो विभाग द्वारा उसकी पूर्ति की जाएगी, लेकिन खाने में गड़बड़ी जैसी शिकायतें बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुलें, कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहें और बच्चों के पोषण और देखभाल में कोई कमी न रहे, यही सुपोषण का सही मार्ग है।

इमर्जेंसी में मानसिक स्वास्थ्य की सुलभता का बताया महत्व

दुर्ग/नवप्रदेश। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय दुर्ग के मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रीमा राजेश के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला का विषय एक्सेस टू सर्विसेस मैंटल हेल्थ इन कैटेस्ट्रोफ्स एंड इमरजेंसीज रहा, जिसका उद्देश्य आपदाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता और प्रभावशीलता के महत्व पर प्रकाश डालना था।

मुख्य अतिथि डॉ. सांगा, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, सीसीएम हॉस्पिटल द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर सीसीएम हॉस्पिटल की मैट्रन और प्राचार्य डॉ. रीमा राजेश भी उपस्थित रहीं। स्वागत भाषण में डॉ. रीमा राजेश ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संकट की परिस्थितियों में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

कार्यशाला के दौरान डॉ. मैनाक देब सिकदार, मनोचिकित्सक, सीसीएम हॉस्पिटल ने इंटीग्रेटिंग मैंटल हेल्थ इन टू इमरजेंसी प्रिपेरेडनेस एंड डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर व्याख्यान दिया। एंजेलिना वैभव लाल नर्सिंग अधिकारी सेंदरी मानसिक चिकित्सालय, बिलासपुर ने एंपावरिंग नर्सेस टू डिलीवर साइकोलॉजिकल केयर इन क्राइसिस रिस्पांस विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. ममता शशि साहू सहायक प्राध्यापक जीसीओएन दुर्ग ने स्ट्रेटेजिस टू असेस मैंटल हेल्थ ड्यूरिंग कैटेस्ट्रोफ्स एंड इमरजेंसीज विषय पर प्रस्तुति दी।

बीएससी. नर्सिंग (6 वें सेमेस्टर) की छात्राओं ने आपदा की परिस्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सहायता से संबंधित रोल प्ले प्रस्तुत किया। इसके बाद एमएससी नर्सिंग छात्राओं ने लाफ्टर थेरेपी (लॉटर थेरेपी) का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में डॉ. सांगा (मेडिकल सुपरिटेंडेंट, सीसीएम हॉस्पिटल), मैट्रन (सीसीएम हॉस्पिटल), शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश्वरी कुम्भकार, डेमॉन्स्ट्रेटर, मानसिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन मीना चंद्राकर ने प्रस्तुत किया।

मजबूत और विकसित भारत की नींव है आत्मनिर्भर भारत : अजय चंद्राकर

■ वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने और स्वदेशी अपनाने से होगा पूर्ण - सांसद बघेल

पाटन/नवप्रदेश। भाजपा का पाटन विधानसभा स्तरीय आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता कुरूद विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर रहे। इस दौरान अतिथि सांसद विजय बघेल, भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाने, स्वदेशी अपनाने, वोकल फॉर लोकल अपनाने का आह्वान किया। सम्मेलन में अतिथि दयाराम साहू, दिलीप साहू, विनोद अरोरा, हर्षा चंद्राकर, मंत्री शैलेंद्री मंडावी, रानी बंछोर, कमलेश चंद्राकर, धर्मेंद्र सिन्हा, ज्योति प्रकाश साहू, दिव्या कलिहारी, जिपं सभापति नीलम चंद्राकर,

कल्पना साहू, पाटन जपं अध्यक्ष कीर्ति नायक, नपा अध्यक्ष मीना वर्मा, अमलेश्वर नपा अध्यक्ष दयानंद सोनकर, पाटन नपं अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, राजेश चंद्राकर उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान' से उत्प्रेरित होकर देश प्रत्येक क्षेत्र में विकास कर अपने पैरों पर खड़ा होगा। भारत के आत्मसम्मान की भावना को साकार करने के लिए ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारत अभियान' की शुरुआत की। पीएम मोदी ने 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। चंद्राकर ने कहा कि पीएम मोदी ने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण के क्षेत्र में हुई भारत की प्रगति का हवाला दिया। सांसद बघेल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में लोकल को बढ़ावा देना, आयात को घटकर निर्यात को बढ़ावा देना है। भाजपा प्रदेश मंत्री जितेंद्र वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों को सशक्त बनाने और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा की रक्षा के लिए घरेलू स्तर पर उर्वरकों के उत्पादन की तत्काल जरूरत पर बल दिया। जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, अंतरिक्ष और विनिर्माण के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाया है।

गौरा विसर्जन और छठ पूजा से पहले तालाब सफाई शुरू

रिसाली/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने दीपावली और छठ पूजा के मौके पर तालाबों की सफाई करने अभियान तेज करने के निर्देश दिये हैं। हाल ही में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने त्यौहार को लेकर निर्देश देते हुए समय रहते सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये थे। विधायक के निर्देशों के बाद निगम आयुक्त ने तालाबों की सफाई करने 50 से भी ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने निर्देशित किया है। सभी तालाबों की सफाई का अभियान चल रहा है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश देते हुए कहा है कि त्यौहार को ध्यान मे रखते हुए तालाबों की सफाई का काम रोज किया जाए। लक्ष्मी पूजन के दिन गौरा-गौरी पूजा शुरू होती है। बाद में प्रतिमा विसर्जन किया जाता है। इसके बाद छठ पर्व के दौरान तालाबों में पूजा अर्चना की जाती है। आयुक्त ने कहा कि त्योहार से पहले सभी तालाबों की पूर्ण साफ-सफाई होनी चाहिये। तालाबों में जमा कमल ककड़ी और जल कुम्भी निकालने का कार्य भी किया जाए। स्वच्छता एजेंसी को सफाई कार्य के लिये सभी संसाधन उपलब्ध कराने कहा गया है।

आयुक्त ने गुरुवार को कल्याणी मंदिर और वीआईपी नगर तालाब का निरीक्षण भी किया। आयुक्त ने दीपावली और छठ पूजा की तैयारियों को लेकर सब इंजीनियरों को जिम्मेदारी दी है। जिस वार्ड में तालाब है, वहां के सब इंजीनियर तालाब सफाई के प्रभारी होंगे। तालाबों में छठ पूजा के लिए अस्थाई घाट का निर्माण करने के निर्देश भी दिये गए हैं।

सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा, आवेदन 30 तक

दुर्ग/नवप्रदेश। रक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित सैनिक स्कूल अम्बिकापुर, मेण्ड्राकलां, जिला सरगुजा में सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वीं से 9 वीं में एडमिशन के लिये प्रवेश परीक्षा एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी) द्वारा जनवरी में आयोजित की जाएगी। इच्छुक आवेदक सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश के लिये राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के अधिकारिक वेबसाइट पर 30 अक्टूबर निर्धारित है। प्रवेश के लिए शाम 5 बजे तक आवेदन किए जा सकते हैं। परीक्षा की तिथि और प्रवेश पत्र संबंधी अन्य जानकारी परीक्षा एजेंसी के अधिकारिक वेबसाईट पर बाद में घोषित की जाएगी।

केनाल रोड के किनारे भारी वाहनों की पार्किंग देख कमिश्नर ने चालानी कार्रवाई करने दिये निर्देश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। निगम कमिश्नर राजीव पांडेय और जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने आज वार्ड 48 का निरीक्षण किया। सड़क किनारे लगाए गए उखड़े पेवर ब्लाकों को दुरुस्त करने संधारण कार्य करने के निर्देश दिये गए। स्थानीय निवासी द्वारा नाली पानी का बहाव रोकने की शिकायत मिलने पर कमिश्नर ने नाली के ऊपर बने अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिये। केनाल रोड में दोसा सेंटर के सामने पार्किंग और भीड़ के कारण रोड पर आवागमन बाधित होने की शिकायत मिली। व्यवस्था दुरुस्त

करने निर्देशित किया गया। आयुक्त ने केनाल रोड के समीप सुलभ शौचालय का अवलोकन भी किया। शौचालय में लगे नल की टोंटी चोरी किये जाने की जानकारी मिलने पर चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ संचालकों पर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जोन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ संचालकों का पता लगाया जा रहा है। मौके पर शौचालय संचालित करने वाले समूह का स्टाफ मौजूद न होने पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। केनाल रोड से लगे हुए जोन 4 में निर्माणाधीन उद्यान का निरीक्षण भी किया गया। उद्यान के भीतर लगे जिम सामग्री को अज्ञात लोगों द्वारा चोरी के उददेश्य से उखाड़ दिया गया था। इसका संधारण कर शीघ्र लगाने के निर्देश सहायक अभियंता को दिये गए। केनाल रोड के किनारे भारी वाहन चालकों द्वारा वाहन खड़े कर दिये गए हैं। इसके कारण आवागमन में परेशानी हो रही है। वाहन चालकों के उपर चालानी कार्यवाही करने सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू को निर्देशित किया गया है।

रूंगटा यूनिवर्सिटी में प्रशिक्षण कार्यशाला... हेमचंद विवि और रविवि ने छात्रों के दस्तावेजों को नहीं किया डिजिटल

बैंक की तरह एबीसी खाता, उम्र भर सुरक्षित रहेंगी अंकसूची और डिग्रियां

भिलाई/नवप्रदेश। इस साल दिसंबर तक प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में 235 प्रयोगशाला तकनीशियन और 420 लैब अटेंडेंट की नियुक्ति की जाएगी। इसके अलावा नए साल में कॉलेजों में 252 प्राध्यापक और 625 सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति होगी। प्रदेश के शासकीय कॉलेजों में 50 स्पोर्ट्स ऑफिसर और 25 लाइब्रेरियन की नियुक्ति भी होंगी। उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त संतोष देवांगन ने यह जानकारी दी। वे रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में ऑटोमेटेड पर्मानेंट एकेडमिक अकाउंट के तहत एबीसी आईडी पर हुई प्रशिक्षण कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे

थे। प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के कॉलेजों के प्राचार्यो के साथ विश्वविद्यालयों के कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक शामिल हुए। आयुक्त ने कहा कि, प्रदेश में सिर्फ बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने एबीसी को लेकर कड़े नियम बनाए हैं, जिससे एबीसी को लेकर उनकी स्थिति अन्य विवि से कई गुना बेहतर है। हेमचंद विश्वविद्यालय और रविवि ने अभी तक अपने छात्रों के दस्तावेजों को एबीसी के तहत डिजिटल नहीं किया है। इन विश्वविद्यालयों के पास सिर्फ 30 नवंबर तक का समय है, जिसमें लाखों विद्यार्थियों की मार्कशीट और डिग्रियों को डिजीलॉकर में फीड करना है, जिससे छात्रों को इसका फायदा मिल सके। जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति अपने मूर्तरूप तक नहीं पहुंचेगी। आयुक्त ने बताया कि डिजिटल शैक्षणिक रिकॉर्ड छात्र के जन्म से लेकर उच्च शिक्षा तक के सभी शैक्षणिक रिकॉर्ड्स (मार्कशीट, डिग्री, प्रमाण पत्र, पुरस्कार आदि को डिजिटल रूप से एक ही जगह सुरक्षित रखता है, जो डिजी लॉकर से जुड़ा होता है। एक स्कूल से दूसरे स्कूल या कॉलेज में जाने पर छात्रों को बार-बार अपने दस्तावेज साथ लेकर घूमने की जरूरत नहीं होगी। अभी तक छत्तीसगढ़ के 55 लाख छात्रों की मार्कशीट अपलोड कर दी गई हैं, लेकिन सिर्फ 12 लाख डिग्रियां अपलोड हो पाई हैं। यदि विश्वविद्यालय अपना दीक्षांत समारोह कराए तो उसी दिन अपने डिग्रीधारियों की डिग्रियां डिजीलॉकर में अपलोड कर दें ताकि छात्र इसे कहीं से भी एक्सेस करें। कार्यक्रम रूंगटा यूनिवर्सिटी की अगुवाई में कराया गया, जिसमें उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. जीए घनश्याम भी शामिल हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने की। उन्होंने कहा कि एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट वह अकाउंट है, जो छात्र की जीवनभर की पढ़ाई को सुरक्षित रखने का काम करता है। ऐसे में हर छात्र को इससे जोडऩा अनिवार्य है। कार्यक्रम के समन्वयक रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. एजाजुद्दीन थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सत्यधर्म भारती ने किया।

सांसद खेल महोत्सव से प्रतिभावान खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर अवसर : नपा अध्यक्ष

जामुल/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र में सासंद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से सिर्फ खेलना ही नहीं बल्कि क्षेत्र के बच्चों व युवाओं में शारीरिक और मानसिक ऊर्जा पैदा करना है।

प्रतियोगिता के माध्यम से योग्य और क्षमतावान खिलाडियों को ऊंचाई पर ले जाने के लिए एक मंच प्रदान करना भी खेल महोत्सव का अहम उद्देश्य है। ताकि, खिलाड़ी उच्च स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने चयनित हो सकें।

सांसद खेल महोत्सव के दूसरे दिन खो-खो, कबड्डी, 100 मीटर और 400 मीटर दौड़, एथलेटिक्स व गेड़ी दौड़ का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी हरीश साहू, पार्षद दीपक गुप्ता, खम्हन ठाकुर, आयोजन प्रभारी हिम्मत मंडावी, ऋषिकांत शुक्ला सहित शिक्षक शिक्षिका दुलारी ध्रुव, रिखीराम पारकर, छबि लाल साहू, जागेश्वर पठारी, अनिल चौधरी, दीप्ती गुप्ता, नीता साहू, संतोष कुमार जंघेल, फुलेश्वरी साहू, नंदनी साहू, मुद्रिता पाण्डेय, रीता दुबे, लीला कुंजाम, ललित साहू, लुकेश्वर साहू, बसंत चंदेल, अशोक वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे।

दो परिवारों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृत दी है। इसके तहत बोड़ला अनुविभाग अंतर्गत ग्राम लालपुरकला निवासी मोहित पटेल की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नि रेखा पटेल को और ग्राम चिखली निवासी तुशाल धुर्वे की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता श्री रोहित गोंड को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

जिले में 25 अक्टूबर तक ही होगी राशनकार्ड की ई केवाईसी

खैरागढ़/नवप्रदेश। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशनकार्डधारियों की ई केवाईसी पूर्ण कराने शासन द्वारा समयसीमा 25 अक्टूबर तय की गई है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने इस संबंध मे दिशा निर्देश जारी किए है । खैरागढ़ जिले में कुल 1,18,516 राशनकार्ड प्रचलित हैं, जिनमें पंजीकृत 4,21,685 सदस्यों में से 3,65,086 सदस्यों की ईकेवाईसी पूर्ण हो चुकी है, जबकि 56,599 सदस्यों की ई केवाईसी शेष है। अधिकारियों को कहा गया कि शेष पात्र सदस्यों की ई केवाईसी निर्धारित समयसीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण कराई जाए। इसके लिए कोटवारों से ग्रामों में मुनादी कराने, ग्राम पंचायतों के सहयोग से व्यापक प्रचार-प्रसार करने निर्देश दिए गए है । पात्र हितग्राही प्रक्रिया से वंचित न रहे। इसके लिए नजदीकी राशन दुकान या निर्धारित केंद्रों में जाकर शीघ्र ईकेवाईसी पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए गए है ।

गातापार जंगल हाईस्कूल की 29 छात्राओं को वितरित किया सरस्वती साइकिल

खैरागढ़/नवप्रदेश। वनांचल ग्राम गातापार जंगल स्थित शाउमाशा मे निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम क्षेत्रीय जिपं सदस्य अरूणा सिंह के मुख्यआतिथ्य मे संपन्न हूआ । कार्यक्रम में कक्षा 9 में अध्यनरत 29 बालिकाओं को राज्य सरकार के द्वारा निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया । मुख्य अतिथि सिंह ने छात्राओ को तिलक लगाकर साइकिल पर पुष्प चढ़ाकर संबोधित किया । कार्यक्रम में बरगांव नवागांव उपसरपंच मानिक यदु ने 5 वर्ष तक 10 वी के -छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में 80 फीसदी अंक लाने पर रजत पदक देने की घोषणा कर छात्रछात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की । कार्यक्रम में भाजपाजिलाध्यक्ष डॉ बिसेसर साहू ,पूर्व अध्यक्ष घम्मन साहू ,मंडल अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा ,नरोत्तम सिन्हा नंद कुमार नेताम जनपद सदस्य शैलेंद्र त्रिपाठी ,शैलेंद्र मिश्रा ,उमेश साहू सरपंच ,शाला विकास समिति अध्यक्ष मानिक यदू प्रमोद जंघेल ,तरेंद्र साहू ओंमकार सिंह यतराम , गणेश पटेल ,सूर्या झा , कृष्णा वर्मा ,सरपंच मालती वर्मा , चैनलाल नेताम , मुकुंद , बृजलाल पड़ोटी प्राचार्य ममता अग्रवाल सहित शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

महाबोधी विहार समिति ने मनाया धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस

खैरागढ़/नवप्रदेश। महाबोधि विहार समिति खैरागढ़ द्वारा 69 वां धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बौद्ध विहार निर्माण स्थल सिविल लाईन में त्रि सरण पंचशील का वाचन किया गया। इसके बाद अम्बेडकर चौक में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । कार्यक्रम में समिति के सरंक्षक मधुकर चोखान्द्रे ,अध्यक्ष उत्तम बागड़े, भोजराज ऊके, विमल बोरकर, राजकुमार बोरकर , प्रवेश मेश्राम, दलवीर मेश्राम ,अनिल सहारे, सपना गणवीर, सुनीता रंगारी,पंचशीला सोनटक्के, भरत वानखेड़े, बंटी मेश्राम, ऋषि दत्त सहारे, पाटिल महिला अध्यक्ष कविता नागदेवे ,मिनाक्षी चोखान्द्रे, सिंकी मेश्राम, सुनीता रंगारी , वनिता वाहने, अनीता मेश्राम, सपना गणवीर, सुभद्रा नागवंशी, संध्या मेश्राम , अनीता उके, मुस्कान चौरे, सरस्वती चौरे सहित अन्य उपासक उपासिका मौजूद रहे।

साइकिल पाकर छात्राओं के खिले चेहरे

खैरागढ़/नवप्रदेश। महत्वाकांक्षी सरस्वती साईकिल योजना के अंतर्गत ब्लॉक के विभिन्न हाईस्कूलों बफरा, मड़ौदा एवं अतरिया में अध्ययनरत कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य अतिथि में किया गया। जब छात्राओं ने साइकिल पाकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें स्कूल आने-जाने में कोई कठिनाई नहीं होगी और वे नियमित रूप से पढ़ाई कर सकेंगी। साइकिल मिलने से समय की भी बचत होगी और सुरक्षा की दृष्टि से भी यह बहुत उपयोगी सिद्ध होगी। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। सरस्वती साइकिल योजना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी छात्रा की शिक्षा केवल आने-जाने की असुविधा के कारण बाधित न हो।

स्वास्थ्य विभाग के दो क्लर्क ने ड्राइवर से मागी रिश्वत, गिरफ्तार

जाल बिछाकर एसीबी ने की कार्रवाई

बालोद/नवप्रदेश। बालोद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यालय में पदस्थ दो क्लर्क (बाबू) युगल किशोर साहू और सुरेंद्र कुमार सोनकर को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित अधिनियम 2018) की धारा 7 के तहत मामला दर्ज करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने रिश्वत के साथ रंगे हाथ पकड़ा है। एसीबी द्वारा शिकायतकर्ता मुकेश कुमार यादव की सूचना के आधार पर जाल बिछाकर उसे पकड़ा गया। शिकायतकर्ता को पैसे देकर भेजे गए थे। जिसमें फेनोल्पथीलीन केमिकल (पाउडर) मिलाया गया था। जैसे ही दोनों बाबू ने रिश्वत के पैसे लिए, उनके हाथों में केमिकल लग गया और कुछ देर बाद जाल बिछाए रिश्वत खोर पकड़ने के लिए बैठे एसीबी की टीम ने दोनों बाबुओं को दबोच

लिया। दोनों के हाथों का टेस्ट लिया गया तो उसमें केमिकल का कलर सामने आया। इस तरह दोनों बाबू रिश्वत लेते रहेंगे हाथ पकड़े गए। मजेदार बात यह है कि अपने ही विभाग में पदस्थ एक स्टाफसे ही उन्होंने विभागीय काम करने के बदले रिश्वत मांगी थी। कुल 50000 की रिश्वत मांगी गई थी। जिसमें से शिकायत कर्ता मुकेश कुमार यादव द्वारा ?20000 पहले ही दिया जा चुका था। गुरुवार को 30000 उन्हें दिया गया। इसी दौरान एसीबी ने दोनों आरोपी को पकड़ लिया। देर शाम तक कार्यालय में एसीबी की कार्रवाई चलती रही अन्य दस्तावेजों की छानबीन भी होती रही। यह जानने का भी प्रयास किया जा रहा है कि इस तरह और कहीं कार्यालय में कोई रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार तो नहीं हो रहा है। वहीं कार्रवाई से स्वास्थ्य महकमे में हलचल मचा हुआ है उच्च अधिकारियों का कहना है कि ऐसी घटना से हम सब स्तब्ध हैं। सोचे नहीं थे कि दोनों क्लर्क इस तरह की हरकत करेंगे। दोनों विभाग में पदस्थ नियमित कर्मचारी हैं। इस मामले में जब हमने सीएमएचओ से विभागीय कार्यवाही को लेकर जानने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

जानिए मामला क्या था

जानकारी अनुसार आरोपी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत हैं। आरोपी बाबू युगल किशोर साहू और सुरेंद्र कुमार सोनकर ने सीएमएचओ कार्यालय के वाहन चालक मुकेश कुमार यादव से 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

साय एवं विधानसभा अध्यक्ष ने कैलाश खेर के कार्यक्रम में शिरकत की

छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में डॉ. रमन सिंह का महत्वपूर्ण योगदान : मुख्यमंत्री

प्रख्यात गायक पद्मश्री कैलाश खेर के सुमधुर गीतों से सजी शाम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर पर स्टेट हाई स्कूल प्रांगण में युवा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित कैलाश खेर राग नांदगांव कार्यक्रम में शिरकत की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने देर रात्रि तक देश के प्रख्यात बॉलीवुड सिंगर पद्मश्री कैलाश खेर के सुमधुर गीतों का आनंद लिया। भारतीय लोक संगीत एवं सूफी गायन की अलहदा शैली से पद्मश्री कैलाश खेर ने महफिल में समां बांध दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को प्रदेश की तीन करोड़ जनता की ओर से जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज का यह क्षण गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक है। आज हम प्रदेश की संस्कारधानी राजनांदगांव की इस पवित्र भूमि में हम सब के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि, छत्तीसगढ़ के तीन बारे के मुख्यमंत्री रहे, केन्द्रीय मंत्री रहे, वर्तमान में विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का जन्मदिन मनाने के लिए प्रदेश भर से यहां पहुंचे है। उन्होंने कहा कि प्रभु से प्रार्थना है कि डॉ. रमन सिंह स्वस्थ एवं दीर्घायु रहे और आगे भी इसी तरह से देश एवं प्रदेश व जनसेवा करते रहे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया। छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के समय यहां ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्यान्न की कमी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा अधिनियम के माध्यम से जनसामान्य को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत चावल का वितरण किया। जिसके कारण वे चाऊर वाले बाबा के नाम से देश में विख्यात हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए अधोसंरचना शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, विद्युत सहित अन्य सुविधा पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य किया। उनके मुख्यमंत्री के कार्यकाल में सरगुजा, बस्तर जैसे जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में विकास के लिए विशेष तौर पर कार्य किया। उन्होंने जशपुर एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण का गठन किया तथा अभी वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष के रूप में प्रदेश का नेतृत्व कर रहे है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव के नागरिकों ने मुझे विधायक सांसद, केन्द्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष बनने का अवसर दिया है।

पीएम सूर्यघर योजना से उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ

- **सब्सिडी से उपभोक्ता को मिल रही 75 प्रतिशत तक की छूट**

कवर्धा/नवप्रदेश। सौर ऊर्जा से किफायती बिजली पैदा कर घरों को रोशन करने और बिजली बिल में बड़ी राहत के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर योजना में मिल रही भारी सब्सिडी से अब सोलर सिस्टम की लागत काफी कम हो गई है। पीएम सूर्यघर योजना के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी के साथ राज्य सरकार भी सब्सिडी दे रही है। केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार तक की सब्सिडी दी जा रही है, वहीं राज्य सरकार ने 30 हजार तक सब्सिडी प्रदान किया जा रहा है। इससे उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ होगा। एक ओर जहां बिजली बिल में राहत मिल रही है वहीं सब्सिडी से सोलर सिस्टम लगाने की लागत भी काफी कम आ रही है।

केंद्र व राज्य शासन की सब्सिडी से लागत में बड़ी राहत : प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना में केंद्र सरकार की ओर से सब्सिडी दी जाती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा भी हितग्राहियों को 30 हजार तक की सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान किया गया है। जिससे सोलर सिस्टम लगाने की लागत काफी कम हो गई है। इसमें 1 किलो व्हाट लगाने की लागत करीब 60 हजार रूपये आती है, इस पर केंद्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार सहित कुल 45 हजार रूपये सब्सिडी मिलते हैं, उपभोक्ता पर सिर्फ15 हजार रुपए का भार आता है। इसी प्रकार 2 किलो वाट पर 1 लाख 20 हजार रुपए की लागत पर केंद्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 90 हजार सब्सिडी उपभोक्ता को प्राप्त होती है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से बना अश्वनी का अशियाना

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के माध्यम से राजनांदगांव शहर में कुल 7956 आवासो की स्वीकृति बी.एल.सी. (हितग्राही द्वारा स्वयं से आवास निर्माण) के तहत शासन से प्राप्त हुई है। इस स्वीकृति के विरूद्ध महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वमकर्मा के मार्गदर्शन में नगर के विभिन्न वार्डो में 7740 आवासो का निर्माण पूर्ण हो गया है तथा 216 आवास विभिन्न स्तरो पर निर्माणाधीन है।

आवास योजना का लाभ लेकर स्वयं के आवास में रहने वाले शहर के वार्ड क्र. 34 कन्हारपुरी रहवासी रोजी मजदूरी करने वाले श्री अश्वनी विश्वकर्मा पिता स्वर्गीय श्री आनंद विश्वकर्मा की कहानी है। शहर के ग्रामीण वार्ड 34 में एक मिट्टी के कच्चे घर में रहकर अपना जीवन यापन

करने वाले विश्वकर्मा परिवार अपनी आप-बीती बताते हैं कि बारिश का मौसम सभी के लिए फुंव्वारों में मौज करने का समय होता है, पर बारिश हमारे परिवार के लिए सदा एक मुसीबत का कारण बनकर आती थी। कच्चा घर जिसकी चारों दीवारों मिट्टी की बनी थी, हर बार घर के पीछे पानी एकत्रित होने से पीछे की दीवार गिर जाती थी, बारिश में एक तो निर्माण कार्य नहीं होने से मजदूरी का कार्य नहीं चलता था, तंगहाली रहती थी, दूसरा हर वर्ष बारिश में यह नुकसान हमारे जीवन को जीना दू-भर कर रखा था।

रुखमणी बाई के खाते में होगा पीएम आवास किश्त की राशि

बालोद। जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुसुमकसा निवासी श्रीमती रुखमणी बाई पति श्री गन्धुराम के बैंक के खाते में शीघ्र ही प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय किश्त की राशि का अंतरण होगा। जपं डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में रूखमणी बाई को आवास स्वीकृत किया गया है। जिसकी प्रथम किश्त की राशि 40 हजार रूपये 09 अप्रैल 2025 को संबंधित द्वारा प्रदाय खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित किया गया। निर्धारित स्तर तक निर्माण कार्य पूरा करने के उपरांत जियोटैगिंग पश्चात् द्वितीय किश्त 55 हजार रूपये हेतु जनपद पंचायत डौण्डी द्वारा एफ्टीओ साइन किया गया।

शहर को साफ-सुथरा रखने में स्वच्छता दीदीयों की महत्वपूर्ण भूमिका : विस अध्यक्ष रमन सिंह

विधानसभा अध्यक्ष स्वच्छता दीदी सम्मान समारोह में हुए शामिल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम राजनांदगांव में स्वच्छता दीदी सम्मान समारोह में शामिल हुए। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित पालन घर के लिए कार्यकर्ता एवं सहायिका को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने नगर से सभी स्वच्छता दीदीयों का सम्मान किया। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा रखने में स्वच्छता दीदीयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राजनांदगांव शहर को स्वच्छ बनाने में सुबह से लेकर शाम तक कार्य करती है ऐसी स्वच्छता

दीदीयों का सम्मान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माता लक्ष्मी वहीं आती है जहां स्वच्छता का वास होता है। उन्होंने कहा कि नगर की सपन्नता को आगे बढ़ाने के लिए स्वच्छता दीदी कार्य करती है। स्वस्थ राजनांदगांव और संपन्न राजनांदगांव को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि आज स्पीकर हाउस में दिव्यांगजनों को 500 से अधिक सहायक उपकरण का वितरण किया गया। शासन की योजना के अनुसार छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय शुरू किया गया।

मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन अभियान शुरू किया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 450 दीदीयां कार्य कर रही है और उन्हें रोजगार का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने स्वच्छता दीदीयों के मानदेय में एक हजार रूपए की वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि 4 माह के प्रयास से स्वच्छता के क्षेत्र में जिले को देश में 14वां स्थान मिला है। इसके लिए सभी स्वच्छता दीदीयों को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने संकल्प लेते हुए कहा कि आने वाले वर्ष में टॉप 5 में लाने का प्रयास किया जाएगा।

विजय शर्मा के प्रयासों से गन्ना किसानों को तोहफा

कवर्धा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों एवं किसान हितैषी दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा द्वारा जिले के गन्ना उत्पादक किसानों को दीपावली पर्व के अवसर पर बड़ा आर्थिक लाभ प्रदान किया गया है। कारखाना प्रबंधन द्वारा पिछले पेराई सत्र में गन्ना विक्रय करने वाले किसानों को शासन की ओर से 11.09 करोड़ रुपये का बोनस भुगतान किया गया है। यह बोनस भुगतान उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के विशेष

पहल एवं प्रयासों से संभव हुआ है। उनके नेतृत्व में किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध भुगतान और बोनस वितरण सुनिश्चित किया गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा ने पेराई सत्र 2024-25 के दौरान किसानों से खरीदे गए गन्ने का 115.44 करोड़ रुपये का संपूर्ण भुगतान कर प्रदेश की सभी शुगर मिलों में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि कारखाने की पारदर्शी कार्यप्रणाली, कुशल प्रबंधन एवं सहकारिता की सुदृढ़ भावना का परिचायक है। दीपावली से पूर्व किसानों को बोनस भुगतान प्राप्त होने से पूरे जिले के कृषक समुदाय में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त है। बोनस राशि के भुगतान न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाएगी, बल्कि किसानों का विश्वास को और अधिक मजबूत करेगी।

साइबर ठग गिरोह का चौथा आरोपी भी हुआ गिरफ्तार

बालोद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बालोद योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर व उप पुलिस अधीक्षक बालोद देवांश सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी डौण्डीलोहारा निरीक्षक मुकेश सिंह के नेतृत्व में थाना व साइबर सेल से एक टीम गठित कर एक फरार आरोपी की पतासाजी हेतु मधुपुर झारखंड राज्य भेजा गया था, टीम द्वारा वहां कैम्प कर लोकल इंट मुखबिर लगाकर और लोकल थाना के सहयोग से प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया।प्रकरण का मुख्य आरोपी जिसे गिरफ्तार कर बालोद लाया गया है उसका

नाम गिरफ्तार विकास कुमार दास पिता गुड्डू दास उम्र 23 साल निवासी ग्राम केसर गढा थाना मधुपुर जिला देवघर झारखंड है। आरोपी विकास कुमार दास के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड का होना पाया गया है।

प्रथम पेज का शेष

देश का सबसे बड़ा नक्सल...

कमांडर स्तर के भी नक्सली शामिल हैं। उन्हें जगदलपुर ले जाएगा। इसी तरह बीजापुर जिले के भैरमगढ़ में माड़ डिविजन के सौ से भी ज्यादा नक्सली अपने लीडर भूपति के नेतृत्व में समर्पण करने के इरादे से पहुंच गए हैं।

इसी क्रम में आज गुरुवार को बीजापुर में देश का सबसे बड़ा माओवादी आत्मसमर्पण हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक, नक्सली प्रवक्ता और डीकेएसजेडसी सदस्य रूपेश उर्फसतीश उर्फ आसन्ना अपने 130 साथियों के साथ जगदलपुर या बीजापुर के भैरमगढ़ में पहुंचकर बस्तर आईजी के समक्ष आत्मसमर्पण करेगें। यह देश का सबसे बड़ा माओवादी सरेंडर होगा।

नक्सलियों के बना रेड कॉरिडोर

सूत्रों के मुताबिक, माड़ डिवीजन के 130 से ज्यादा नक्सल आत्मसमर्पण करने के लिए जंगल से निकल चुके हैं। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में रुपेश समेत कई ऐसे नक्सली हैं, जिन पर लाखों रुपये इनाम घोषित हैं। इसमें जोनल कमेटियों के दूसरे बड़े नक्सली भी शामिल हैं। जंगल से बाहर निकलने वाले नक्सलियों के लिए एक सब कॉरिडोर की व्यवस्था की गई है। नक्सली प्रवक्ता रूपेश माड़ डिवीजन के स्पेशल जोनल कमेटी का मेंबर है।

शांतिवार्ता की पेशकश की थी

बता दें कि रूपेश नक्सली प्रवक्ता है, उसने ही हाल ही में प्रेसनोट जारी कर शांतिवार्ता की पेशकश की थी। प्रेसनोट में केंद्र सरकार से नक्सल विरोधी अभियान को छह महीनों के लिए रोकने की गुजारिश की थी। जिसे केंद्र और राज्य की बीजेपी सरकार ने सिरे से नकार दिया था। सरकार का कहना था कि गोली और बोली दोनों एक साथ नहीं हो सकता।

गृहमंत्री शर्मा बोले-रेड ...

जनता लाल आतंक नहीं चाहती है।

नक्सलवाद अब ...

हुए कहा कि उन्होंने हिंसा छोड़कर भारत के संविधान में भरोसा जताया है, यह एक साहसिक और सराहनीय कदम है।

दो दिनों में 258 नक्सलियों का आत्मसमर्पण : बता दें कि इससे एक दिन पहले छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 27 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था, जिनमें 10 महिलाएं और दो खतरनाक पीएलजीए बटालियन-01 के सदस्य भी शामिल थे। वहीं, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने बताया कि सीनियर माओवादी नेता मल्लोजूला वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति/सोनू ने 60 अन्य नक्सलियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया है।

हाई कोर्ट ने की नक्सली ...

ने सीबीआई, एसआईटी जांच और मुआवजे की मांग को ठुकरा दिया है। बता दें कि, नारायणपुर जिले में 23 सितंबर को हुए एनकाउंटर को फर्जी बता रेड्डी के बेटे ने याचिका लगाई थी। याचिका में कहा- पुलिस कस्टडी में मारकर उसे एनकाउंटर बताया गया था।

मुआवजे की रखी थी मांग

याचिका में सीबीआई और एसआईटी जांच की भी मांग की गई थी। साथ ही फर्जी एनकाउंटर का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की थी। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के डिवीजन बेंच में सुनवाई हुई थी। एक दिन पहले इस फैसले को सुरक्षित रखा गया था।

गुजरात में सीएम भूपेंद्र ...

मंत्री (एमओएस) हैं। बता दें कि, 182 सदस्यीय विधानसभा वाले गुजरात में 27 मंत्री या सदन की कुल संख्या का 15 प्रतिशत मंत्री हो सकते हैं। इस महीने की शुरुआत में, गुजरात सरकार में राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की जगह भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई के नए अध्यक्ष बने।

क्या गुजरात फॉर्मूले के चलते मंत्रियों को छोडऩा पड़ा पद?

2022 में गुजरात में विधानसभा चुनाव हुए थे। चुनाव से 15 महीने पहले सितंबर 2021 में राज्य की पूरी कैबिनेट बदल दी गई थी। इस बार राज्य में चुनाव को करीब 26 महीने बचे हुए हैं। हालांकि, इस बार मुख्यमंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया है सिर्फउनके कैबिनेट सहयोगियों ने पद छोड़े हैं। 2021 में तो पांच साल के अंदर दो बार मुख्यमंत्री बदल दिए गए थे। 2017 में जब चुनाव हुआ था, तब विजय भाई रूपाणी को सीएम बनाया गया था, लेकिन 2021 में उन्हें हटाकर भूपेंद्र पटेल को जिम्मेदारी दे दी गई।

बिहार में एनडीए की भारी ...

और मजबूती दे रही है कि बिहार में एनडीए की भारी बहुमत से जीत तय है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह, पार्टी के पदाधिकारीगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। जनसभा को किया संबोधितः आपको बता दें कि सीएम साय सुबह 11.35 बजे पटना के स्काउट एंड गाइड मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया। तारापुर विधानसभा प्रत्याशी सम्राट चौधरी के नामांकन रैली में शामिल हुए। मुंगेर विधानसभा के उम्मीदवार कुमार प्रणय के नामांकन रैली में शिरकत की। देर शाम विशेष विमान से रायपुर लौटे।

आंध्र प्रदेश को पीएम ने दी ...

करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से कुरनूल-3 पूलिंग स्टेशन पर ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण परियोजना की आधारशिला रखी। इस परियोजना में 765 केवी डबल-सर्किट कुरनूल-3 पूलिंग स्टेशन-चिलकलुरिपेटा ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण शामिल है, जिससे ट्रांसमिशन क्षमता में 6,000 एमवीए की वृद्धि होगी और देश के विकास को गति देने के लिए बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा का ट्रांसमिशन संभव होगा।

21000 करोड़ के निवेश से एक लाख रोजगार होंगे सृजित

इन केंद्रों से 21000 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होने और लगभग एक लाख रोजगार सृजित होने की उम्मीद है, जिससे दक्षिणी राज्य के रायलसीमा क्षेत्र में औद्योगिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने 960 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सब्बावरम से शीलानगर तक छह लेन वाले ग्रीनफील्ड राजमार्ग की आधारशिला रखी। इस परियोजना का उद्देश्य बंदरगाह शहर विशाखापत्तनम में भीड़भाड़ को कम करना और व्यापार एवं रोजगार को सुगम बनाना है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने पिलेरू-कलूर खंड सड़क के चार लेन के निर्माण, कडप्पा-नेल्लोर सीमा से सीएस पुरम तक चौड़ीकरण और राष्ट्रीय राजमार्ग 165 पर गुडीवाड़ा और नुजेला रेलवे स्टेशनों के बीच चार लेन वाले रेल ओवर ब्रिज (आरओबी) का उद्घाटन किया।

आयुष्मान भारत से 45 करोड़ ...

जिनका कुल इलाज का खर्च करीब 1,29,386 करोड़ रुपये है। इस योजना में देशभर के 30,000 से अधिक अस्पताल जुड़े हैं, जिनमें 55 प्रतिशत सरकारी और 45 प्रतिशत निजी अस्पताल शामिल हैं। इस योजना से मिलने वाले लाभार्थियों में 82 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों के लोग हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक 40.45 करोड़ आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जो करीब 14.69 करोड़ परिवारों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ पहुंचा रहे हैं। इस कार्ड की मदद से गरीब और जरूरतमंद परिवार बिना किसी आर्थिक चिंता के अस्पताल में इलाज करा सकते हैं। डिजिटल स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) ने भी बड़ी सफलता हासिल की है। इस योजना के तहत अब तक 76.5 करोड़ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) बनाए जा चुके हैं, जिनमें 51.3 करोड़ स्वास्थ्य रिकॉर्ड जुड़े हैं।

न्यूज गैलरी

स्टेडियम निर्माण के लिए भूमि आबंटन दावा आपत्ति 30 तक

महासमंद/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग महासमुंद द्वारा छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिला स्तरीय बहुउद्देश्यीय स्टेडियम निर्माण के लिए बरोंडाबाजार स्थित खसरा नंबर 398/1, रकबा 4.47 हेक्टेयर में 8 से 10 एकड़ शासकीय भूमि के चिन्हांकन एवं आरक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इस भूमि के आबंटन एवं स्वामी हक प्रदान किए जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, तो वे 30 अक्टूबर 2025 तक कार्यालयीन अवधि में तहसील न्यायालय महासमुंद में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

दुर्घटना में स्कूटी सवार घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे-353 मन्नू गैरेज के पास दुर्घटना में स्कूटी सवार घायल हो गया। रिपोर्ट पर कोतवाली में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को त्रिमूर्ति कॉलोनी निवासी सूरज मित्तल ने बताया कि 14 अक्टूबर की दोपहर करीब 2.30 बजे वह चाचा देवकी प्रसाद मित्तल के साथ कार सीजी 06 एचडी 7111 से अपनी फैक्ट्री मंगल स्टोन बेलसोंडा गए थे। वहां से दोपहर करीब 3.30 बजे उनके चाचा देवकी प्रसाद फैक्ट्री में रखी अपनी स्कूटी सीजी 06 जीएल 2152 से घर जाने के लिए निकले और वे अपने दोस्त रमेश रात्रे के साथ कार से आ रहा था। चाचा की स्कूटी को मन्नू गैरेज के पास स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीयू 7842 के चालक ने ठोकर मार दिया। गिरने से चाचा के कमर, छाती, गले के पास, कंधा, आंख के नीचे व सिर में चोट आई है। उन्हें जिला अस्पताल महासमुंद से रायपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है।

मतदाता जागरूकता स्वीप के तहत् कार्यक्रमों का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। शास. वीर सुरेन्द्रसाय महाविद्यालय गरियाबंद में मतदाता जागरूकता स्वीप के तहत् विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला -गरियाबंद के आदेशानुसार शासकीय वीर सुरेन्द्रसाय महाविद्यालय गरियाबंद में मतदाता जागरूकता के तहत दिनांक 09/10/2025 को परिचर्चा विषय -÷लोकतंत्र बनाम चुनावी राजनीति, क्या हम असली मुद्दे से भटक रहे हैं÷। पर परिचर्चा एवं निबंध प्रतियोगिता विषय -÷ लोकतंत्र में निर्वाचन प्रक्रिया पर मीडिया की भूमिका÷। तथा दिनांक 15/10/2025 को ÷ नारा लेखन एवं विडियो प्रस्तुति प्रतियोगिता÷। का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.के.तलवरे के मार्गदर्शन, प्रोफेसर नोडल स्वीप अधिकारी प्रेमानंद महिलांग , डॉ. मधुबाला मिश्रा, डॉ.प्रीतम साहू, श्री यशवंत पटेल ने सहयोग प्रदान किये एवं छात्र -छात्राएं ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

तीरंदाजी प्रतियोगिता में डोमेश्वरी ने जीता कांस्य पदक

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आर्चरी एसोसिएशन रायपुर द्वारा राज्य स्तरीय सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 15 अक्टूबर को खेल अकादमी रायपुर में किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिले के खिलाड़ी शामिल हुए। महासमुंद जिले से जिला तीरंदाजी संघ व खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद की डोमेश्वरी साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बॉल आश्रम बिहाझर बागबाहरा के तोरण यादव ने इंडियन राउंड में 682 अंक बनाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, चांदनी साहू ने इंडियन राउंड में 678 अंक बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

रामानुजगंज के चुमरा बिट में वन भूमि पर अतिक्रमण, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

ग्रामीणों ने वन कर्मचारियों की मिलीभगत और कब्जाधारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया

बलरामपुर/रामानुजगंज/नवप्रदेश। रामानुजगंज वन परिक्षेत्र के अंतर्गत सर्किल विजयनगर के चुमरा बिट स्थित वन कंपार्टमेंट नंबर पी-3461 में तेजी से हो रहे अतिक्रमण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने रेंजर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की है। वन विभाग के वर्तमान जमीनी कर्मचारियों के संरक्षण में वन भूमि में घर का निर्माण हो रहा है वहीं वन भूमि में रास्ता भी बनवा दिया गया है ऐसा आप ग्रामीणों ने लगाया।

ग्रामीणों का आरोप है कि वन भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लांटेशन को नुकसान पहुंचाया गया है। विशेष रूप से बांस के पौधों को उखाड़कर ट्रैक्टर से जुताई की गई, जिससे वन विभाग द्वारा कराए गए पौधरोपण कार्य को भारी क्षति हुई है। ग्रामीणों ने जमीनी स्तर के कुछ वन कर्मचारियों पर मिलीभगत कर कब्जाधारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया है।

पूर्व में भी सौंपा गया था ज्ञापन

ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले को लेकर पहले भी डीएफओ को ज्ञापन सौंपा गया था। शिकायत के अनुसार, कंपार्टमेंट नंबर पी-3461 में लगभग 32 लोगों ने अतिक्रमण किया था। इनमें से कुछ लोगों ने वहां मकान भी बना लिया था। 24 मई 2025 को वन विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए केवल 8 अतिक्रमणकारियों के मकानों को हटाया गया, जबकि शेष अतिक्रमण – खेती-बाड़ी और अन्य निर्माण – यथावत छोड़ दिया गया। इससे अन्य लोगों को भी अतिक्रमण के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

वन विभाग का पक्ष

इस संबंध में वनपाल मतीन अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत मिलने के बाद संबंधित अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस मिलने के बाद कुछ लोगों ने स्वयं ही अतिक्रमण हटा लिया है। हालांकि, वन भूमि पर अब भी धान की फसल लगी हुई है, जिसे हटाने के लिए एसडीओ की अनुमति ली जा रही है। अनुमति मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सभी के खिलाफन्यायसंगत कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि वन भूमि पर अतिक्रमण करने वाले सभी लोगों के खिलाफनिष्पक्ष एवं न्यायसंगत कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कब्जे की मंशा से प्लांटेशन की सुरक्षा हेतु लगाए गए बारबेड वायर और सीमेंट पोल को भी उखाड़ दिया गया है।

12 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर पिथौरा पहुंचते है

आजादी के 78 साल बाद भी तेंदूकोना भूरकोनी, बुंदेली पहुंच मार्ग विहीन

पिथौरा/नवप्रदेश। विकास के लाख दावों के बावजूद, महासमुंद जिले के तेंदुकोना-भुरकोनी-बुंदेली क्षेत्र के हजारों लोग आज भी पिथौरा ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क के मोहताज हैं। नगर के व्यस्तम मार्गो मे मुख्य मार्ग भुरकोनी से मोहंदा तक का लगभग 5 किलोमीटर की दुरी आजादी के 78 वर्षो मे भी ग्रामीणों के लिए किसी अभिशाप से कम नहीं। सड़क की बदहाली ऐसी है कि बड़े-बड़े गड्ढों के चलते अब लोग इस रास्ते से कतराने लगे हैं, और मजबूरी में 12 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर पिथौरा पहुंच रहे हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वन विभाग के अंतर्गत आने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग को 5 साल पहले पक्की करने की स्वीकृति मिल चुकी थी, टेंडर भी हो चुका था, और तो और, कागज़ों में ÓWBMÓ तक बन चुका है! मगर, ज़मीनी हकीकत इन सरकारी दावों को मुंह चिढ़ा रही है। सड़क पर सिर्फ मुरूम और जानलेवा गड्ढे ही नज़र आते हैं। खेड़ीगांव के उपसरपंच प्रतीक पटवा जैसे स्थानीय नेता लगातार शिविरों और सोशल मीडिया के माध्यम से इस मार्ग को पक्की करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी गुहार अनसुनी है।

वन विभाग पर 'कागज़ी' मरम्मत का आरोप - सरकारी मद की बर्बादी

स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग द्वारा हर साल इस मार्ग की मरम्मत के नाम पर भारी भरकम राशि कागज़ों में खर्च की जाती है। यह खर्च शासन के मद की सीधी बर्बादी है, क्योंकि इसके बावजूद सड़क की स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। गड्ढों की मरम्मत की मांग करने पर केवल झूठे आश्वासन दिए गए। वन विभाग ने रोड मरम्मत का भरोसा दिया था, लेकिन आज तक एक ट्रैक्टर मुरूम भी नहीं डाला गया। पूर्व में भी टेंडर लेने वाले ठेकेदार ने नाम मात्र का काम कर डामरीकरण नहीं किया, जिसकी जांच की मांग भी लंबित है।

प्रतिदिन हज़ारों का आवागमन

सरकारी कागज़ों में 'पक्की', ज़मीन पर 'खस्ताहाल'

स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मानें तो भुरकोनी से मोहंदा तक का यह 5 किलोमीटर का मार्ग पिछले कई वर्षों से सबसे बड़ी मांग रहा है। यह सड़क पिथौरा तहसील मुख्यालय, जनपद पंचायत, अस्पताल, कॉलेज, रजिस्ट्री ऑफिस और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए 40 से अधिक ग्राम पंचायतों के लोगों को जोड़ती है।

प्रभावित

पिथौरा ब्लॉक के लगभग 40 गांवों को जोड़ने वाला यह मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है, जबकि प्रतिदिन हज़ारों लोगों का आवागमन इस मार्ग पर होता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, और प्रशासनिक कार्यों के लिए प्रतिदिन यहां से गुजरने वाले ग्रामीण, अब मुख्य मार्ग के बजाय तेंदुकोना होकर 12 किलोमीटर का लंबा और थकाऊ फेरा लेने को मजबूर हैं।

अलग-अलग मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। मारपीट के दो अलग-अलग मामले में आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया गया है। बेमचा के संदीप साहू ने पुलिस को बताया कि 13 अक्टूबर की रात 10:30 बजे से 11 बजे के बीच वह और लीलाधर साहू खाना खाकर टहलनेके लिए पंचायत चौक की ओर निकले थे। पंचायत चौक में नंदलाल, दादू निर्मलकर और अन्य लोग ताश खेलते गाली-गलौज कर रहे थे। जब उन लोगों ने गाली-गलौज क्यों कर रहे हो पूछा, तब नंदलाल, दादू निर्मलकर ने तुम लोग कौन होते हो हमें बोलने वाले कहकर अपने पिता श्रवण निर्मलकर को बुलाकर लाए, बाद उनके (प्रार्थी) व लीलाधर साहू के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं दूसरे मामले में नयापारा वार्ड 7 के अमन साहू ने पुलिस को बताया कि 1 अक्टूबर की शाम 6 बजे वह बाइक से संतोषी मंदिर के पास गया था। बाइक को खड़ी कर संतोषी मंदिर के सामने दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम देख रहा था। तभी मोहल्ले के खिलेश भोसले और टिकेश्वर चंद्राकर धक्की-मुक्की करते हुए भवन में ले गए, वहां योगेश चंद्राकर और सचिन पटेल पहले से मौजूद थे, सभी पुरानी रंजिश को लेकर गालियां देने लगे और मारपीट की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

ससुर के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। बहू से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी के मामले में बसना पुलिस ने ससुर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। ताला की सोनिया चौहान ने शिकायत की है कि 11 अक्टूबर की शाम करीब 07 बजे वह घर में थी, उसी समय उसके ससुर रोहित चौहान ने घरेलू बात को लेकर वाद -विवाद करते हुए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी ससुर के खिलाफधारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मेडिकल कॉलेज के प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक सिन्हा

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद में गुरुवार को नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अन्य अतिथियों के साथ पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके पश्चात नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी गई। विधायक श्री सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को पेन प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी ऐसे क्षेत्र में पढ़ाई शुरू कर रहे हैं, जिसका संबंध सीधे हमारे देश और समाज से है। लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान और उनसे जुड़ी समस्याओं को चिकित्सक ही दूर करते हैं। आप सभी का कार्य सिर्फ एक साधारण कार्य नहीं बल्कि एक सेवा है। लोगों की शारीरिक एवं मानसिक पीड़ा को समझकर उसका इलाज करना, अपने आप में एक ईश्वरीय कार्य है। इसलिए चिकित्सकों को भगवान का दर्जा दिया जाता है। हमारा देश भी आज दुनिया के साथ आगे बढ़ रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार सजग है। इसलिए महासमुंद में भी मेडिकल कॉलेज की शुरुआत की गई, ऐसे ही नए नए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल देशभर के अलग-अलग क्षेत्रों में शुरू हो रहे हैं, जिससे देश के युवा मेडिकल की पढ़ाई देश में ही कर रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का भी विस्तार हो रहा है।

इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, मंडल महामंत्री अग्रज शर्मा, भाजपा नेतागण रमेश साहू, संदीप घोष, पवन पटेल, राजेंद्र चंद्राकर, विनोद चंद्राकर, शरद राव सहित कॉलेज स्टाफएवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

बीएसएनएल मोबाइल टॉवर से बैटरी की चोरी

महासमुंद। बसना पुलिस ने बीएसएनएल मोबाइल टॉवर की बैटरी चोरी के मामले में अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। पुलिस को कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी दीवान ने बताया कि बीएसएनएल टावर भंवरपुर के शेल्टर रूम से एक्साइड कंपनी की 24 नग 600-एएच नई बैटरी 01 अगस्त से 14 के बीच अज्ञात ने पार कर दी। अज्ञात के विरूद्ध धारा 305, 331(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

पटाखा दुकानों में सावधानियां बरतने के निर्देश

महासमंद/नवप्रदेश। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा राज्य आपदा मोचन बल के निर्देशानुसार आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर सेना, नवा रायपुर द्वारा जिले में संचालित समस्त स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों में अग्नि सुरक्षा के संबंध में सावधानियां बरतने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।

इसी तारतम्य में जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना द्वारा जिले के सभी पटाखा दुकानदारों एवं आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। पटाखा दुकानों के लिए अग्नि सुरक्षा के लिए दिए गए दिशा निर्देश में पटाखा दुकान अज्वलनशील सामग्री (जैसे टीन शेड) से निर्मित होनी चाहिए, किसी भी प्रकार के कपड़ा, बांस, रस्सी या टेंट से नहीं। प्रत्येक दुकान के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी रखी जाए तथा दुकानें आमने-सामने न बनाई जाएं। प्रकाश व्यवस्था के लिए तेल का लैम्प, गैस लैंप या खुली बिजली बत्ती का उपयोग न करें। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। विद्युत तारों में कोई खुला ज्वाइंट न हो तथा मास्टर स्विच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर अवश्य लगा हो। पटाखा दुकानें ट्रांसफार्मर या हाई टेंशन पावर लाइन के नीचे या पास में न हों।

स्वास्थ्य सेवाओं के लिए पूर्व विधायक रंजना ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

धमतरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों की आवश्यकताओं और सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने मंत्री जी के समक्ष जिले के प्रमुख स्वास्थ्य संस्थानों जिसमें जिला अस्पताल धमतरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुजरा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेल, अक्लाडोंगरी, भटगांव, खरेंगा सहित क्षेत्र के उपस्वास्थ्य केंद्रों में मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव होने की जानकारी दी, उन्होंने बताया कि इन संस्थानों में संसाधनों की कमी, डॉक्टरों की नियुक्ति, उपकरणों की अनुपलब्धता और अधोसंरचना की मरम्मत जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य लंबित हैं, जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के नागरिकों को इलाज के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना न पड़े। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की अपेक्षा रखती है और इसे लेकर भाजपा सरकार पूरी स्वास्थ्य सुविधाओं को मुहैया कराने कटिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने श्रीमती साहू की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि संबंधित सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं में किसी प्रकार की कमी नहीं होंगी। उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा कि वे प्राथमिकता के आधार पर क्षेत्र की स्वास्थ्य आवश्यकताओं का आंकलन करें और योजनाबद्ध तरीके से कार्य प्रारंभ करें। इस मुलाकात को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व आम नागरिकों में उम्मीद की किरण जगी है कि आने वाले समय में जिले की स्वास्थ्य सेवाएं सशक्त होंगी।

सेवा अभियान

स्वच्छता दीदियों व मितानिन दीदियों को साड़ी प्रदान की गई

विधानसभा अध्यक्ष के जन्मदिन पर स्वच्छता, सेवा, समर्पण अभियान शुरू

महासमुंद/नवप्रदेश। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर विधानसभा क्षेत्र में स्वच्छता, सेवा, समर्पण अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता और सेवा से संबंधित विभिन्न कार्य किए जाएंगे। अभियान की शुरूआत बुधवार सुबह शहर के बरोंडा चौक से किया गया। सुबह करीब 8 बजे विधायक सिन्हा व भाजपा नेताओं ने चौक पर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। पश्चात उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके कार्यों को याद किया। बाद विधायक कार्यालय में दोपहर करीब 2 बजे शहर की स्वच्छता दीदियों व मितानिन दीदियों को साड़ी प्रदान की गई। विधायक ने कहा कि स्वच्छता ,सेवा, समर्पण इन तीन शब्दों का पालन करने वाली इन दीदियों को यह सम्मान उनके कार्य के प्रति समर्पण के लिए दिया जा रहा है। हमारी बुनियादी जरूरत हैं, इसलिए इनका सम्मान और कार्य की सराहना जरूरी है। पश्चात विधायक सिन्हा बेलसोंडा स्थित कस्तूरबा ट्रस्ट पहुंचे। वहां उन्होंने बच्चों को पेन, मिठाई और कम्बल प्रदान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष हरवंश सिंह, महामंत्री मीना वर्मा, अग्रज शर्मा, प्रकाश शर्मा, राजेंद्र 'राजू' चंद्राकर, पार्षद पीयूष साहू, कल्पना सूर्यवंशी, साजन यादव, गोविंद ठाकुर, राजू साहू, बंशी साहू, राकेश श्रीवास्तव, माधुरी यादव, चुनेश्वरी साहू, सुनैना ठाकुर, राकेश सचदेव, पांडुरम मदनकार, अभिषेक पांडे, अमित साहू, धनेश्वरी सोनवानी, शरद मराठा, सुनीता साहू, उषा पाल सहित अन्य पदाधिकारी - कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक कार्यालय से दीये वितरित

दीपावली व स्वच्छता सेवा समर्पण अभियान के शुरूआत में बुधवार को दिनभर विधायक कार्यालय से दीये का वितरण किया गया। मंगलवार को विधायक ने शहर के बाजार पहुंचकर दीये खरीदे।

'प्रदेश के विकास के लिए हैं हमेशा प्रतिबद्ध'

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष, डॉ. रमन सिंह विकास, समाज कल्याण और छत्तीसगढ़ राज्य के प्रति समर्पण के प्रतीक हैं। उन्होंने 15 साल तक प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपनी सेवा दी है। यह अवसर उनके कार्यों का सम्मान करने के लिए है। 'स्वच्छता सेवा समर्पण' का उद्देश्य सामुदायिक स्वास्थ्य, प्रत्यक्ष कल्याण और क्षेत्र के समग्र सामाजिक और आर्थिक विकास में मूल्यवान योगदान के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाना है।

नपाध्यक्ष के निर्देश पर शहर में लगे विद्युत पोल का नंबरिंग कार्य शुरू

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू के निर्देश पर शहर में लगे सभी बिजली पोल पर पहली बार नबंरिंग कराया जा रहा है। इससे पोल या स्ट्रीट लाइट में खराबी होने पर मरम्मत या मेंटेनेंस कार्य में आसानी होगी। नपाध्यक्ष श्री साहू के इस सकारात्मक पहल का उद्देश्य आम जनों को सुविधा प्रदान करना है। किसी स्ट्रीट लाइटन या पोल में समस्या आने पर नागरिक संबंधित पोल नंबर बताकर शिकायत दर्ज करा सकेंगे। जिससे समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा।

नपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि कई बार पोल या लाइट खराब होने पर संबंधित इलाके में पोल या स्थल खोजने में परेशानी होती है। इससे समस्या के समाधान में अधिक समय लगता है और लोगों को परेशान होना पड़ता है। पोल नंबर रहने पर समस्या की आसानी से पहचान हो सकेगी। इससे व्यवस्था प्रबंधन व मेंटेनेंस सिस्टम अधिक प्रभावी होगा। निगरानी व्यवस्था में सुधार होगा।

न्यूज गैलरी

किरंदुल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 85 लोगों की जांच

किरंदुल (दंतेवाड़ा)/नवप्रदेश। आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत किरंदुल क्षेत्र में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और आदिवासी समुदायों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर में कुल 85 ग्रामीणों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों की टीम ने रक्तचाप, शुगर और मलेरिया सहित विभिन्न जांचें कीं। जांच के बाद मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया और जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को स्वच्छता, पोषण और मौसमी बीमारियों की रोकथाम के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और साफ-सफाई को अपनाने पर जोर दिया ताकि बीमारियों से बचाव किया जा सके। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और युवा शामिल हुए। स्थानीय निवासियों ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में ऐसे शिविरों से उन्हें विशेष लाभ मिलता है क्योंकि वहां स्वास्थ्य सुविधाएं सीमित हैं। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि रूहस ढ्ठुस्त्रद्ध ग्रामीण विकास और जन-स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। स्वास्थ्य के साथ-साथ कंपनी शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी कई पहलें चला रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें।

उपजेल के बाहर युवक से मारपीट सहायक जेल अधीक्षक निलंबित

सक्ती/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सक्ती उपजेल के बाहर एक युवक के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बड़ा प्रशासनिक एक्शन लिया गया है। इस मामले में जेल विभाग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सहायक जेल अधीक्षक सतीश चंद्र भार्गव को निलंबित कर दिया है।जेल एवं सुधारक सेवाएं के महानिदेशक द्वारा जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि प्रारंभिक जांच में सतीश चंद्र भार्गव द्वारा सिविल सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन के संकेत मिले हैं। इसके चलते उन्हें रायपुर स्थित जेल एवं सुधारक सेवाएं महानिदेशक कार्यालय में अटैच किया गया है। मामला उस समय चर्चा में आया जब उपजेल के सामने जेलर और तीन आरक्षकों द्वारा एक युवक की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ। बताया जा रहा है कि युवक जेल परिसर में नशे की हालत में पहुंचा था और वहां बंद अपने एक साथी कैदी से मिलने की जिद कर रहा था।

मलकानगिरी में नक्सलियों की गुप्त हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़

जगदलपुर/नवप्रदेश। ओडिशा के मलकानगिरी जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कालीमेला थाना क्षेत्र अंतर्गत धूमल और चिलकलामुड़ी रिजर्व फॉरेस्ट इलाके में सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों की एक गुप्त हथियार निर्माण इकाई का पता चला है। ऑपरेशन के दौरान आंध्र-ओडिशा सीमा पर स्थित सिलुरु थाना क्षेत्र में डीवीएफ (डिस्ट्रिक्ट वोलंटियरी फोर्स) के जवानों ने छापेमारी कर बड़ी संख्या में अर्धनिर्मित बंदूकें, हथियार मरम्मत के उपकरण, और निर्माण में प्रयुक्त सामग्री जब्त की है। इसके साथ ही तलाशी अभियान में सुरक्षाबलों को तीन बारूदी सुरंगें भी मिली हैं, जिनका वजन क्रमशः तीन, दो और एक किलोग्राम है। इसके अलावा पांच डेटोनेटर, कॉडेक्स वायर, वेल्डिंग मशीन, जनरेटर और वेल्डिंग रॉड जैसे कई अहम उपकरण भी बरामद किए गए हैं।

दीपका में बारूद गाड़ी का टायर फटा, कर्मचारी घायल

कोरबा/नवप्रदेश। जिले की साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की दीपका परियोजना में बुधवार को ब्लास्टिंग क्षेत्र में खड़ी एक बारूद गाड़ी का टायर फटने से आईओसीएल कंपनी का कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद खदान में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार घटना के समय खदान में ब्लास्टिंग की तैयारी चल रही थी। गाड़ी खाली थी और आईओसीएल के हेल्पर कृष्णा (30 वर्षीय, निवासी कुसमुंडा) टायर के पास मौजूद थे। अचानक टायर फटने से तेज धमाका हुआ और उड़ते पत्थरों की चपेट में आने से कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद सहकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों ने कृष्णा को परियोजना के एंबुलेंस से एसईसीएल के नेहरू शताब्दी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें कोरबा के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है।

घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा पार

रायपुर/नवप्रदेश। सेक्टर 3 शिवानंद नगर के पास घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश ग्रहकार 31 वर्ष सेक्टर 3 शिवानंद नगर का रहने वाला है। प्रार्थी पेशे से ई-रिक्शा चालक है। बताया जाता है कि वह अपनी ई-रिक्शा को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए ई-रिक्शा की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हनुमंत कृपा बिखेरने जा रही कवर्धा की 'हनुमंत वाटिका'

▶ **भक्ति, सौंदर्य और संस्कृति का संगम बनेगी दिव्य वाटिका का लोकार्पण 18 को**

कवर्धा/नवप्रदेश। भक्तिभाव, संस्कृति और लोक आस्था की पवित्र धरती धर्मनगरी कवर्धा एक नए अध्याय की ओर अग्रसर है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के निर्देशानुसार एवं उनके सोच व मंशानुरूप नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कवर्धा शहर में विकास कड़ी को जोड़ते हुए भोजली तालाब के समीप विकसित ''हनुमंत वाटिका'' का निर्माण किया गया है जिसका लोकार्पण समारोह 18 अक्टूबर शनिवार को शुभ मुहूर्त में पवित्र मंत्रोच्चार के साथ विधिवत् रूप से संपन्न होगा।

'हनुमंत वाटिका' कवर्धा नगर की पहचान में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रही है। यह न केवल नगर की आध्यात्मिक धरोहर होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भक्ति और सौंदर्य का संगम भी सिद्ध होगी। यह स्थल सदा नगर को आलोकित करेगा। जहाँ भक्ति की ज्योति

और हनुमंत कृपा का प्रकाश अनंतकाल तक बना रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि लोकार्पण समारोह हेतु नगर पालिका द्वारा समुचित तैयारियाँ पूरी कर ली हैं।

भक्ति और सौंदर्य का संगम : चंद्रवंशी

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि भव्य हनुमंत वाटिका का निर्माण नगर के सौंदर्यीकरण एवं आध्यात्मिक उत्थान के उद्देश्य से किया गया है। यहाँ स्थापित भगवान श्री हनुमान जी की विशालकाय प्रतिमा नगर के मध्य में श्रद्धा भक्ति का केंद्र बनेगी। हरीतिमा से आच्छादित परिसर, सुंदर पथ वाटिकाएँ, विद्युत प्रकाश से सुसज्जित यह स्थान श्रद्धालुओं को भक्ति और आस्था का अद्वितीय अनुभव कराएगा।

अवैध कब्जों को हटाकर बनाया गया

कभी अव्यवस्था, झोपड़ीनुमा दुकानों और अवैध कब्जों के कारण बदहाल रहा भोजली तालाब परिसर आज अपने नए स्वरूप में भक्ति, सौंदर्य और स्वच्छता का अद्भुत उदाहरण बन गया है। नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा इस स्थल को पूरी तरह नवजीवन देते हुए अब इसे 'हनुमंत वाटिका' के नाम से विकसित किया गया है। जहाँ कभी अस्वच्छता और अतिक्रमण का अंबार दिखाई देता था, वहीं आज हरी-भरी वाटिका, वॉकिंग ट्रैक, ओपन जिम और बच्चों के लिए झूले व फिसल पट्टी जैसी आधुनिक सुविधाएँ निर्मित की गई हैं।

नहीं चलेगी लापरवाही, कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश

धान खरीदी शासन की है प्राथमिकता

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक सपांदित करने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उपस्थित राजस्व, खाद्य, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। श्रीमती मिश्रा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य को शासन की विशेष प्राथमिकता वाले कार्य बताते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नही है। बैठक में मिश्रा ने अभी हाल में ही गत 12 एवं 13 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में आयोजित कलेक्टर कान्फ्रेंस के दौरान बालोद जिले में शासन के सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के फलस्वरूप जिले के उल्लेखनीय प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण उपलब्धि जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों का अपने कार्य के प्रति निष्ठा, समर्पण, लगन एवं प्रतिबद्धता के फलस्वरूप हासिल हुआ है। इसके लिए उन्होंने सभी विभागों के कार्यो की सराहना करते हुए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टरचंद्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा एवं नूतन कंवर सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने आगामी 15 नवंबर से शुरू हो रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के तैयारियों की भी समीक्षा की।

सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से होगा न्यौता भोज आयोजन

कलेक्टर ने जिले के सभी स्कूलों में अनिवार्य रूप से न्योता भोज का आयोजन कराने तथा इस कार्य में जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी-कर्मचारियों की भी अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

11 चेक पोस्ट से होगी अवैध धान परिवहन की निगरानी

कलेक्टर ने जिले में अवैध धान की खरीदी की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु जिले के संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों को चिन्हित करने के अलावा जिले के 11 चेकपोस्ट में समुचित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने धान खरीदी कार्य में लगे खाद्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित विभागो के अधिकारियों को पूरे समय मुस्तैद रहकर जिले में धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

नशे में धुत शिक्षक का वीडियो वायरल

▶ **बच्चों और महिला शिक्षिकाओं के सामने की अभद्रता**

बिलासपुर/नवप्रदेश। मस्तूरी विकासखंड के ग्राम सोन स्थित एक प्राइमरी स्कूल से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां पदस्थ शिक्षक विश्वकर्मा प्रसाद कश्यप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कक्षा के अंदर नशे की हालत में अपनी शर्ट उतारकर कुर्सी पर बैठा नजर आ रहा है।

घटना 14 अक्टूबर की बताई जा रही है। आरोप है कि शिक्षक अक्सर शराब पीकर स्कूल आता है और बच्चों के साथ गाली-गलौज व मारपीट करता है। घटना के दिन दोपहर करीब एक बजे वह स्कूल पहुंचा और पहले अन्य शिक्षकों से बदसलूकी की। इसके बाद महिला शिक्षकों और छात्रों के सामने अशोभनीय हरकतें कीं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि शिक्षक इस कदर नशे में था कि उसके बोलने की ताकत भी नहीं बची थी। उसकी जुबान लड़खड़ा रही थी और वह खुद को संभाल नहीं पा रहा था। उसकी इस हरकत से स्कूल का माहौल पूरी तरह बिगड़ गया। इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग भी हरकत में आ गया है। विभागीय अधिकारियों ने वीडियो की सत्यता की जांच कर दोषी शिक्षक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। फिलहाल स्थानीय अभिभावकों और ग्रामीणों में शिक्षक के व्यवहार को लेकर भारी नाराजगी है और वे उसकी तत्काल बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं।शिक्षा जैसे जिम्मेदार पेशे में इस तरह की लापरवाही न केवल विद्यार्थियों के भविष्य के लिए खतरनाक है, बल्कि पूरे व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

दिवाली से पहले ठप्प हुई सफाई व्यवस्था, हड़ताल पर बैठे

▶ **कंपनी पर वादाखिलाफी और प्रताड़ना का आरोप**

रायपुर/नवप्रदेश। दिवाली का त्योहार करीब है। लोग अपने घरों की सफाई में जुटे हैं, लेकिन राजधानी रायपुर की गलियों और सड़कों की सफाई व्यवस्था ठप्प पड़ गई है। वजह है डोर टू डोर कचरा इकठ्ठा करने वाले सफाई कर्मचारी एक बार फिर हड़ताल पर बैठ गए हैं।

हड़ताल करने वाले कर्मचारी 16 अक्टूबर को कंपनी के दो डिपो में ताला जड़कर सीधे दलदल सिवनी डंपिंग यार्ड पहुंच गए। इनमें करीब 800 से 1 हजार कर्मचारी शामिल है। उनका कहना है कि उन्हें कई महीने से वेतन नहीं मिला है, ऊपर से कंपनी के सुपरवाइजर

लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं।

पहले भी मिला था आश्वासन, पूरा नहीं हुआ

कर्मचारियों का आरोप है कि इससे पहले भी उन्होंने अपनी मांगों को लेकर हड़ताल की थी, उस समय कंपनी प्रबंधन ने वेतन और काम के माहौल सुधारने का आश्वासन दिया था। लेकिन हड़ताल खत्म होने के बाद भी किसी भी मांग पर अमल नहीं हुआ। अब कर्मचारी कहते हैं कि जब तक उन्हें बकाया वेतन नहीं मिलेगा और शोषण जैसी स्थिति पर रोक नहीं लगेगी, तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगे।

गंदगी की मार झेल रहे लोग

इस हड़ताल का सीधा असर शहर की स।।ाई व्यवस्था पर पड़ा है। कई इलाकों में कचरा नहीं उठाया गया, जिससे गलियों में दुर्गंध फैल रही है। नालियों के पास कचरे का अंबार दिख रहा है। दीवाली से पहले जब लोग साफ-सफाई को लेकर सतर्क होते हैं, ऐसे में शहर का गंदा होना बड़ी परेशानी बन गया है। शहर की सफाई का जिम्मा रामकी ग्रुप के पास है, कंपनी के अधिकारी सफाईकर्मियों से बातचीत करके मामले को सुलझाने की कोशिश में लगे हुए हैं।

फंड से जूझ रही नगर पालिका

▶ **11 दुकानो की नीलामी से मिले 83 लाख, दीवाली के पहले मिला वेतन**

खैरागढ़/नवप्रदेश। फंड की कमी से जूझ रही पालिका को दुकान नीलामी मे 83 लाख रू से अधिक की आय हूई। पालिका ने धरमपूरा, फ्तेह मैदान संगीत विवि द्वार पूराना थाना स्थित 11 विभिन्न दुकानों की नीलामी कराई । दुकान लेने के इच्छूक लोगो ने दुकान पाने जमकर बोली लगाई । जिससे पालिका को 11 दुकानो की नीलामी से ही 83 लाख रू मिले । दुकान नीलामी से पालिका फंड मे आय मे बढ़ोत्तरी हूई तो दूसरी ओर प्रमुख त्योहार दिवाली के पहले पालिका कर्मियों को वेतन भी नसीब हो पाया । दीवाली पूर्व ही पालिका कर्मियों को वेतन का भुगतान भी किया गया ।

दीवाली के पहले बंटा वेतन

फंड की कमी से वेतन की राह ताक रहे पालिका के अधिकारियो कर्मचारियो को भी दुकान नीलामी से राहत मिली । नीलामी के दौरान ही अमानत राशि के रूप मे 3 लाख 30 हजार रू जमा हो गए ।

नीलामी के बाद एक चौथाई रकम जमा करने के निर्देश से ही पालिका को 20 लाख रू से अधिक की आय हो गई । जिसके चलते दीवाली के पहले फंड के लिए सरकार की ओर से राहत की उम्मीद कर रहे अधिकारियो कर्मचारियो को एक माह के वेतन के लिए पर्याप्त फंड मिल गया । दीवाली पूर्व वेतन मिलने से कर्मचारियो ने राहत की सांस ली है ।

25 लाख में बिकी फतेह मैदान की दुकान

फतेह मैदान मे बनाए गए काम्पलेक्स की दुकान के लिए सर्वाधिक लोगो ने बोली लगाई । दुकान के निर्धारित मूल्य से शुरू हूई बोली आखिर मे 25 लाख तक पहुँच गई । जिसे खुलेश्वर सिंन्हा ने लिया । इसी तरह यहां स्थित दूसरी दुकान की बोली भी 18 लाख से अधिक पहुँची और कुल 18 लाख 30 हजार रू मे नीलाम हूई । धरमपूरा स्थित 8 दुकानो की नीलामी मे पहली दुकान 11 लाख रू मे बिकी । यहाँ अन्य दुकानें भी 3 से चार लाख रू तक नीलाम की गई । इससे पालिका के फंड मे 83 लाख रू जमा हूए ।

परिवहन सेवा से बदली महिलाओं की दुनिया

▶ **फरसपाल की महिलाएं बनी स्वावलंबी की मिसाल**

रायपुर/ नवप्रदेश। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने ग्रामीण महिलाओं के जीवन में नया उजाला भर दिया है। इस मिशन के माध्यम से गांवों की साधारण गृहणियाँ अब आत्मनिर्भर बनकर समाज में नई पहचान बना रही हैं। ऐसी ही एक प्रेरक कहानी है दंतेवाड़ा जिले के ग्राम पंचायत फरसपाल की महिलाओं की है, जिन्होंने मेहनत, लगन और सरकारी योजनाओं की मदद से स्वावलंबन की मिसाल पेश की है। ग्राम फरसपाल की गंगादेवी स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने मिलकर एक टाटा मैजिक वाहन खरीदा और आस-पास के गांव आलनार, कुंदेनार, दंतेवाड़ा और गीदम तक परिवहन सेवा शुरू की।
इस सेवा से अब ग्रामीणों को आने-जाने में आसानी हो रही है, वहीं महिलाओं को भी स्थायी आमदनी का जरिया मिल गया है। दंतेवाड़ा जिला प्रशासन की ओर से इन महिलाओं को ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया गया। समूह ने वाहन संचालन के लिए एक ड्राइवर का चयन किया और मिल-जुलकर यह सेवा सफलतापूर्वक शुरू की। आज यह टाटा मैजिक रोजाना सैकड़ों ग्रामीणों की यात्रा का भरोसेमंद साधन बन चुकी है।

आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में भागीदार

आज समूह की मासिक आय लगभग 26 हजार रुपए तक पहुँच गई है। महिलाओं ने इस कमाई से अपने घरों की आर्थिक स्थिति सुधारी है और बच्चों की शिक्षा, घर की जरूरतों तथा बचत तीनों में संतुलन बना लिया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत शुरू हुई यह पहल दिखाती है कि जब महिलाओं को अवसर और सहयोग मिलता है, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव की प्रगति में भागीदार बन जाती हैं। मेहनत, आत्मविश्वास और शासन की योजनाओं के सफल संगम की प्रेरक मिसाल है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष बनवारीलाल अग्रवाल नहीं रहे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री बनवारीलाल अग्रवाल (78 वर्ष) का लंबी



बीमारी के बाद बुधवार की देर रात निधन हो गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह सहित राजनीतिक दल के नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत पुण्य आत्मा को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को इस दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करें। बनवारी लाल अग्रवाल भाजपा नेता हितानंद अग्रवाल के चाचा थे और उनका जन्म 1 मई 1947 को कोरबा जिले के जपेली गांव में हुआ था। अग्रवाल कोरबा जिले के कटघोरा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे। 1990-92 में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कोरबा के अध्यक्ष चुने गए थे।

छत्तीसगढ़ से मानसून की विदाई

▶ **जगहों पर मौसम ड्राई रहेगा, बस्तर में हल्की बारिश के आसार**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ से मानसून पूरी तरह वापस हो चुका है। इससे पहले 13 अक्टूबर को उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ से कांकेर तक वापसी हो गई थी। आज ज्यादातर स्थानों पर मौसम ड्राई रहेगा। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में कहीं-कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा 50 मिमी बीजापुर के कुटरू में रिकॉर्ड की गई है। बाकी जिलों में मामूली बूंदाबांदी या सूखा मौसम रहा।

मौसम विभाग ने आज के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। यानी राज्य के किसी भी हिस्से में मौसम के बिगड़ने की संभावना कम है। राज्य के उत्तरी और मध्य हिस्सों से मानसून पूरी तरह लौट चुका है।

अक्टूबर में अब तक 109% ज्यादा बरसा पानी

इस बार अक्टूबर में अब तक सामान्य से 109% अधिक बारिश दर्ज की गई है। आमतौर पर 8 अक्टूबर तक राज्य में औसतन 28.3 मिमी वर्षा होती है और मानसून लौट चुका होता है, लेकिन इस बार अब तक 59.1 मिमी से ज्यादा बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के मुताबिक, 30 सितंबर तक हुई बारिश को मानसून की बारिश माना जाता है, जबकि इसके बाद की बारिश को 'पोस्ट मानसून' यानी मानसून के बाद की बारिश माना जाता है। फिलहाल देशभर से मानसून लौट चुका है। छत्तीसगढ़ में आमतौर पर 5 अक्टूबर के आसपास सरगुजा की तरफ से मानसून लौटना शुरू होता है, लेकिन इस बार वापसी में देरी हुई।

पांच दिवसीय दीपावली 18 से शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। दीपावली में मात्र दो दिन शेष रह गये है। 18 अक्टूबर से पांच दिवसीय दीपावली प्रारंभ हो रही है। त्योहार की खरीददारी के लिए सराफा सहित कपड़ों, वाहनों, एवं अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में धनतेरस की खरीदी जोरशोर से शुरू हो गई है। दीवाली बाजार का हाल यह है कि सुबह आठ बजे से ही रात 12 तक ग्राहकों की भीड़ मालवीय रोड, सदर बाजार, बूढ़ापारा, पुरानी बस्ती, गुढ़ियारी, एमजी, रामसागर पारा, स्टेशन पारा सहित अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों में जोरशोर से खरीददारी करते हुए दिखाई दे रही है। जीएसटी में मिली राहत के चलते इस बार सराफा बाजार में भी जमकर खरीददारी की उम्मीद सराफा व्यावसायियों को है। इस बार

पिछले पांच या दस वर्षों का रिकॉर्ड टूटने की पूरी संभावना है। इधर पूजन सामाग्री खरीददारी में भी महिलाएं पूजा का सामान लेते हुए बड़ी संख्या में दिखाई दे रही है।

वहीं झालर के बाजार में भी अच्छी खरीद हो रही है। दिया बिक्री के साथ ही सूपा, झाड़ू, और धान का झालर आदि की खरीद के लिए भी बहुत अच्छी ग्राहकी हो रही है। फटाखा व्यापारियों के यहां बच्चों से लेकर बड़ों तक विभिन्न प्रकार के फटाखे खरीदते हुए दिखाई दे रहे है। इस बार फटाखों की मूल्यों में वृद्धि हुई है। जिसके चलते बच्चे भी चुन चुन कर ही फटाखे खरीद रहे हैं। शहर के चारों तरफ स्थित माल्स में भी बड़े घरों के लोग विभिन्न प्रकार के सामाग्री की खरीददारी करते हुए दिखाई दे रहे हैं। माल में सर्वाधिक भीड़ दिखाई दे रही है।

बाइक डिवाइडर से टकराई, एक युवक की मौत

नवापारा राजिम/नवप्रदेश।। नवापारा में एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा एक युवक घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। घटना रायपुर जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र की है।

बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 2:30 बजे राजिम रायपुर रोड पर नवापारा के मैडम चौक के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नवापारा के शीतला पारा निवासी हेमंत सोनी पिता बसंत सोनी (28 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतक नवापारा नगर पालिका के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी का भांजा था। इस दुर्घटना में बाइक के पीछे बैठा पुरुषोत्तम कंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रायपुर रेफर कर दिया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

नगर में शोक की लहर : घटना की सूचना मिलने पर नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची। नवापारा थाना के एएसआई गुलाब सिन्हा ने बताया कि दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है और एक युवक घायल हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया हैं।

पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के साथ संस्कृति को बढ़ावा देने पर चर्चा

महाविद्यालय में हुई आइक्यूएसी समिति की प्रथम सामान्य बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आइक्यूएसी समिति की प्रथम सामान्य बैठक हुई। बैठक में जनभागीदारी समिति के सदस्य महेश मक्कड़, पारस चोपड़ा ,मचेवा सरपंच प्रमिला ध्रुव, छात्र पालक प्रतिनिधि शशि कुमार सोनी , उदयन भारती , प्रीति मांझी, अंजलि अग्रवाल उपस्थित रहे। साथ ही आईक्यूएसी के इंटरनल मेंबर्स एसआर रात्रे लाइब्रेरियन, डॉ रीता पांडे विभाग अध्यक्ष इतिहास, डॉ नीलम अग्रवाल विभाग अध्यक्ष इकोनॉमिक्स, मनीराम धीवर विभाग अध्यक्ष फिजिक्स, अजय कुमार राजा विभाग अध्यक्ष वाणिज्य एवं डॉ अजय कुमार देवांगन विभाग अध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं कुंदन देवांगन आईक्यूएसी समिति सदस्य बैठक में उपस्थित रहे। आइक्यूएसी डॉ मालती तिवारी ने स्वागत भाषण व बैठक के एजेंडा पर चर्चा की। आशुतोष पुरी गोस्वामी ने बैठक में एक्सटर्नल मेंबर्स को महाविद्यालय द्वारा पूर्व में प्राप्त किए गए नेक ग्रेडिंग की जानकारी देते हुए नेक फ्रेमवर्क में हुए महत्वपूर्ण बदलाव के बारे में जानकारी दी। बैठक में तय किया गया कि अगले असेसमेंट में महाविद्यालय मैच्योरिटी बेस्ड ग्रेडिंग एक्रीडिटेशन पद्धति से एसेसमेंट के लिए प्रयास करेगा। नेक प्रभारी डॉ नीलम अग्रवाल ने नेक में हुए संशोधन एवं दस एंट्रीब्यूट्स के बारे में सभी मेंबर्स को विस्तार से जानकारी दी। तय एजेंडा अनुसार बैठक में महाविद्यालय द्वारा अपनाए जाने वाले बेस्ट प्रैक्टिस तय किए गए। जिसमें पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। यह भी तय किया गया कि विद्यार्थियों में कौशल विकास एवं उन्नयन हेतु उद्योगों के भ्रमण एवं ग्रामीण कुटीर उद्योग की ओर कार्य किए जाने चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। यह भी निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय के सभी गतिविधियों को महाविद्यालय की वेबसाइट एवं अन्य माध्यमों से प्रचार -प्रसार किया जाए।

जूडो सलेक्शन ट्रायल में 2 खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण पदक

भाटापारा/नवप्रदेश। पं रविशंकर शुक्ल इंटर यूनिवर्सिटी जूडो सलेक्शन ट्रायल का आयोजन 14 अक्टूबर को गुरु घासीदास महाविद्यालय कुरूद में किया गया जिसमें भाटापारा मार्शल आर्ट्स अकेडमी के गौतम ने पुरुष वर्ग के -60 किलो ग्राम में स्वर्ण पदक , वही स्वलेहा ने महिला वर्ग के +78 किलो ग्राम में स्वर्ण पदक अपने नाम किया , दोनों खिलाड़ी आने वाले नार्थ ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी जूडो चैंपियनशिप में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब में पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व करेंगे ।उनकी इस उपलब्धि पर भाटापारा मार्शल आर्ट्स एकडेमी के अध्यक्ष आदित्य सिंह , कोच वर्षा मिरी, सीनियर खिलाडी , समीर घृतेश, रमा टण्डन ने पदक विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाये देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

छात्रों को वितरण किया जूता-मोजा

महासमुंद/नवप्रदेश। बेलसोंडा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में आज गुरुवार को कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को जूता-मोजा का वितरण किया गया। अतिथियों ने इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम नहीं, बल्कि पालक-बच्चों-शिक्षक का एक त्रिकोणीय मिलन समारोह जैसा है। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती प्रीति त्रिभुवन धीवर, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ. वाणी तिवारी, प्राचार्य श्रीमती शोभा सिंहदेव, सदस्य ,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोला चंद्राकर, व्याख्याता जगदीश सिन्हा, हेमलता ठाकुर, श्रीमती राजकुमारी पटेल, श्रीमती अर्चना पातरे, श्रीमती सुनीता बंजारे, श्रीमती कल्पना साहू, श्रीमती रेखा चंद्राकर, श्रीमती लीना चंद्राकर, श्रीमती लीना प्रशांत चंद्राकर, श्रीमती चित्ररेखा गहरवार, श्रीमती सीता शर्मा एवं समस्त स्टॉफतथा पालकगण उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को जूता-मोजा वितरण बीएड के छात्राध्यापक, कक्षा 11 वीं-12 वीं के विद्यार्थियों व पालकों ने किया।

23 को स्थानीय अवकाश देने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

महासमुंद/नवप्रदेश। कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन महासमुंद ने 23 अक्टूबर भाईदूज के दिन स्थानीय अवकाश की मांग कलेक्टर से की है। जिला संयोजक टेकराम सेन ने कहा कि दीपावली जैसे प्रमुख त्योहार में कर्मचारी -अधिकारी दूर दराज से अपने निज निवास दिवाली मनाने प्रस्थान करते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रुप से से दिलीप तिवारी, उमादेवी शर्मा, सुनील साहू, सुनील मरकाम, प्रदीप साहू, दुर्गा सिन्हा, आकांक्षा साहू, मीना साहू, गरिमा साहू उपस्थित थे।

जनरल स्टोर्स में चोरों का धावा नगदी समेत चांदी के जेवर पार

■ नाबालिग सहित दो आरोपी गिरफ्तार

राजिम/नवप्रदेश। राजिम इलाके में चोरी की घटना घटी है। चोरों ने एक किराना एवं जनरल स्टोर में धावा बोलकर दुकान में रखी नकदी समेत चांदी के सामान चुरा लिए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच कर एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से नकदी समेत चांदी का सामान जब्त किया गया। मामला गरियाबंद के राजिम थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, प्रार्थी हेमंत साहू ने 14 अक्टूबर को राजिम थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें उसने बताया कि ग्राम सुरसाबांधा सड़कपारा में उसकी किराना और जनरल स्टोर की दुकान है, जिसे वह अपने परिवार के साथ चलाता है। 13 अक्टूबर को वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया और खाना खाने के बाद वह अपने परिवार के साथ सोने चला गया। रात करीब 2 बजे उसकी अचानक नींद खुली। उसने दुकान की तरफ देखा तो दुकान का दरवाजा खुला था।

20 हजार नकद और 10 हजार के चांदी के सामान पार

हेमंत ने अपने परिवार से इसके बारे में पूछताछ की और दुकान के अंदर जाकर पाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने गुल्लक से 20,000 नकद, 7,000 मूल्य की चांदी की चेन और 3,000 मूल्य का चांदी का ब्रेसलेट चुरा लिया था। मामले की शिकायत के बाद, पुलिस ने अज्ञात संदिग्धों के खिलाफ मामला दर्ज किया और जांच शुरू की। पुलिस ने परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों से पूछताछ की।

दो आरोपी गिरफ्तार

इस बीच पुलिस ने संदिग्ध एक युवक और एक नाबालिग को हिरासत में लिया और पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी लोकेश तारक से 5,000 चोरी की नकदी और नाबालिग से 15,000 नकद और चांदी की चेन और ब्रेस्लेट बरामद किए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

आबकारी विभाग की अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई

■ 18 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला एवं 34 बल्क लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त

भाटापारा/नवप्रदेश। आबकारी आयुक्त आर. संगीता के निर्देश पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं जिला आबकारी अधिकारी मुकेश अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला आबकारी की टीम द्वारा 18 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला एवं 34 बल्क लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। थाना भाटापारा ग्रामीण अंतर्गत ग्राम सिंगारपुर में आबकारी विभाग की टीम द्वारा विकास कुमार ध्रुव के कब्जे से 18 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जब्त किया गया। देशी मदिरा का बाजार मूल्य 10,000 रुपये होना पाया।

इसी तरह ग्राम डमरू में आबकारी विभाग की टीम द्वारा डहरूराम के कब्जे से 24 बल्क लीटर हाथभट्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। हाथभट्ठी महुआ शराब का बाजार मूल्य 4,800 रुपये होना पाया ।ग्राम वटगन में आबकारी विभाग की टीम द्वारा आरोपिया ढेला बाई सोनवानी के कब्जे से 10.00 बल्क लीटर हाथभठ्ठी महुआ शराब जब्त किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया।

उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, अबाकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, दिनेश कुमार साहू, पी.माधव राव, आबकारी मुख्य आरक्षक राधागिरी गोस्वामी, नगर सैनिक राजकुमारी पैकरा, दुर्गेश्वरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शिक्षकों की लापरवाही से बच्चों का भविष्य खतरे में, ग्रामीणों में आक्रोश

■ शिक्षा विभाग अधिकारी ने कार्रवाई की बात कही

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खण्ड के अंतिम दूरस्थ अंचल में ग्राम पंचायत कटिगांव के आश्रित गांव सिंगनपुर स्थित प्राथमिक शाला में शिक्षकों की लापरवाही से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में कुल 21 छात्र-छात्राएँ अध्ययनरत हैं, जिनके लिए दो शिक्षक पदस्थ हैं, दोपहर 2बजे ताला बंद देखा गया है दोनों शिक्षक नहीं थे प्रतिनिधि के द्वारा वही लेकिन ग्रामीणों को पूछने पर कहना है कि अधिकांश दिनों में समय पर शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचते।

ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे प्रतिदिन स्कूल आते हैं, लेकिन शिक्षकों की अनुपस्थिति में रसोइया बच्चों को केवल मध्याह्न भोजन कराकर घर भेज देती है। यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने पहले भी विकासखंड मुख्यालय में शिकायत की थी, परंतु अब तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की यह लापरवाही बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने शासन-प्रशासन व शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर अन्य स्कूलों में स्थानांतरण की मांग की है।

जब इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कलीराम साहू से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा, जांच के बाद दोषी शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और आवश्यक होने पर वेतन भी काटा जाएगा। वहीं एक शिक्षक ने अपनी सफाई में कहा कि वह क्लस्टर के कार्य से बाहर गया था।

जन्मदिवस पर विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात

महासमुंद/नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जन्मदिन पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व विधायक एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा के नेतृत्व में उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएँ दीं। डॉ. चोपड़ा सहित प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने डॉ. रमन सिंह के स्वस्थ व दीघार्यु जीवन की कामना की।

डाइट नगरी में स्वयं का प्रकृति परीक्षण

योग एवं किशोरी बालिका स्वास्थ्य पर एकदिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

नगरी/नवप्रदेश। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नगरी में प्राचार्य प्रकाश राय के मार्गदर्शन में स्वयं का प्रकृति परीक्षण, योग एवं किशोरी बालिका की दैनिक दिनचर्या विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आशीष साहू, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी दुगली, डॉ. एम. पी. चंद्राकर, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी घुटकेल, श्रवण कुमार चौहान, फार्मासिस्ट उमरगांव, तथा सुशीला शेष, योग प्रशिक्षक उमरगांव उपस्थित रहीं।

कार्यशाला की शुरुआत डॉ. आशीष साहू द्वारा स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, संतुलित आहार-विहार अपनाने एवं उम्र और मौसम के अनुसार पौष्टिक भोजन लेने के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन से हुई। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है, अत: भावी शिक्षकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। सुशीला शेष ने योग के नियमित अभ्यास के नियमों की जानकारी दी और बताया कि योग द्वारा न केवल शरीर को सशक्त बनाया जा सकता है, बल्कि अनेक बीमारियों पर नियंत्रण भी पाया जा सकता है। उन्होंने छात्राध्यापिकाओं को किशोरी अवस्था में होने वाले शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों से अवगत कराया और अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी।

पीएम मोदी ने देश को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया: अजय

कुरूद/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी कुरूद विस के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान एवं जीएसटी छूट संपर्क अभियान का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत की भावना को जन-जन तक पहुँचाने और व्यापारियों को जीएसटी छूट के लाभों की जानकारी देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कुरूद विधानसभा के विधायक अजय चंद्राकर तथा मुख्य वक्ता के रूप में राजिम विधानसभा के विधायक रोहित साहू उपस्थित रहे। मंच पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैंस, कार्यक्रम जिला संयोजक महेंद्र पंडित, नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गोकर्ण साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश जैन, वरिष्ठ नेता भीमदेव साहू, मंडल अध्यक्ष श्रीकांत साहू, डॉ. लोकेश साहू, रवि प्रकाश सिन्हा, हरिशंकर सोनवानी आदि मौजूद रहे। विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर किया है। आज भारत का हर नागरिक, हर व्यापारी और हर युवा इस युग परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। कुरूद विधानसभा विकास और स्वावलंबन का प्रतीक बने यही हमारा संकल्प है। उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी छूट अभियान व्यापारियों को राहत देने के साथ-साथ ईमानदार व्यापार की संस्कृति को मजबूत कर रहा है। भाजपा की सरकार सिर्फ घोषणा नहीं करती, बल्कि धरातल पर जनकल्याण को लागू करती है।विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में युवाओं और व्यापारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना सिर्फसरकार का नहीं, बल्कि हम सबका है।

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ... विधायक रोहित साहू ने की शिरकत, ओपन डोम निर्माण की घोषणा

राजीव लोचन महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष ने किया पदभार

राजिम/नवप्रदेश। राजिम स्थित शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के नवमनोनीत जनभागीदारी अध्यक्ष छाया राही ने गुरुवार को कॉलेज में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू, भाजपा गरियाबंद के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सतीश यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर तथा जनभागीदारी समिति के सदस्यगण शामिल रहे। कार्यक्रम के पूर्व राजीव लोचन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान विधायक रोहत साहू ने कहा कि नवनियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष व प्राचार्य को मिलकर महाविद्यालय का विकास व छात्र छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य के लिए प्रयास करना है। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य व कालेज की विकास की बात आएगी वहां कंधे से कंधा मिलाकर विकास के कार्य करेंगे। विधायक के समक्ष कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं नवनियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष छाया राही द्वारा महाविद्यालय के विकास की मांगे रखी जिस पर विधायक रोहित साहू ने इंडोर बैडमिंटन कोर्ट के ऊपर ओपन डोम निर्माण के लिए तथा उद्यान के सौंदर्यीकरण के लिए राशि की घोषणा की। साथ ही अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए भी विधायक ने घोषणा की। इसके अलावा प्रशासनिक भवन व नवनिर्मित विज्ञान भवन के बीच पहुंच मार्ग के लिए भी प्रयास करने की बात उन्होंने कही।

विधायक रोहित साहू ने अपने प्रयासों से महाविद्यालय के लिए पूर्व में 05 करोड़ रुपए की स्वीकृति का जिक्र करते हुए इसे महाविद्यालय के विकास में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में सुशासन वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तब से सभी क्षेत्रों में विकास की नि बयार देखने को मिल रही है। यह सब आपके द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त करने के कारण ही संभव हो सका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के निरंतर मार्गदर्शन में कोई भी क्षेत्र विकास की किरणों से अछूता नहीं है। राजिम के महाविद्यालय के विकास हेतु 05 करोड़ की स्वीकृति भी भारतीय जनता पार्टी के इन्हीं सुशासन और मोदी जी की गारंटी से फलीभूत हुआ है जो महाविद्यालय के लिए हर्ष और गर्व की बात है। विदित हो कि महाविद्यालय में पीएम उषा योजना के पंचवर्षीय परियोजना के तहत ऑडिटोरियम, नवीन भवन, बाउंड्री वॉल तथा अन्य निर्माण कार्य जारी है जिसे विधायक रोहित साहू ने तत्कालीन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मिलकर महाविद्यालय के विकास हेतु स्वीकृति दिलाई थी। जनभागीदारी समिति की नवमनोनीत अध्यक्ष छाया राही ने कहा कि कॉलेज के छात्र छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो वे निश्चित ही अपनी बात को मेरे समक्ष रख सकते हैं और मुझसे सीधा संपर्क कर सकते हैं। छात्र छात्राओं की समस्याओं के समाधान हेतु पूरा प्रयास करने की बात उन्होंने कही। जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ने कहा कि छात्र छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य के लिए हमारी सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है। अनेक योजनाएं उच्च शिक्षा विभाग में संचालित हैं जिसका लाभ लेकर अपने भविष्य को सुनहरा कर सकते हैं। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ने कहा कि राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है इसकी प्रतिष्ठा को बरकरार रखने के लिए सभी छात्र छात्राएं मेहनत करें और कॉलेज सहित राजिम क्षेत्र का नाम रौशन करें।

यादव समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया इंद्र ने

भाटापारा/नवप्रदेश। यादव समाज आज अपनी सांस्कृतिक विरासत और गौसेवा की भावना के साथ लगातार आगे बढ़ रहा है ,यह समाज भगवान श्री कृष्ण के अनुयाई है जिन्होंने पूरी दुनिया को जीवन जीने की कला सिखायी है,उक्त बाते विधायक इन्द्र साव ने ग्राम सेमरिया ब में बने नव निर्मित यादव समाज के सामुदायिक भवन निर्माण लोकार्पण के अवसर पर कही।

विधायक इन्द्र साव ने यादव समाज सहित सभी ग्राम वासियों को बधाई देते हुए कहा कि इस भवन के निर्माण से ग्राम में अब किसी भी प्रकार के बैठक या सांस्कृतिक धार्मिक आयोजन को करने में सुविधा होगी। विधायक श्री साव ने कहा यादव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। यह समाज मेहनतकश, संस्कारवान और अपनी परंपराओं के प्रति समर्पित समाज है। यह कृषक समाज न केवल कृषि में योगदान देता आया है, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को भी सहेज कर रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते आ रहा है। उन्होंने समाज के आराध्य भगवान श्रीकृष्ण के जीवन आदर्शों धर्म, नीति, पराक्रम और प्रेम को आत्मसात करने की बात कहते हुए आगामी गोवर्धन पूजा की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।इसके पूर्व विधायक श्री साव का ग्राम सेमरिया पहुंचने पर सामाजिक जनों एवं ग्रामीणों ने बड़े ही उत्साह के साथ उनका परम्परागत रूप से स्वागत किया।

न्यूज गैलरी

केन्द्रीय जेल रायपुर के महिला प्रकोष्ठ में पूज्य आर्यिका अंतर्मती माता का प्रेरणादायी प्रवचन

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय जेल रायपुर के महिला प्रकोष्ठ मे आज प्रातः 7.30 बजे एक विशेष आध्यात्मिक एवं नैतिक प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 110 महिला बंदियों ने आत्मीय भाव से सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की शिष्या पूज्य आर्यिका अंतर्मती माता जी थी, उनके साथ साध्वी अनुग्रह मति माता जी एवं साध्वी उद्योत मति माता जी भी उपस्थित थी। इस अवसर पर श्रीमती संजना जैन, जूली गादिया एवं सोनल जैन, ऋचा जैन, शैली जैन,आभा नायक व महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी सुश्री गरिमा पांडे उपस्थित रही।

कार्यक्रम के शुभांरभ पश्चात् पूज्य आर्यिका अंतर्मती माता जी ने बंदिनियों को अपने प्रवचन में कहा कि कोई भी व्यक्ति जन्म से अपराधी नही होता है। परिस्थितियां और अज्ञानवश जीवन में कुछ गलतियां हो जाती है, लेकिन यदि व्यक्ति उन्हे स्वीकार कर आत्मचिंतन व प्रायश्चित करें, तो वह जीवन की दिशा बदल सकता है। जेल केवल दंड का स्थान नहीं बल्कि आत्मसुधार एवं नई शुरूवात का अवसर भी है उन्होने आगे कहा कि यहा रहकर अपने भीतर की अच्छाई को पहचानिये, दूसरो के प्रति करूणा और अहिंसा के भाव को जगाइये और बाहर आकर एक अच्छे नागरिक बन कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करें। यही सच्चे धर्म का सार है।

बिजली बिल के चौतरफा मार से जनता में हाहाकार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बढ़े हुए बिजली दर को सत्ता प्रायोजित अत्याचार करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा की सरकार ने विगत डेढ़ साल के भीतर घरेलू बिजली के दाम चार-चार बार बढ़ाए, 400

यूनिट तक बिजली बिल हॉफकी योजना के तहत पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा दिये गये छूट को खत्म किये, पूरे प्रदेश मे अघोषित बिजली कटौती शुरू हो गई, अब स्मार्ट मीटर लगाकर अनाप-शनाप वसूली की जा रही है। जन विरोधी सरकार में स्मार्ट सिटी की तरह ही स्मार्ट मीटर भी ठगी का जरिया बन गया है, स्मार्ट सिस्टम नहीं, यह जनता की जेब पर स्मार्ट डकैती है। ÷स्मार्ट सिस्टम÷ की अनिवार्यता बिजली बिल पर चौतरफा अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने बिना किसी भेदभाव के छत्तीसगढ़ के 65 लाख से अधिक घरेलू उपभोक्ताओं को 3240 करोड़ रुपए सब्सिडी देकर राहत दी थी। किसानों को 5 एचपी तक निःशुल्क बिजली, बीपीएल उपभोक्ताओं को निःशुल्क एकल बत्ती कनेक्शन, अस्पताल, उद्योगों को सब्सिडियरी दर पर बिजली देकर सीधे तौर पर राहत पहुंचाई थी, भाजपा की सरकार आने के बाद सरप्लस बिजली वाले राज्य, छत्तीसगए में अघोषित कटौती शुरू हो गई।

महाराष्ट्र मंडल और संत ज्ञानेश्वर स्कूल में लगा व्यंजनों का स्टाल

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल और संत ज्ञानेश्वर स्कूल (एसडीवी) में दिवाली व्यंजनों का स्टाल शुरू हो गया है। पहले दिन ही एसडीवी के स्टाल को बच्चों के अभिभावकों व प्रियदर्शिनी नगर के लोगों का जोरदार रिस्पांस मिला है। वहीं मंडल के स्टाल में भी आसपास के लोगों की ओर से खरीदारी होते रही।

मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल का मेस प्रकल्प दिव्यांग बालिका विकास गृह के सहायतार्थ लगभग एक दशक से दिवाली व्यंजन बना रहा है। हमारे इस प्रयास को प्रति वर्षानुसार सभासदों की ओर से दिवाली व्यंजनों की बुकिंग के रूप में जबर्दस्त प्रतिसाद तो मिल ही रहा है। साथ ही दूसरे समाजों, संस्थानों, प्रतिष्ठानों व उद्योगों के ओर से भी उत्साहवर्धक रिस्पांस मिला है। जल्दी ही शंकर नगर स्थित बाल वाचनालय और समता कालोनी स्थित दिव्यांग बालिका विकास गृह में भी दिवाली व्यंजनों के स्टाल खोले जाएंगे।

महाराष्ट्र मंडल के मेस प्रभारी दीपक किरवईवाले ने जानकारी दी कि स्टाल में चिवड़ा सादा, चिवड़ा (प्याज-लहसून) चकली, सेव (सादा), सेव (लहसून वाला), शक्करपारा, सलोनी, अनरसा (शुद्ध घी), बेसन लड्डू (शुद्ध घी), काजू कतली, भुजिया (करंजी शुद्ध घी), बालूशाही और मठरी उपलब्ध हो गए हैं।

सफाई कर्मियों को वेतन नहीं महापौर जापान में घूम रही

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम रायपुर के सफाई कर्मचारियों के वेतन की मांग को लेकर आंदोलन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते

हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि महापौर मीनल चौबे का ट्रिपल इंजन की सरकार में सब कुछ बेहतर होने का दावा खोखला साबित हुआ है। दीपावली तिहार के समय में निगम के सफाई कर्मचारी वेतन की मांग को लेकर सड़क पर प्रदर्शन कर रहे, चक्का जाम कर रहे, दो-दो महीने से वेतन नहीं मिलने का आरोप लगा रहे हैं, यह बेहद चिंता का विषय है, लगातार निगम से संबंधित ठेकेदार सफाई कर्मचारी सामान सप्लायर भुगतान को लेकर शिकायत कर रहे हैं लेकिन शिकायत का कोई हल नही निकल रहा है।

आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना से स्वस्थ हो रहा महासमुंद जिला

- **10 लाख से अधिक हितग्राही बने आयुष्मान कार्डधारी, 27 हजार वरिष्ठजन को मिला वय वंदन कार्ड का लाभ**

महासमुंद/ नवप्रदेश। रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर महासमुंद जिला जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हो रहा है। शासन की मंशानुरूप आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लक्ष्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को गुणवत्तापूर्ण, कैशलेस और सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है।

कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 257 जन आरोग्य मंदिरों के माध्यम से जन-जागरूकता और सेवा विस्तार का कार्य निरंतर जारी है। इन केंद्रों पर नागरिकों को योजना की जानकारी, पात्रता जांच, दस्तावेज सत्यापन और आयुष्मान कार्ड निर्माण की सुविधा एक ही स्थान पर प्रदान की जा रही है।

अब तक जिले में 10 लाख 16 हजार 800 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 88.4 प्रतिशत है। इनमें ग्रामीण क्षेत्र के 9 लाख 9 हजार 955 और शहरी क्षेत्र के 1 लाख 6 हजार 845 लाभार्थी शामिल हैं। विकासखण्ड स्तर पर पिथौरा, बागबाहरा, बसना, सरायपाली और महासमुंद सभी क्षेत्रों में विशेष शिविरों एवं घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से कार्ड निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है।

वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु जिले में 27 हजार 816 आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाए गए हैं, जिनमें से अधिकांश लाभार्थी ग्रामीण अंचलों से हैं। यह कार्ड 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करता है।

उल्लेखनीय है कि आयुष्मान कार्डधारी परिवार सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में बिना किसी अग्रिम भुगतान के कैशलेश इलाज प्राप्त कर सकते हैं। योजना से स्वास्थ्य सेवाओं में न केवल विश्वास बढ़ा है, बल्कि लोगों की चिकित्सा पहुँच भी अधिक सहज और समान हुई है।

एनएमडीसी स्टील पाइपलाइन परिवहन के लिए लाइसेंस प्राप्त भारत की पहली कंपनी

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के सबसे नवीन और अत्याधुनिक एकीकृत इस्पात संयंत्र एनएमडीसी स्टील लिमिटेड (एनएसएल) ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है तथा वह देश की पहली कंपनी बन गई है जिसे पाइपलाइन परिवहन प्रणालियों के लिए वेल्डेड स्टील पाइप हेतु हॉट रोल्ड स्टील स्ट्रिप, शीट और प्लेट्स - सामान्य अपेक्षाएं (आईएस 18384:2023) के लिए भारतीय मानक (आईएस) लाइसेंस प्राप्त हुआ है।

यह प्रमाणन बीआईएस, रायपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित विश्व मानक दिवस 2025 समारोह के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने प्रदान किया । यह पुरस्कार एनएमडीसी स्टील के मुख्य महाप्रबंधक (इस्पात) अमृत नारायण ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से प्राप्त किया। समारोह में दयाल दास बघेल, माननीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री, तथा एस.के. गुप्ता, निदेशक एवं प्रमुख, बीआईएस रायपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही।

यह प्रमाणन एनएमडीसी स्टील की गुणवत्ता, नवाचार और सतत विकास के लिए प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह एनएसएल के विश्वस्तरीय इस्पात उत्पादन करने के दृष्टिकोण को पुष्ट करता है जो पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र में सुरक्षा और निष्पादन के सबसे कठिन मानकों को पूरा करते हैं। ।

आईएस 18384:2023 प्रमाणन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस उद्योग में पाइपलाइन परिवहन प्रणालियों के लिए डिज़ाइन किए गए इस्पात उत्पादों में उत्कृष्टता के लिए एक महत्वपूर्ण मानक स्थापित करता है। यह एनएमडीसी स्टील के तकनीकी उन्नयन, उत्कृष्ट उत्पाद गुणवत्ता और सुस्थिर विनिर्माण प्रथाओं पर केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

इस उपलब्धि पर बोलते हुए अमिताभ मुखर्जी , अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक , एनएमडीसी स्टील ने कहा: हमें गर्व है कि भारत में सर्वप्रथम यह बीआईएस लाइसेंस हमें प्राप्त हुआ है। यह उत्कृष्टता के प्रति हमारे समर्पण और भारत के औद्योगिक मानकों और बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करने के लिए हमारे योगदान का प्रमाण है। एनएमडीसी स्टील लिमिटेड 3.0 एमटीपीए की क्षमता के साथ प्रचालन करता है और इस्पात क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

अमानक दवाओं पर सरकार गंभीर नहीं

- **दवा के नाम पर मिल रहा है ज़हर, एडवाइजरी जारी कर सोई सरकार**

रायपुर/नवप्रदेश। पूरे प्रदेश में अमानक दवाओं को लेकर सरकार के मौन पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि दवा के नाम पर ज़हर बेचे जा रहे हैं, नकली अमानक, गुणवत्ताहीन, फंगस लगे दवा का वितरण मरीजों को किया जा रहा है, इतने गंभीर विषय पर यह सरकार गंभीर नहीं है, अब तक न किसी की जिम्मेदारी तय की गई, न ही कोई कार्यवाही हुई। छोटे-छोटे बच्चों को जो कृमि की जो दवाइयां खिलाई गई हैं, जांच में अमानक पाया गया, डायरिया पीड़ित मरीजों को दी गई दवाओं में फंगस मिला, कई एंटीबायोटिक दवाओं से मरीजों को एलर्जी हो रही है, गर्भवती महिलाओं और माताओं को बांटी गई आयरन, सल्फेट और फोलिक एसिड की दवाएं गुणवत्ताहीन पाई गई। सरकारी अस्पतालों में फफूंद लगे ग्लूकोस बोतल चढ़ाने से मरीजों की तबियत खराब हो रही है। पेरासिटामोल से लेकर सर्जिकल ब्लेड तक, एल्बेंडाजोल से लेकर प्रेग्नेंसी कीट तक अमानक निकले। यह सरकार उन दवाओं के उपयोग को लेकर मात्र एडवाइजरी जारी करके अपने जिम्मेदारियों से मुक्त होना चाहती है। केवल अस्थायी रोक लगाने और एडवाइजरी जारी करने से व्यवस्था नहीं सुधर सकती, अमानक दवाओं के खरीदी की तत्काल जांच और ठोस कार्रवाई आवश्यक है।

कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय में राजभाषा पखवाड़ा का समापन

रायपुर/नवप्रदेश। कर्मचारी भविष्यम निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर में केन्द्र सरकार के निदेशानुसार राजभाषा हिन्दीष पखवाड़ा आयोजित किया गया। पखवाड़े के दौरान 05 प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें कार्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एंव इस संबंध में क्षेत्रीय भविष्यल निधि आयुक्त् द्वारा राजभाषा हिंदी में अधिक से अधिक कार्य किए जाने के संबंध में एक अपील भी जारी की गई। इस पखवाड़े का समापन समारोह 14अक्टू.को माता सुन्दरी स्कूल के हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें पखवाड़े में आयोजित साथ ही कार्यालय के कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारी अधिकारी एंव उनके परिवार के सदस्यों ने

भाग लिया इस अवसर पर शहर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार गिरिश उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे उन्होंने हिंदी को अपनाने एवं उसे बढ़ावा दिये जाने के संबंध में किए जा रहे वैश्विक प्रयास के संबंध में विस्तृअत जानकारी दी। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरिश पंकज एंव कार्यक्रम के अध्यरक्ष जयवदन इंगले, क्षेत्रीय भविष्यय निधि आयुक्त-1 एंव गौरव डोगरा, क्षेत्रीय भविष्यि निधि आयुक्त -।। द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया ।

महाराष्ट्र मंडल में दिवाली पहाट 19 को

रायपुर/ नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में सुगम व भक्तिमय संगीत का कार्यक्रम दिवाली पहाट रविवार, 19 अक्टूबर को सुबह छह बजे आयोजित किया गया है। पहली बार दिवाली पहाट का नामकरण 'स्वरदीप' किया गया है। महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठ सभासद चंद्रशेखर सुरावधनीवार 'स्वरदीप' के सूत्रधार हैं और वे इस संगीतमय कार्यक्रम को अपनी मां मनोरमा रघुनाथ सुरावधनीवार की स्मृति में आयोजित कर रहे हैं। संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी व कार्यक्रम के समन्वयक परितोष डोनगांवकर के अनुसार नचिकेत हरकरे, अंकिता फाटक हरकरे, कल्याणी देसाई और दीक्षा वराडपाण्डे रविवार को सुबह छह बजे सुगम और भक्तिमय गानों पर सुमधुर आवाज का जादू बिखेरेंगे।

चेंबर ने किया दीप वितरण, स्वदेशी और स्थानीय खरीदी को मिलेगा बढ़ावा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (चेंबर) ने दीपावली के पावन पर्व को ध्यान में रखते हुए, स्वदेशी वस्तुओं की मांग और महत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से आज जयस्तंभ चैक पर एक सफल दीप वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजनों को मिट्टी के दीयों के पैकेट निःशुल्क वितरित किए गए।

इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, सतीश थौरानी ने कहा, दीपावली खुशियों का पर्व है, और इन खुशियों को साझा करने का सबसे अच्छा तरीका है कि हम अपने स्थानीय कारीगरों और छोटे दुकानदारों को समर्थन दें। मिट्टी के ये दिए सिर्फ रोशनी नहीं हैं, बल्कि हमारे देश की मिट्टी और हस्तशिल्प की पहचान हैं। हमारा मानना है कि यह पहल दीपावली के शुभ अवसर पर स्थानीय दुकानदारों से सामानों की खरीदारी को प्रेरित कर, स्वदेशी वस्तुओं की मांग और महत्ता को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी।

चेंबर ने प्रदेश के नागरिकों से अपील की है कि वे इस दिवाली पर अधिक से अधिक स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों की खरीदारी करें ताकि स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो और पारंपरिक कारीगरों को उनका उचित सम्मान व संबल मिल सके।

जिले का वनग्राम बनेगा राजस्व गांव

धमतरी/ नवप्रदेश। धमतरी जिले का राजस्व निरीक्षक मंडल कुकरेल, तहसील कुकरेल का ग्राम खैरभर्री वन से घोषित राजस्व ग्राम है। कार्य एजेंसी आईआईटी रूढ़की द्वारा अंतिम प्रकाशन के लिए ग्राम खैरभर्री के 2 नक्शा शीट उपलब्ध कराया गया है। इस गांव का तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन जिला कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत में अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है।

साय सरकार ने 2 साल में 17 योजनाओं को बंद कर दिया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार के 2 साल में छत्तीसगढ़ की जनता को निराश किया है। साय सरकार की उपलब्धि को के नाम पर पिछली सरकार की योजनायें बंद करना मात्र है। साय सरकार ने जनता के हित में चलाई जाने वाली योजनओं को दुर्भावनापूर्ण बंद किया। बिजली बिल हाफ योजना

बंद कर दिया, राजीव मितान योजना, गोधन न्याय योजना, बेरोजगारी भत्ता, रीपा, मुख्यमंत्री कर्ज माफी, सिंचाई कर माफी, महिला समूहों की ऋण माफी, सीएम आदिवासी परब सम्मान निधि, सीएम छत्तीसगढ़ी परब सम्मान निधि, कोदो कुटकी रागी खरीदी, नरवा-गरवा-घुरवा बारी, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, मुख्यमंत्री महतारी दुलार, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन, धरसा विकास, शहरी गरीबों को पट्टा एवं आवास, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक, मुख्यमंत्री सुपोषण योजना को बंद किया।

स्टेनोग्राफर एवं टाईपिंग परीक्षा के लिए 30 तक लिए जायेंगे आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में शीघ्रलेखन (स्टेनोग्राफर) एवं मुद्रलेखन (टाईपिंग) कम्प्यूटर कौशल परीक्षा के लिए 30 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन किए जा सकते हैं। हिन्दी एवं अंग्रेजी स्टेनोग्राफी में 100 शब्द प्रति मिनट की गति एवं हिन्दी तथा अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन में 5 हजार, 8 हजार, 10 हजार की-डिप्रेशन प्रति घंटा की गति के लिए यह परीक्षाएँ आयोजित की जा रही हैं। इस संबंध में जरूरी जानकारी और आवेदन शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कौशल परीक्षा परिषद् की वेबसाईट https://c tsp. cg.nic.in/ पर उपलब्ध हैं। इस परीक्षा में 10वीं कक्षा पास और 16 वर्ष की आयु पूरी कर चुके अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। कौशल परीक्षा परिषद् से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऑनलाईन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों को अपनी सभी प्रविष्टियां भली भांति जांच समझकर एवं स्वयं संतुष्ट होने के बाद ही सम्मिट करना चाहिए।

तीरंदाजी के कंपाउंड राउंड में रायपुर की बालिकाओं ने जीता स्वर्ण पदक

- **वैश्विक स्तर पर स्वर्ण विजेता पैरा तीरंदाजी टोमन को 50 हजार की मदद**

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्य स्तरीय सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार की देर शाम को रायपुर में किया गया जहां कंपाउंड राउंड में तीरंदाजी रायपुर की बालिका खिलाडियों ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं रिकर्व में रायपुर साई सेंटर के दो बालक तीरंदाजों ने पदक अपने नाम किया। इसके अलावा इंडियन राउंड में खेलो इंडिया सेंटर शिवतराई और बहतराई तीरंदाजी अकादमी बिलासपुर के खिलाड़ी भी सफल हुए। पदक जीतने वाले खिलाडियों को हाल ही में विश्व पैरा चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के तीरंदाज टोमन साहू और हीरा ग्रुप के डायरेक्टर सिद्धार्थ अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रदेश संघ के सचिव आयुष मुरारका, नेशनल गेम्स की पदक

विजेता चांदनी साहू समेत प्रदेशभर के खिलाड़ी और कोच उपस्थित थे।

भारतीय तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका बताया कि इसमें 22 जिले 220 तीरंदाज और प्रशिक्षकों ने हिस्सा लिया था। अतिथि के रूप में शामिल वैश्विक स्तर पर स्वर्ण विजेता पैरा तीरंदाजी टोमन कुमार को छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आर्थिक मदद प्रदान की गई। टोमन को संघ की ओर से 50 हजार रुपए नकद का चेक, शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

इंडियन राउंड बालकः प्रथम विक्रम राज शिवतराई, द्वितीय तोरण साई रायपुर, तृतीय प्रियांशु शिवतराई, चर्तुथ-योगेश कुमार शिवतराई।

रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर सिरपुर में हुआ संपन्न

महासमुंद/नवप्रदेश। ऐतिहासिक नगरी सिरपुर में महानदी के किनारे तीन दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 अक्टूबर को शुभारंभ हुआ। शुभारम्भ अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत भीखम सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सृष्टि अमर चंद्राकर शामिल हुए।

न्यूज गैलरी

दिसंबर तिमाही में पांच फीसदी घट सकता है भारत से निर्यात

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के निर्यात में करीब तीन फीसदी की गिरावट आई थी, जबकि 2024-25 में यह लगभग स्थिर रहा। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-अगस्त अवधि में भारत से निर्यात में 2.3 फीसदी की मामूली वृद्धि दर्ज की गई। इस दौरान अमेरिका को 18 फीसदी ज्यादा निर्यात किया गया।अमेरिका के 50 फीसदी उच्च टैरिफ के कारण चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में भारत के वस्तु निर्यात में भारी गिरावट आ सकती है। इस नुकसान से बचने के लिए भारत को निकट भविष्य में वैकल्पिक बाजारों की तलाश करनी होगी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक अनिश्चितता और अन्य बाहरी चुनौतियों के कारण भारत निर्यात के मोर्चे पर दो वर्षों से दबाव झेल रहा है। ट्रंप सरकार के शटडाउन से स्थिति और गंभीर हो सकती है, क्योंकि अमेरिका भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है। अगर भारत निकट भविष्य में वैकल्पिक बाजार नहीं तलाशता है, तो उसके निर्यात में दिसंबर तिमाही में पांच फीसदी की गिरावट आ सकती है, जो 103.3 अरब डॉलर के बराबर होगी।

आईएमएफ से पाकिस्तान को बड़ी राहत, 1.2 अरब डॉलर की फंडिंग पर बनी सहमति

नई दिल्ली। आईएमएफ और पाकिस्तान के बीच कर्ज कार्यक्रम को लेकर स्टाफ-लेवल एग्रीमेंट (स्रू) हो गया है, जिससे पाकिस्तान को 1.2 अरब डॉलर की नई किस्त मिलने का रास्ता खुल गया है। पिछले हफ्ते आईवा पेत्रोवा के नेतृत्व में आईएमएफ के एक मिशन ने पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ बातचीत पूरी की थी। पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बीच बुधवार को कर्ज कार्यक्रम को लेकर स्टाफ-लेवल समझौता हो गया है।

रिकॉर्ड के लिए, वित्त वर्ष 2027 के मुद्रास्फीति के आंकड़े फिलहाल 3.7 प्रतिशत पर निर्णायक रूप से कम हैं

अगले महीने मुद्रास्फीति 0.45 प्रतिशत के आसपास रहने की संभावना : एसबीआई

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत में मुद्रास्फीति का आंकड़ा अगले महीने लगभग 0.45 प्रतिशत रहने की संभावना है, जो कि निर्णायक कार्रवाई के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजारों के अलग-अलग वर्गों और आम लोगों की सामूहिक आवाज होने के नाते हमारा मानना है कि आरबीआई एमपीसी भी इस खास समय में बदलते रुख की ओर ध्यान देगा। एसबीआई के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष ने कहा कि रिकॉर्ड के लिए, वित्त वर्ष 2027 के मुद्रास्फीति के आंकड़े फिलहाल 3.7 प्रतिशत पर निर्णायक रूप से कम हैं। घोष ने कहा, मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण के अपने प्राथमिक दायित्व के साथ, आरबीआई अगर बाजार के शोरगुल पर ही केंद्रित रहता है, यहां तक जब मुद्रास्फीति में गिरावट बहुत स्पष्ट रूप से दिखाई देने की स्थिति में भी तो केंद्रीय बैंक के लक्ष्य से चूकने का जोखिम है।खाद्य और पेय पदार्थों की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण सितंबर में भारत की सीपीआई मुद्रास्फीति 99 महीने के निचले स्तर 1.54 प्रतिशत पर आ गई।ध्यान देने योग्य बात यह है कि अक्टूबर से मुद्रास्फीति में गिरावट खाद्य समूह के कारण हुई है, क्योंकि अक्टूबर 2024 और सितंबर 2025 के बीच इसका योगदान एक बड़े सकारात्मक से घटकर नकारात्मक हो गया।एसबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2026 के लिए औसत सीपीआई मुद्रास्फीति अब 2.2 प्रतिशत रहेगी, जो आरबीआई के 2.6 प्रतिशत के अनुमान से काफी कम है। वस्तुओं के हिसाब से, सब्जियों की कीमतें नकारात्मक दायरे में बनी रहीं, जबकि दालों की कीमतों में गिरावट जारी रही और मसालों में भी सितंबर 2025 में गिरावट देखी गई। इसके अलावा, सितंबर 2025 तक लगातार 11 महीनों तक खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट, जो वर्तमान सीपीआई सीरीज में पहली बार हुई, परिमाण और अवधि दोनों के संदर्भ में सबसे बड़ी थी।रिपोर्ट के अनुसार, मुख्य रूप से चावल, मक्का, उड़द और गन्ने की खरीफ बुवाई में वृद्धि से उत्पादों की कीमत आने वाले महीनों में कम बनी रहेंगी, हालांकि मानसून के बाद की अवधि में हुई अधिक वर्षा के कारण कुछ व्यवधान आ सकते हैं। विभिन्न क्षेत्रों में मुद्रास्फीति के रुझान की बात करें तो शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अक्टूबर से लगातार गिरावट देखी जा रही है।

इंस्टाग्राम की मूल कंपनी, मेटा ने ग्लोबल अनाउंसमेंट की

इंस्टाग्राम पर टीनएजर्स का नहीं होगा पूरा कंट्रोल, लगाई गई पाबंदियां

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लागू होने से सिर्फ दो महीने पहले, इंस्टाग्राम ने बड़ा फैसला लिया है। फोटो शेयरिंग ऐप ने किशोरों के लिए उपलब्ध कंटेंट में बदलाव किया है और युवाओं के अकाउंट पर पेरेंटल कंट्रोल को सख्ती से लागू कर दिया है। इंस्टाग्राम की मूल कंपनी, मेटा ने ग्लोबल अनाउंसमेंट की।

कहा कि 13 से 18 साल के बच्चों के लिए उपलब्ध सामग्री अमेरिका की पीजी (पेरेंटल गाइडेंस)-13 रेटिंग के बराबर होगी, जिससे किशोरों के अकाउंट में हिंसक या वयस्क सामग्री सीमित हो जाएगी। कंपनी किशोरों के साथ अपने एआई इंटरैक्शन को पीजी-13 अनुभव में भी बदलेगी, क्योंकि सोशल मीडिया कंपनी के चैटबॉट्स के लिए दिशानिर्देशों में चैटबॉट को बच्चों को रोमांटिक या अश्लील बातचीत में शामिल करने की अनुमति देने की खबरों पर तीखी प्रतिक्रिया हुई है।

किशोर अब उन अकाउंट्स को भी फॉलो नहीं कर पाएंगे जिन्हें उम्र के हिसाब से अनुचित सामग्री शेयर करने वाला माना जाता है, जैसे कि वे अकाउंट जिन्होंने अपने बायो में ओनली फैंस अकाउंट्स को लिंक किया है। जो किशोर पहले से ही इन अकाउंट्स को फॉलो कर रहे हैं, वे उस सामग्री को देख या उससे इंटरैक्ट नहीं कर पाएंगे, डीएम नहीं भेज पाएंगे या टिप्पणियां नहीं देख पाएंगे। नियम में बदलाव से प्रभावित होने वाले अकाउंट्स को सूचित किया जाएगा कि किशोर अब उनके अकाउंट को फॉलो नहीं कर पाएंगे। ब्लॉक किए गए सर्च टर्म्स को शराब या खून-खराबे जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला तक विस्तारित किया जाएगा।

द गार्जियन के मुताबिक इंस्टाग्राम की सार्वजनिक नीति की वैश्विक निदेशक, तारा हॉपकिंस ने कहा कि इन बदलावों के तहत गे या ट्रांस जैसे एलजीबीटीक्यू शब्दों को ब्लॉक नहीं किया जाएगा। माता-पिता किशोरों को पोस्ट के नीचे टिप्पणियां देखने, छोड़ने या प्राप्त करने से रोकने के लिए एक सख्त सेटिंग का उपयोग कर पाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में 5 बड़ी भारतीय पारियां, रोहित शर्मा शीर्ष पर

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम 3 वनडे और 5 टी20 मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली है। पहले वनडे सीरीज खेली जाएगी। वनडे सीरीज के तीन मैच 19, 23 और 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच हमेशा संघर्षपूर्ण पूर्ण और रोमांचक होते रहे हैं। कई भारतीय बल्लेबाजों ने अपने जीवन की श्रेष्ठ पारियां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली हैं। मौजूदा टीम में रोहित, विराट और गिल जैसे खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। आइए जानते हैं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किन पांच भारतीय बल्लेबाजों ने वनडे में बड़ी पारियां खेली है। रोहित शर्मा का पहला एकदिवसीय दोहरा शतक नवंबर 2013 में बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आया था।

बतौर टीम हम बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं : रवींद्र जडेजा

नई दिल्ली।भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए दूसरे टेस्ट को जीतकर सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप किया।

इस सीरीज में शतकीय पारी खेलने के अलावा, कुल 8 विकेट हासिल करने वाले रवींद्र जडेजा को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया, जबकि दिल्ली टेस्ट में 8 विकेट लेने वाले कुलदीप यादव प्लेयर ऑफ द मैच रहे। प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने जाने पर रवींद्र जडेजा ने कहा, बतौर टीम हम बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हम जानते हैं कि पिछले पांच-छह महीनों में हमने किस तरह का क्रिकेट खेला है। एक टीम के तौर पर यह अच्छा संकेत है कि हम लंबे समय तक ऐसा करते रहेंगे। अपने बल्लेबाजी क्रम को लेकर जडेजा ने बताया, जैसा कि गौतम गंभीर ने कहा, मैं अब बल्लेबाज के तौर पर छठे नंबर पर हूं।

मोनालिसा ने बिजुरिया गाने पर साड़ी में डांस करते हुए वीडियो किया शेयर

भोजपुरी अभिनेत्री मोनालिसा अपनी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह चबिजुरियाज गाने पर साड़ी पहनकर डांस करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, थोड़ा डांसिंग मूड में, शॉट्स के बीच में और आखिर में इस गाने पर साड़ी में डांस करना। मोनालिसा का यह अंदाज फैंस को खूब पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन में तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।चबिजुरियाज गाना इन दिनों सोशल मीडिया पर जबरदस्त ट्रेंड कर रहा है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनिता साहू पति भरोसा साहू निवासी ग्राम मोहभट्ठा तहसील बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम देवकर तहसील देवकर स्थित भूमि ख.नं. 1941/3 रकबा 0.01 हेक्ट. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने बी-1, नक्शा-खसरा, मय आवेदन पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 27/10/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भीषम यादव पिता भैयाराम यादव निवासी ग्राम गाड़ाडीह प.ह.नं. 09 तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 770/3 रकबा 0.02 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर दावा हो तो दिनांक 17/10/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202504080100018/ अ-2 वर्ष 2024-25 ग्राम-तरेगांव जंगल

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम तरेगांव जंगल को सूचित किया जाता है कि आवेदक /आवेदिका के द्वारा काम्पलेक्स निर्माण के लिए व्यवसायिक प्रयोजन हेतु अपने भूमि स्वामी हक के निजी कृषि भूमि को व्यपवर्तन किए जाने हेतु छ.ग.भू. राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 आवेदन पत्र किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. आवेदक का नाम श्री अनवर खान पिता का नाम श्रीसबीउद्दीन जाति मोमिन ग्राम का नाम तरेगांव जं. खसरा नं. 307/29, 307/33 कुल रकबा 0.026 हे. लगान 0 रु., प.ह.नं. 04।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 21.10.2025 को प्रातः 11.000 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 07.10.2025
पेशी दिनांक 21.10.2025

(सागर सिंह)
सील **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रदीप पटेल पिता हेमकुमार निवासी ग्राम सुवरतला तहसील साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम सुवरतला प.ह.नं. 13 तहसील साजा स्थित भूमि ख.नं. 474/1 रकबा 0.28 हेक्ट. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने बी-1, नक्शा-खसरा मय आवेदन पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 18/10/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सजल सोनेकर (SAJAL SONEKAR) पिता श्री अविनाश सोनेकर निवासी HIG-2, Sec.-4, D.D.U. Nagar Raipur C.G.।

यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सजल भट्टाचार्याजी (SAJAL BHATTACHARJEE) पति पामीर भट्टाचार्याजी (PAMEER BHATTACHARJEE) रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज में मेरे नये नाम सजल भट्टाचार्याजी (SAJAL BHATTACHARJEE) पति पामीर भट्टाचार्याजी (PAMEER BHATTACHARJEE) से ही जाना व पहचाना जावे।

शपथकर्ती
सजल भट्टाचार्याजी
HIG-2, Sec.-4, D.D.U. Nagar Raipur C.G.

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संभाग–महासमुंद
निविदा आमंत्रण सूचना

विज्ञापन क्रमांक– 88

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संभाग महासमुंद अंतर्गत निक्षेप कार्य के तहत् जिला–महासमुंद में ड्राईविंग एवं यातायात अनुसंधान संस्थान हेतु ई–ट्रैक तथा कार्यालय भवन का निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग–महासमुंद के मोबाईल नं. 9993233629 पर संपर्क करें।

S-45630/3 कार्यपालन अभियंता

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) साजा, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गजेन्द्र साहू पिता राजेन्द्र साहू निवासी ग्राम अकलवारा तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की ग्राम देवकर तहसील देवकर स्थित भूमि ख.नं. 1941/4 रकबा 0.01 हेक्टे. भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने बी-1, नक्शा खसरा मय आवेदन पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 27/10/2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)**

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र–1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी वीरसावरकर नगर हीरापुर, रायपुर में निर्मित सी.एच. योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. सी.एच.-475 में श्री तजेन्द्र यादव पिता श्री नारायण लाल यादव को आबंटित/नामांतरित किया गया है। मूल आबंटी/ नामांतरी द्वारा दिनांक 10.03.2005 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी/नामांतरी की मृत्यु दिनांक 08/11/2023 को हो जाने के कारण वारिस/नामिनी श्री तुषार यादव पिता स्व. तजेन्द्र यादव द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र,वारिसों (श्रीमती कल्पना यादव पति स्व. तजेन्द्र यादव) की सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड श्री तुषार यादव पिता स्व. तजेन्द्र यादव के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय /वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जाएगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01,
कबीर नगर, रायपुर

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) GSTN-22AADCC5773E1ZX CIN-U40108CT2003SGC015820
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (LINE)
Block-4, Near CSPTCL Dispensary, Dagania, Raipur (C.G.)
Website: www.cspc.co.in E-Mail- ce.eht@cspc.co.in Phone no. 0771 – 2574221, 2574028 Fax No.2574222

ED/LINE/Works/EE-I/TR-1143 &TR-1144/1660 Raipur, Date:15.10.2025

NOTICE INVITING TENDER

Sealed tenders are invited for following EHV works on labour contract basis as detailed hereunder:

TR No	Name of work	EMD (Rs)	Cost of tender form (Rs) (Incl. GST)	Date of opening
TR-1143 RFX No. 8100046816	Single coat Red Oxide and single coat Aluminium painting work of towers of 132 KV& 220 KV lines under EE (EHT: Maint.) Dn.Jagdalpur	22,000/-	2,000/-	11.11.2025
TR-1144 RFX No. 8100046742	Construction of LILO of 132 KV Kanker- Kondagaon line at proposed 132/33 KV Substation Keshkal (RL-01 KM) and 2nd circuiting of 132 KV Parchanpal - -Jagdalpur line (RL-7.131 KM)	42,120/-	5,000/-	12.11.2025

For all other details of NIT and term & condition, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl/tendernotices.

SAVE ELECTRICITY S-45633/3 EXECUTIVE DIRECTOR (LINE) CSPTCL, Raipur

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर
जोन क्रमाक 09
मोवा थाना के पीछे स्थित सामुदायिक भवन

क्र/783/न.पा.नि/जोन क्र. 09/2025 रायपुर, दिनांक 16/10/2025

।। प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 में निम्न कार्य हेतु सीलबद निविदा नियमानुसार तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 06.11.2025 को संध्या 5.30 तक निविदायें रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09, में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए दिनांक 29.10.2025 को संध्या 5.00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर सकेंगे। दिनांक 31.10.2025 को संध्या 5.00 बजे तक निविदा प्रपत्र जारी होगें। प्राप्त निविदायें अगले कार्यदिवस को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	मद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (रूपये लाख में)	अमानती राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार की श्रेणी	एसओआर दर
1	संधारण मद	जोन क्रमांक-09 अंतर्गत विभिन्न स्थानों में मुरूम फीलिंग कार्य	3.85	4000.00	750.00	A	02 माह	ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर	लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित
2	पार्षद निधि	कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड क्रमांक-7 अंतर्गत दलदलसिवनी पानी टंकी के पास सार्वजनिक भवन का संधारण एवं भवन में नयी सुविधाओं का व्यवस्था कार्य	3.00	3000.00	750.00	A	04 माह	ई रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर	लोक निर्माण विभाग के भवन एसओआर दिनाक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित

नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्रमांक 9 में निम्न कार्य हेतु सीलंबद निविदा नियमानुसार तीन लिफाफा पद्धति से दिनांक 06.11.2025 को संध्या 5.30 तक निविदायें रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09 में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए दिनांक 29.10.2025 को संध्या 5.00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर सकेगें। दिनांक 31.10.2025 को संध्या 5.00 बजे तक निविदा प्रपत्र जारी होगें। प्राप्त निविदायें अगले कार्यदिवस को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी।

क्र.	मद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (रूपये लाख में)	अमानती राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार श्रेणी
3	सामान्य मद	जोन क्रमांक-9 अंतर्गत वर्किंग वूमेन हास्टल से 03 सिक्योरिटी गार्ड (अकुशल श्रमिक) प्लेसमेंट में रखे जाने हेतु	467712.00	5000.00	750.00	B	12 माह	श्रम आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत प्रमाण पत्र, ई.पी.एफ. कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत

नोट -1 कार्य से सबंधित जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 09, से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है।
2 नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा उपरोक्त कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत से तीन लिफाफा पद्धति जमा करना है।
3 लिफाफा (अ) में अमानती राशि का एफ.डी.आर. व शपथ पत्र एवं चाही गई समस्त दस्तावेज।
4 लिफाफा (ब) में निविदा प्रपत्र भरकर सीलबंद करना होगा।
5 (अ) + (ब) एक अन्य तीसरे लिफाफे (स) में भरकर ही स्पीड पोस्ट के द्वारा प्राप्त किया जावेगा।
6 सर्वप्रथम लिफाफा (स) खोलने के पश्चात् लिफाफा (अ) खोला जायेगा, जिसमें अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं अन्य चाही गई दस्तावेज होने पर ही निविदा प्रपत्र की लिफाफा (ब) खोली जावेगी तथा लिफाफे में 'अ' 'ब' एवं 'स' अंकित होना अनिवार्य है।
7 निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में कार्यवाही किया जावेगा।
8 सक्षम श्रेणी का ई-रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति, कार्य की राशि का 15 प्रतिशत बैंक साल्वेंशी, अंतिम 03 वर्ष का आई.टी.आर, पेनकार्ड, जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन, जी.एस.टी. रिटर्न (अंतिम तीन माह), अमानती राशि का एफ.डी.आर. एवं शपथपत्र (रु. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टांप पेपर के साथ) प्रेषित करना अनिवार्य होगा एवं कार्य क्रमांक-3 हेतु श्रम आयुक्त कार्यालय में सक्षम श्रेणी में पंजीयन की छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
9 03 वर्ष के आयकर की बाध्यता नये फर्मो के लिए बंधनकारी नहीं होगी। तीन लिफाफा पद्धति में लिफाफा नहीं देने पर निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। ठेकेदारों को फार्म में दिये गये शर्त अनुसार कार्य किया जाना अनिवार्य होगा।
10 किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर निगम, रायपुर के पास सुरक्षित है।
11 ठेकेदारों को फार्म में दिये गये शर्तों के अनुसार कार्य किया जाना अनिवार्य होगा।
12 एस.ओ.आर. दर से 10 प्रतिशत से कम दर प्राप्त होने पर अंतर की राशि पृथक से अमानती राशि एफ.डी.आर. के रूप में इकरारनामा के पूर्व जमा करना होगा।
13 शासकीय अवकाश या आकस्मिक अवकाश की स्थिति में तिथि एवं समय में परिवर्तन का अधिकार जोन आयुक्त के पास सुरक्षित होगा।
14 कार्यालय द्वारा निर्धारित नियम व शर्तें प्राक्कलन एवं स्थल का अवलोकन निविदा हेतु प्रेषित करने के पूर्व कर लिया जावे जिससे अंतिम समय में कोई विवाद न हो।
15 स्थल विवाद की स्थिति में जोन आयुक्त/आयुक्त महोदय द्वारा कार्यादेश निरस्त किए जाने की स्थिति में किसी प्रकार कर क्षतिपूर्ति राशि देय नहीं होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-09
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
Phone-07722-236704, (Office) E-mail-ee-res.dhamtari@nic.in

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना कं. 09

कमांक /09 / निविदा/ग्रा.यां.से./25-26 धमतरी, दिनांक 15/10/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिले में स्वीकृत प्रधानमंत्री जनमन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य प्रत्येक की राशि रू. 11.35 लाख निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निर्माण कार्य स्थल का विवरण निम्नानुसार है -

स.क्रं.	कार्य स्थल का नाम
1	2
1.	प्रधानमंत्री जनमन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य ग्राम- मांझीपारा मेचका, लिलांज नवागांव, आमापारा सियारीनाला, कोरमुड़, विकासखण्ड-नगरी, जिला-धमतरी

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ऑनलाईन पोर्टल http://cg.nic.in/resworks एवं http://cg.nic.in/resworks/Tender_test_report.aspx में दिनांक ऑनलाईन एवं मैनुअल दिनांक 22.10.2025 समय शाम 5:30 बजे से देखी / डाउनलोड की जा सकती है, निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 04.11.2025 को शाम 5:30 तक है एवं निविदा दिनांक 06.11.2025 को सुबह 11:30 बजे खोली जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग धमतरी
जिला-धमतरी (छ.ग.)

जी- 252604237/2

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) CIN – U40108CT2003SGC015820
कार्यालय कार्यपालन यंत्री, अ.उ.दा (संधा.)संभाग,पता: छ.ग.स्टेट पॉवर ट्रांस.कं.लिमि.,भिलाई
वेबसाईट :- www.cspc.co.in ई–मेल eehtcomt.bhilai@cspc.co.in टेलीफोन नं :- टेलीफोन/फैक्स नं.:- 0788.2281729

क्रमांक:52–3200/निविदा–वाहन/694 भिलाई, दिनांक :16/10/2025

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

'जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध हेतु'

सहायक यंत्री, अति उच्च दाब (संधा.) उपसंभाग छ.ग.स्टेट.पा.ट्रां.कं.लिमि. भिलाई के कार्यालयीन कार्यो के लिए वाहन चालक सहित 01 नग जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन(टाटा सुमो,एस.यू.वी.) के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (तीन वर्ष) हेतु पंजीकृत/उपयुक्त ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

क्र	वाहन का प्रकार	अवधि	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय	कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	कोटेशन खुलने की तिथि एवं समय
01	सहायक यंत्री अति उच्च दाब (संधा.) उपसंभाग, छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रां.कं.लिमि.भिलाई के लिए वाहन चालक सहित 01 नग जीप श्रेणी अथवा समकक्ष वाहन के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध (एस.यू.वी.वाहन)	तीन वर्ष	06.11.25 03.00 बजे	07.11.25 03.00 बजे	07.11.25 03.30 बजे
02.	निविदा प्रपत्र की लागत रू. 2000/– (GST सहित) (वापसी योग्य नहीं)				
03.	अमानत राशि रू. 23000/–DD के रूप में RAO,CSPTCL, Raipur के नाम से स्वीकार किया जावेगा।				

निविदा प्रपत्र कार्यालय से क्रय किया जा सकता है। उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत, विज्ञप्ति समयावधि विस्तार संबंधित जानकारी व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http://cspc.co.in से डाउनलोड की जा सकती है।(नोट:– आवश्यकतानुसार तिथि व समय परिवर्तीत की जा सकती है।) S-45629/3

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें

कार्यपालन यंत्री
अति उच्च दाब(संधा.) संभाग छ.ग.स्टे.पॉ.ट्रान्स.कं.लिमि. भिलाई

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com